


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 339 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.3 2081 रविवार, 2 मार्च-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## मेदक में 2 लोग नदी में डूबे

मेदक, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एडुपयाला की तीर्थयात्रा उस समय दुखद हो गई जब हैदराबाद के दो श्रद्धालु मेदक जिले के पोथमसेट्टीपल्ली में मंजीरा नदी में डूब गए। वे हैदराबाद के इंदिरा नगर के रहने वाले कृष्णा (20) और शमा (12) थे। पुलिस के अनुसार, दोनों अपने दोस्तों के साथ श्री वनदुर्गा भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। अपनी यात्रा के दौरान, वे तैरने के लिए नदी में उतरे। उनमें से दो डूब गए, जबकि स्थानीय लोगों ने उनके दो दोस्तों को बचा लिया। शवों को पानी से निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए मेडक के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया।

# लुटियन जमात, खान मार्केट गैंग से हैरान हूं : मोदी

### >> शादी में 10 से ज्यादा लोग नाचें तो दूल्हे समेत गिरफ्तारी, ऐसे कानून हमने हटाए <<

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अंग्रेजों के बनाए एक कानून पर दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाले लोग क्यों खामोश रहे। अंग्रेजों का बनाया ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। पीएम ने ये बातें एनएक्सटी के एक कार्यक्रम में कहीं।



मोदी ने कहा कि एक कानून था- ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट। ये कानून अंग्रेजों ने 150 साल पहले बनाया था। अंग्रेज चाहते थे कि थिएटर और ड्रामे का इस्तेमाल उनके खिलाफ न हो। इस कानून में प्रावधान था कि सार्वजनिक जगह पर 10 लोग डांस करते मिल जाएं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

देश के आजाद होने के 75 साल तक यह कानून चलता रहा। यानी शादी के दौरान 10 लोग डांस कर रहे हों, तो पुलिस उन्हें अरेस्ट कर सकती थी। ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। 70 साल तक हमने कानून झेला। मुझे उस समय की सरकारों के बारे में कुछ नहीं कहना, लेकिन मुझे लुटियंस जमात और खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य होता है। ये लोग 75 साल तक ऐसे कानून पर चुप क्यों थे। ये लोग जो आए दिन कोर्ट जाते रहते हैं, पीआईएल (जनहित याचिका) के ठेकेदार बने फिरते हैं, वे क्यों चुप थे? तब इन्हें लोगों की स्वतंत्रता का ध्यान नहीं रहता था।

**पहले बांस काटने पर जेल में डाल देते थे :**

पहले बांस काटने पर जेल हो जाती थी। हमारे देश में ऐसा कानून था, जिसमें बांस को पेड़ माना जाता था। पहले की सरकारें ये समझने में नाकाम रहीं कि बांस, पेड़ नहीं होता। हमारी सरकार ने इस कानून को खत्म किया।

**प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न, दुनिया दंग रह गई**

26 फरवरी को प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न हुआ। दुनिया हैरान है कि आखिर करोड़ों लोग एक अस्थायी शहर में सिर्फ पवित्र स्नान के लिए कैसे आ सकते हैं? भारत के आयोजन और नवाचार कौशल को पूरी दुनिया देख रही है और इसे विस्तार से जानना चाहती है।

**एआई और जी-20 समिट में भारत का दबदबा :**

पीएम मोदी ने अपनी हालिया फ्रांस यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि भारत अब दुनिया के बड़े समिट्स की अगुआई कर रहा है। मुझे फ्रांस में एआई समिट में शामिल होने का मौका मिला। भारत इस समिट का को-होस्ट था। अब जल्द ही भारत इसे आयोजित करेगा। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता करते हुए इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईईसी) का खाका पेश किया। साथ ही अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का सदस्य बनाकर ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की।

**भारत दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी एक्सपोर्टर बना :**

भारत दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी का एक्सपोर्टर बन गया है। दशकों तक दुनिया भारत को अपना बैक ऑफिस करती है, लेकिन आज भारत न्यू फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा है। भारत सिर्फ वर्कफोर्स नहीं, वर्ल्ड फोर्स है।

**एआई से हेल्थ, एजुकेशन और एग्रीकल्चर में होगा बदलाव :**

पीएम मोदी ने कहा कि एआई आने वाले समय में करोड़ों लोगों की जिंदगी बदल सकता है। एआई के जरिए हेल्थ, एजुकेशन और एग्रीकल्चर में जबर्दस्त सुधार लाया जा सकता है।

# मणिपुर में 21 महीने बाद स्थिति सामान्य होने के आसार : शाह

### 8 मार्च से लोग कहीं भी आ-जा सकेंगे, 10 दिन में 300 हथियार सरेंडर

इंफाल, 1 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर में 21 महीनों बाद स्थिति सामान्य होने के आसार हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य के हालात पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है।



वहीं, अलग-अलग समुदायों ने 20 फरवरी से अब-तक 300 से ज्यादा हथियार सरेंडर किए हैं। राज्यपाल ने 20 फरवरी को अनुरोध किया था कि हिंसा में लूटे गए हथियार सरेंडर कर दें। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।

**हथियार सरेंडर करने की समय सीमा एक हफ्ते और बढ़ी :**

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने उग्रवादियों से हथियार सरेंडर करने की समय सीमा 6 मार्च शाम 4 बजे तक बढ़ा दी। हिंसा के दौरान लूटे गए 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर कर रहे हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। इनमें मैतेई ग्रुप अरम्बाई टेंगोल के सरेंडर किए गए 246 हथियार शामिल हैं।

**मैतेई समुदाय के धार्मिक स्थल पर गोलीबारी, कोई घायल नहीं :**

28 फरवरी को अज्ञात उग्रवादियों ने इंफाल पूर्वी जिले में मैतेई समुदाय के धार्मिक स्थल पर आसपास की पहाड़ियों से गोलीबारी की। यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई, जब भारी सुरक्षा घेरे में श्रद्धालुओं का एक समूह मैतेई लोगों के पवित्र स्थल कोंगबा मारू में प्रार्थना करने गया था। अधिकारियों ने बताया कि आसपास की पहाड़ियों से कुल सात राउंड गोलियां चलाई गईं, लेकिन इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

## दिल्ली में 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लागू कर सकती है सरकार

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली में बीजेपी सरकार 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लागू कर सकती है। इसके तहत महिलाओं को हर महीने उनके खाते में 2500 रुपये दिए जाने हैं। दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले अपने संकल्प पत्र में इसका जिक्र किया था। पीएम मोदी ने भी चुनाव सभाओं में कहा था कि 8 मार्च को महिला सम्मान योजना की पहली किस्त दिल्ली की महिलाओं के खाते में आ जाएगी। अब पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी इसे 8 मार्च को लागू कर सकती है।

खबर है कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सरकार योजनाओं की घोषणा करने और संबंधित डिटेल की जानकारी के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। इसके अलावा पार्टी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 5000 महिलाओं की मौजूदगी में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा सकता है।

## अदालतों के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों के अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर फैसला सुनाने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला पलट दिया, जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को एक व्यक्ति को गलत तरीके से हिरासत में रखने के लिए पांच लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि मुआवजा देने का आदेश कानूनी अधिकार के बिना लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**क्या है मामला :**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मान सिंह वर्मा और अमन सिंह नामक व्यक्तियों के पास से 1280 ग्राम संदिग्ध पाउडर बरामद किया था।

इस संदिग्ध पाउडर को कथित तौर पर हेरोइन बताया गया। एनसीबी ने इस मामले में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद संदिग्ध पाउडर को जिसे हेरोइन बताया जा रहा था, उसे जांच के लिए भेजा गया। 30 जनवरी 2023 को लेबोरेट्री ने अपनी रिपोर्ट में संदिग्ध पाउडर के हेरोइन होने से इनकार कर दिया। इसके बाद एनसीबी ने पाउडर को और जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित सीएफएसएल लेबोरेट्री भेजा, लेकिन वहां से भी रिपोर्ट निगेटिव आई।

इसके बाद एनसीपी ने क्लोजर रिपोर्ट लगाकर मामला बंद कर दिया और आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया। इस बीच एक आरोपी ने जमानत के लिए उच्च न्यायालय में अपील की थी।

## कानून मंत्रालय की दो टूक- बैलेट पेपर पर विचार संसदीय समिति के क्षेत्राधिकार में नहीं

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। एक देश एक चुनाव का मुद्दा बीते कुछ हफ्ते से लगातार सुर्खियों में है। ताजा घटनाक्रम में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की संभावनाओं पर विचार को लेकर अहम बयान दिया है। सरकार ने साफ किया है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की संभावनाओं पर विचार संसदीय समिति के क्षेत्राधिकार में नहीं है।

**कुछ जेपीसी सदस्यों के सुझाव पर कानून मंत्रालय ने दिया लिखित जवाब**

बता दें कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में विचार के दौरान कुछ सदस्यों ने मतपत्रों से चुनाव की प्रणाली पर लौटने का सुझाव दिया था। कानून मंत्रालय को इस बिंदु पर लिखित जवाब देना था। इसी पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के विभाग ने स्पष्ट किया कि बैलेट पेपर पर वापस लौटने का मामला जेपीसी के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# उत्तराखंड एवलांच- 50 मजदूर निकाले गए, इनमें 4 की मौत

### 5 की तलाश जारी, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 6 राज्यों के 55 लोग फंसे थे

चमोली, 1 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड के चमोली एवलांच में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। इससे पहले शुक्रवार को 33 लोगों को बचाया गया था। इनमें गंभीर रूप से घायल 4 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। 5 मजदूर अब भी लापता है।



हादसा चमोली के माणा गांव के नजदीक 28 फरवरी की सुबह 7:15 बजे हुआ। मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के 55 मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए। रेस्क्यू में सेना के 4 हेलिकॉप्टर के अलावा आईटीबीपी, बीआरओ, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के 200 से ज्यादा जवान लगे हुए हैं।

**फंसे मजदूरों में सबसे ज्यादा बिहार और उत्तर प्रदेश के :**

फंसे 55 मजदूरों में बिहार के 11, उत्तर प्रदेश के 11, उत्तराखंड के 11, हिमाचल प्रदेश के 7, जम्मू-कश्मीर के 1 और पंजाब के 1 मजदूर शामिल हैं। 13 मजदूरों का पता और मोबाइल नंबर नहीं है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह घटनास्थल का दौरा किया और मजदूरों से मुलाकात की। इससे पहले सीएम से प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत की और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया।

**घायलों को सिर में गंभीर चोटें**

आईटीबीपी कमांडेंट विजय कुमार पी ने कहा कि जिन मजदूरों की हालत गंभीर रही, उन्हें गंभीर हेड इंजरी थी। 25 से ज्यादा घायलों का जोशीमठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**4 लोगों की हालत गंभीर :**

शुक्रवार को रेस्क्यू किए गए सभी मजदूरों को माणा गांव में आईटीबीपी कैंप लाया गया है। यहां उनका इलाज चल रही है। 4 लोगों की हालत गंभीर है। हादसे को लेकर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक की। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घटना को लेकर उत्तराखंड के सीएम, सेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ के अधिकारियों से बातचीत की।

**सफोकेशन और हाइपोथर्मिया फ्रैक्चर की संभावना :**

बड़ा सवाल यह है कि बर्फ में दबे मजदूर कितनी देर तक जिंदा रह सकते हैं। चीफ कंसलटेंट सर्जन राजीव शर्मा ने बताया कि बर्फ में दबे होने से सफोकेशन के कारण मौत होती है। हाइपोथर्मिया फ्रैक्चर भी मौत का कारण बनता है। ज्यादा देर तक बर्फ में दबे रहने से जान जा सकती है।

## केमिकल फैक्ट्री में आग, 10 किमी दूर से दिखा धुआं

**भोपाल में आस-पास की फैक्ट्री भी चपेट में आई, 5 घंटे बाद पाया जा सका काबू**

भोपाल, 1 मार्च (एजेंसियां)। भोपाल में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें 40 फीट तक ऊंची उठी। 10 किलोमीटर दूर से धुआं दिखाई दे रहा था। आग की चपेट में आस-पास की दो फैक्ट्री भी आ गई। दमकलकर्मियों ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के पिछले हिस्से में बड़ी मात्रा में केमिकल रखा था। जेसीबी की मदद से दीवारों को तोड़ा गया। इसके बाद फोम की मदद से आग को बुझाया जा सका।

घटना गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार करीब 1.30 बजे की है। जेके रोड स्थित टाटा और महिंद्रा शोरूम के पीछे यह केमिकल फैक्ट्री है। इसका नाम आनंद आर्गनाइज है।

# तेलंगाना की सुरंग में फंसे चार लोगों का सुराग मिला

### मंत्री कृष्णा राव ने दी अहम जानकारी



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के नगरकर्नूल में सुरंग का एक हिस्सा धंसने के कारण कई श्रमिक करीब एक हफ्ते से फंसे हैं। राहत और बचाव कार्य में लगी टीमों का संकट में फंसे लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। ताजा घटनाक्रम में तेलंगाना सरकार में आबकारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि बचाव अभियान में बड़ी सफलता मिली है। फंसे हुए कुल आठ लोगों में चार लोगों का पता चल गया है।

**रविवार शाम तक लोगों को बाहर निकाले जाने की उम्मीद :**

राव ने शनिवार को कहा, रडार की मदद से चार लोगों के ठिकाने का पता लगाया जा चुका है। उन्होंने सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी के साथ बचाव अभियान में शामिल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक के बाद एक सवाल के जवाब में कहा, उम्मीद है कि रविवार शाम तक लोगों को बाहर निकाल लिया जाएगा।

**मजदूरों तक पहुंचने का रास्ता बनाया :**

इससे पहले शनिवार को ही सुरंग हादसे के बाद रेस्क्यू में अधिकारियों ने बताया कि टनल बोरिंग मशीन से सुरंग में फंसे मजदूरों तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। नगरकर्नूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया, टनल बोरिंग मशीन की मदद से मलबा हटाया जा रहा है, जिससे फंसे लोगों तक पहुंचने की उम्मीदें बढ़ी हैं।

**राहत और बचाव कार्य में सेना के साथ रैट माइनर्स भी जुटे :**

गौरतलब है कि एसएलबीसी सुरंग हादसे को एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक सुरंग में फंसे आठ लोगों को नहीं निकाला जा सका है। एनडीआरएफ, सेना, राज्य के खनन विभाग के लोग, रैट माइनर्स की टीम और अन्य एजेंसियां सुरंग में फंसे लोगों को बचाने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

**कब हुआ हादसा, किन राज्यों के लोग फंसे :**

विगत 22 फरवरी को तेलंगाना के नगरकर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक टनल के काम के दौरान सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था, जिससे दो इंजीनियर, दो ऑपरेटर और चार मजदूर सुरंग में फंस गए। हादसे में चार राज्यों के लोगों की जान पर संकट मंडरा रहा है। श्रमिक सुरंग में फंसे लोगों की पहचान मनोज कुमार (यूपी), श्रीनिवास (यूपी), सन्नी सिंह (जम्मू कश्मीर) गुरप्रीत सिंह (पंजाब), संदीप साहू, जेगता सेस, संतोष साहू और अनुज साहू (सभी झारखंड के निवासी) के रूप में हुई है। इनमें से दो इंजीनियर और चार मजदूर जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए काम करते हैं। इसी कंपनी को एसएलबीसी प्रोजेक्ट को पूरा करने की जिम्मेदारी मिली है।

## कर्नाटक में सभी उत्पादों पर कन्नड़ लिखना जरूरी

### सर्कुलर जारी : सरकारी-प्राइवेट दोनों विभागों में लागू होगा, सरकार बोली- अपने नागरिकों को बेहतर मौके देंगे

बेंगलुरू, 1 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने सरकारी ऑफिस, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट और बिजनेस में कन्नड़ भाषा को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। इस कदम का मकसद प्रशासन, शिक्षा और बिजनेस में कन्नड़ भाषा को बढ़ावा देना है। सरकार ने इस संबंध में 15 फरवरी 2025 को सर्कुलर जारी किया था।

सरकार के मुताबिक यह फैसला कन्नड़ लैंग्वेज कॉम्प्रीहेंसिव डेवलपमेंट एक्ट के तहत लिया गया है। ये 2022 में लागू किया गया था, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। इसका उद्देश्य कन्नड़ भाषा का व्यापक विकास और स्थानीय लोगों को बेहतर अवसर देना है।

**कर्नाटक सरकार के नियम :**

> सभी सरकारी ऑफिस, स्कूलों, कॉलेजों और बिजनेस में कन्नड़ भाषा को प्राथमिकता दी जाएगी।

> सार्वजनिक साइनबोर्ड, एडवर्टाइजमेंट और वर्क प्लेस पर कन्नड़ भाषा बोली-लिखी जाएगी।

> सामानों की पैकेजिंग पर नाम और जानकारी कन्नड़ में छापना अनिवार्य होगा। यह नियम सरकारी और प्राइवेट दोनों संस्थानों के लिए होगा।

**नियम न मानने पर होगी सख्त कार्रवाई :**

सरकार ने साफ किया है कि अगर कोई इंस्टीट्यूट या व्यक्ति इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को इस नियम के सख्ती से पालन की निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं।

**लैंग्वेज को लेकर पहले भी विवाद**

कर्नाटक में लंबे समय से कन्नड़ भाषा के संरक्षण और प्रचार को लेकर आंदोलन होते रहे हैं। हाल ही में बेंगलुरू में दुकानों पर गैर-कन्नड़ नेम प्लेट को लेकर प्रदर्शन हुए थे। इसके अलावा, महाराष्ट्र-कर्नाटक के बीच बस सेवाएं भी रोकनी पड़ी थीं, क्योंकि बसों पर कन्नड़ साइनबोर्ड नहीं लगे थे।

# 15 साल के वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा

### प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला, 31

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जाएगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।

**ये फैसले भी लिए गए :**

> शहर की सभी ऊंची इमारतों, होटलों पर एंटी-स्मॉग गन लगाना कंपल्सरी किया गया है। ये नियम पहले से ही है। अब सख्ती से लागू किया जाएगा।

> दिल्ली में लगभग 90 प्रतिशत पब्लिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक सिस्टेमेटिक तरीके से हटा दिया जाएगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

**दिल्ली को मार्च में मिलेंगी 1 हजार इलेक्ट्रिक बसें :**

दिल्ली के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा- मार्च में दिल्ली को एक हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। उन्होंने ये भी कहा कि दिल्ली का परिवहन क्षेत्र वर्तमान में 235 करोड़ रुपये के घाटे में चल रहा है।

उन्होंने कहा, सरकार एक रिकवरी प्लान पर काम कर रही है और उसका लक्ष्य एक साल के भीतर इस क्षेत्र को मुनाफे में लाना है। हमें सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर कम निर्भर हों। हमारा पहला कदम दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करना होगा, इसके बाद परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए और सुधार किए जाएंगे।

**दिल्ली की हवा हर रोज 38 सिगरेट पीने जितनी, पॉल्यूशन से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा :**

नवंबर 2013 में दिल्ली में औसतन प्रदूषण का लेवल 28 प्रतिशत एक्यूआई था। नवंबर 2024 में प्रदूषण का लेवल औसतन 500 एक्यूआई से ऊपर पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2013 में एक व्यक्ति औसतन 10 सिगरेट जितना धुआं प्रदूषण के जरिए अपने अंदर ले रहा था। 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 38 सिगरेट तक पहुंचा।

जब हम सांस लेते हैं तो हवा में मौजूद पॉल्यूटेंट्स भी हमारे फेफड़ों में समा जाते हैं। ये हमारी ब्लड स्ट्रीम में प्रवेश कर सकते हैं और खांसी या आंखों में खुजली पैदा कर सकते हैं। इससे कई रेस्पिरेटरी और लंग्स से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। कई बार तो यह कैंसर की वजह भी बन सकता है। अब लगातार नई स्टडीज में सामने आ रहा है कि इससे ब्रेन की फंक्शनिंग भी प्रभावित होती है।

लैंसेट न्यूरोलॉजी जर्नल में पब्लिश ग्लोबल स्टडी के मुताबिक, वायु प्रदूषण सबराकनॉइड हैमरेज यानी एसएएच की बड़ी वजह है।

# भाजपा नेता बोले- आतिशी शूर्पणखा जैसी

### रावण-कुंभकर्ण की तरह केजरीवाल, सिसोदिया का करियर खत्म, बस आतिशी बच गईं

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली में महरौली से भाजपा विधायक गजेंद्र यादव ने सदन में विपक्ष की नेता आतिशी को लेकर विवादित बयान दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, गजेंद्र ने आतिशी की तुलना शूर्पणखा से की।

शुक्रवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, गजेंद्र ने कहा- रामायण में रावण और कुंभकर्ण मारे गए, लेकिन शूर्पणखा बच गई। इसी तरह दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का राजनीतिक करियर खत्म हो गया, लेकिन आतिशी जीत गईं। वह शूर्पणखा जैसी हैं।

**भाजपा विधायक ने आप नेताओं को रुदाली भी कहा :**

गजेंद्र यादव ने आप विधायकों को 'रुदाली' भी कहा। यादव ने कहा, आप विधायकों को केवल रोने और विरोध करने के लिए चुना गया था, जब भी हम सकारात्मक बदलाव लागू करने की कोशिश करते हैं। वे रुदाली शुरू कर देते हैं।

5 फरवरी 2025, जंगल में दौड़ने वाली हिरनी जैसी : 5 फरवरी को दिल्ली चुनाव से पहले भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था- आतिशी पिछले चार सालों में लोगों से नहीं मिलीं और अब वोट पाने के लिए "हिरणी (हिरण) की तरह" घूम रही हैं।

5 जनवरी 2025, बिधूड़ी बोले- आतिशी ने बाप बदला : 5 जनवरी 2025 को रमेश बिधूड़ी ने आतिशी के परिवार को लेकर विवादित कमेंट किया था। उन्होंने कहा कि आतिशी ने अपना बाप बदल लिया है।

# केंद्रीय मंत्री बोले- अभिषेक बनर्जी सड़ा हुआ आलू



## उन्हें भाजपा में क्यों लेना चाहिए, चोरों का सरदार टीएमसी में ही अच्छा है

कोलकाता, 1 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने सड़ा हुआ आलू बताया है। मजूमदार ने शनिवार को कहा- अभिषेक बनर्जी सड़ा हुआ आलू है, उसे टीएमसी में क्यों लेना चाहिए। मजुमदार ने कहा- अभिषेक और ममता बनर्जी में कोई अंतर नहीं है। वह चाहे किसी भी तरह का भ्रष्टाचार करें, ममता बनर्जी सब कुछ अच्छी तरह से जानती हैं। उनका टीएमसी में रहना हमारी यूएसपी है। हम कह सकते हैं कि चोरों का सरदार टीएमसी में है।

**अभिषेक ने कहा था- भाजपा में कभी नहीं जाऊंगा**

दरअसल, अभिषेक बनर्जी ने 27 फरवरी को टीएमसी के एक कार्यक्रम में कहा था कि बाजार में कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मैं भाजपा में जाने वाला हूं। मैं मरते दम तक इसी पार्टी में हूं। भले ही आप मेरा गला काट दें, फिर भी मेरे मुंह से ममता बनर्जी जिंदाबाद का नारा निकलेगा।

**अभिषेक बोले- धोखेबाजों की पहचान हो रही**

नेताओं की बयानबाजी पर अभिषेक ने कहा- मुकुल रॉय और सुवेंदु अधिकारी जैसे धोखेबाजों को मैंने पिछले चुनाव से पहले पहचाना था। अगर आपको लगता है कि आप सांसद, विधायक या ब्लॉक अध्यक्ष हैं तो आपको ऐसी बातें बोलने की छूट है जो पार्टी को नीचा दिखाती हैं तो आप गलत हैं। ऐसा करने वालों की पहचान हो चुकी है। उन्होंने कहा- मतभेद भूलकर जनता के काम पर ध्यान दें। साजिशों में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। जो लोग वॉट्सएप ग्रुप की राजनीति कर रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि इस तरह की कोशिशें कामयाब नहीं होंगी।

**ममता बोलीं- भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती**

इसी कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा था कि 'भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की।' भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग (ईसी) के ऑफिस में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। ज्यादातर वोटर गुजरात और हरियाणा से हैं। उन्होंने कहा- मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें। किसी भी दिन एनआरसी और सीएए के नाम पर सही वोटर्स के नाम हटाए जा सकते हैं। भाजपा ऐसा करके किसी तरह टीएमसी को हराना चाहती है। ममता ने वोटर लिस्ट की जांच के लिए पार्टी स्तर पर कमेटी भी बनाई है।

**बंगाल में 2026 में 215 सीटें जीतने का लक्ष्य**

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से पार्टी ने इस बार 215 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। हमारी कोशिश होगी कि लोकसभा की तरी विधानसभा में भी भाजपा को कम से कम सीटों पर रोका जाए। 2021 विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने 213 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को 77 सीटें हासिल हुई थीं।

## कोचिंग सेंटर के पास छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट एक छात्र की मौत

कोझिकोड, 1 मार्च (एजेंसियां)। जिले में एक निजी 'कोचिंग सेंटर' के पास विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। इस दौरान एक छात्र के सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10वीं कक्षा के छात्र की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। वहीं इस मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में लिया है, जिन्हें किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कोझिकोड सरकारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल की आईसीयू में भर्ती 16 वर्षीय मुहम्मद शाहबास की रात करीब एक बजे मौत हो गई। इस घटना के सिलसिले में पांच विद्यार्थियों को हिरासत में लिया गया है और उन पर हत्या के आरोप लगाए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

## दुबई में बैठे पति ने व्हाट्सएप पर दिया ट्रिपल तलाक पुलिस थाने पहुंचा पीड़ित महिला का परिवार



कासरगोड, 1 मार्च (एजेंसियां)। केरल के कासरगोड में तीन तलाक का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि पति ने दुबई से व्हाट्सएप पर ट्रिपल तलाक दे दिया और सारे रिश्ते तोड़ डाला। जानकारी के अनुसार, कासरगोड में एक परिवार ने कानूनी रास्ता अपनाने का फैसला किया है क्योंकि परिवार की 21 वर्षीय लड़की को गल्फ में मौजूद उसके पति ने व्हाट्सएप मैसेज भेजकर तलाक दे दिया। केंद्र सरकार देश में ट्रिपल-तलाक रोकने के लिए कानून ला चुकी है। इस कानून के बनने के बाद कासरगोड में इस तरह का ये पहला मामला है। परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार, अनुसार 21 वर्षीय लड़की के पति और उसके परिवार ने दहेज न देने पर लड़की को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था। अब उसने व्हाट्सएप पर तीन बार तलाक कह दिया और बाद में दुबई से उसे फोन किया और तलाक की पेशकश की। परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलत ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले 2019 में दुबई में काम करने वाले शिवमोगा के एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के ज़रिए तीन तलाक़ का मैसेज भेजकर अपनी पत्नी के साथ 20 साल पुरानी शादी को तोड़ दिया। शिवमोगा के मूल निवासी मुस्तफ़ा बेग ने उसी शहर की एक लड़की से शादी की थी। वह कुछ सालों तक लैपटॉप और सीसीटीवी तकनीशियन के रूप में काम करता था और बाद में काम के लिए दुबई चला गया था। तलाक एक इस्लामी शब्द है जिसका मतलब है शादी का टूटना। तीन बार तलाक कहकर मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी के साथ वैवाहिक संबंध तोड़ देता है। भारत में तीन तलाक गैरकानूनी है। इस संबंध में कानून भी बने हैं।

# मणिपुर के दो जिलों में उग्रवादी समेत पांच लोग गिरफ्तार

## एक पिस्तौल और एक ग्रेनेड बरामद




इंफाल, 1 मार्च (एजेंसियां)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और कामजोंग जिलों से एक उग्रवादी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि कांगपोकपी के बिंपाराव से गिरफ्तार किए गए चार लोग प्रतिबंधित 'कुकी नेशनल फ्रंट (पी)' के एक काडर के तहत कथित तौर पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने भारत-म्यांमा सीमा पर कामजोंग के कुल्तुह गांव में शुक्रवार को प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के एक सक्रिय काडर को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल और एक ग्रेनेड बरामद किया गया है। पुलिस ने साथ ही बताया कि शुक्रवार को पूर्वोत्तर राज्य के पांच जिलों में लोगों ने ''स्वेच्छा से'' कई हथियार और गोला-बारूद पुलिस को सौंपे। उन्होंने बताया कि टेंग्नौपाल, इंफाल पूर्व, कांगपोकपी, इंफाल पश्चिम और थौबल जिलों में सौंपे गए इन हथियारों में राइफल, ग्रेनेड, मोर्टार और देसी हथगोले शामिल हैं।

# क्यों जहरीली हो रही यमुना ?

## वजह जानकर दिल्ली हाईकोर्ट भी हैरान




नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की यमुना नदी आखिर इतनी मैली क्यों है? इसका जवाब सामने आते ही दिल्ली हाई कोर्ट हैरान रह गया। जांच में खुलासा हुआ कि राजधानी के 16 इंडस्ट्रियल इलाकों में ट्रीटमेंट यूनिट तक नहीं हैं। हाई कोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे 'गंभीर और निराशाजनक' स्थिति करार दिया है। एचसी ने कहा कि वेस्ट मटैरियल बिना ट्रीटमेंट के यमुना नदी में बह रहे हैं। जस्टिस प्रतिभा एम। सिंह और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि इस स्थिति में दिल्ली के सभी 33 इंडस्ट्रियल इलाको में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की तुरंत जरूरत है।

**16 इंडस्ट्रियल इलाको में नही है सीआईटीपी**

दिल्ली एचसी ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि दिल्ली के 16 इंडस्ट्रियल इलाको में सीआईटीपी नहीं है और यह चौंकाने वाला मामला है। इन 16 जगहों में वेस्ट मटेरियल बिना किसी उपचार के बह रहे हैं। दिल्ली में जल भराव से जुड़ी दाखिल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली एचसी ने घरेलू और रिहायशी इलाकों के 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कंडीशन पर भी चर्चा की। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसे 11 प्लांट में फ्लो मीटर लगाने में की गई देरी असंतोषजनक स्थिति को दिखाती है, दिल्ली एचसी ने मामले की सुनवाई के दौरान यह भी सवाल किया कि इसका समाधान कैसे निकाला जाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि नदी में बहने वाला सारा पानी पूरी तरह से ट्रीट हो जाए और नदी में प्रदूषण न होने पाए।

**कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाना अनिवार्य- दिल्ली एचसी**

कोर्ट ने मामले पर सुनवाई के दौरान देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला भी दिया, जिस आदेश में सभी इंडस्ट्रियल इलाकों में सीआईटीपी लगाने का महत्वपूर्ण आदेश दिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली एचसी ने कहा कि कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के कामकाज पर दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) द्वारा दाखिल हलफनामे से बेहद निराशाजनक स्थिति सामने आई है। डीएसआईआईडीसी के नियंत्रण में नरेला और बवाना में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में कोर्ट ने कहा कि निगम अपशिष्टों की निगरानी, दैनिक आधार पर उनका परीक्षण और प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने डीएसआईआईडीसी से ये भी पूछा कि क्या दिल्ली के सभी उद्योग उसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

## हिसार-सिरसा नेशनल हाईवे-9 पर पिकअप वाहन की टक्कर से एएसआई घायल चालक पर मामला दर्ज

हिसार, 1 मार्च (एजेंसियां)। सिरसा नेशनल हाईवे-9 पर अग्रोहा के पास सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक पिकअप वाहन ने पुलिस विभाग के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) रविंद्र कुमार की कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एएसआई घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना 26 फरवरी की है, जब भिवानी जिले के गांव कुंगड़ निवासी एएसआई रविंद्र कुमार अग्रोहा से लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर चिकनवास पुल के पास अचानक पीछे से तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एएसआई की कार अनियंत्रित होकर अन्य वाहनों से टकरा गई। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल एएसआई रविंद्र कुमार के बयान पर पुलिस ने पिकअप चालक सुनील के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# आप सरकार में कोविड फंड का नहीं हुआ 75 फीसदी भी इस्तेमाल, कैग रिपोर्ट में खुलासा





नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र की ओर से दिए गए फंड का दिल्ली की तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार ने 75 प्रतिशत भी खर्च नहीं किया था। यह खुलासा स्वास्थ्य पर कैग की रिपोर्ट से सामने आया है। यह रिपोर्ट 28 फरवरी को दिल्ली विधानसभा में रखी गई थी। केंद्र सरकार ने 787.91 करोड़ रुपये जारी किए थे जबकि आप की सरकार ने केवल 582.84 करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। कैग ने यह भी पाया कि 2016-17 से 2021-22 के बीच केवल तीन नए अस्पताल बनाए गए या फिर उसे एक्सटेंशन किया गया। यह सभी तीन परियोजना उसके पहले के कार्यकाल में शुरू किए गए थे। रिपोर्ट कहता है कि परियोजना को बनाने में छह साल तक का विलंब किया गया और उसकी लागत भी बढ़ा दी गई। रिपोर्ट में यह पाया गया है कि अस्पतालों में स्टाफ, बेड और दवाइयों की कमी है। रिपोर्ट कहता है कि 32 हजार नए अस्पताल बेड बनाने की बात बजट में कही गई थी लेकिन इनमें से केवल 4.25 प्रतिशत बेड की ही व्यवस्था की गई है।यह कैग से जुड़ी दूसरी रिपोर्ट है जिसमें आप सरकार के कामकाज का लेखाजोखा रखा गया है। इससे पहले आबकारी नीति को लेकर कैग रिपोर्ट पेश की गई थी और उसे विधानसभा के पब्लिक अकाउंट कमिटी को भेज दिया गया है। उधर, आप ये आरोप लगा रही है कि बीजेपी अपनी सरकार की विफलता को छुपाने के लिए ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। आप ने कहा कि बीजेपी 27 साल बाद सत्ता में आई। जनता उनसे वादे पूरे होने का इंतजार कर रही थी जो उसने महिलाओं से किए हैं। लेकिन बीजेपी का असली प्लान क्या है? वे शासन नहीं देना चाहते बल्कि पांच साल केवल आप को गालियां देंगे। आप ने कहा कि बीजेपी की रणनीति साफ है कि काम की जगह ध्यान भटकाओ। अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए वे आप पर हमला करेंगे और आप को दोषी ठहराएं। बड़े वादे करेंगे लेकिन उसे लागू करने के लिए उनके पास कोई ठोस योजना नहीं है।

## रात कर भरते रहे बात सुबह होने से पहले एक ने दूसरे का काट लिया कान

ठाणे, 1 मार्च (एजेंसियां)। कासार वडवली में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है जहाँ एक युवक ने अपने ही दोस्त का कान काट लिया। दोनों दोस्त एक तीसरे दोस्त के घर रातभर बातें कर रहे थे, तभी सुबह किसी बात पर उनमें विवाद हो गया। विवाद के बाद एक ने दूसरे का कान काट लिया। ठाणे के कासार वडवली पुलिस थाने के अंतर्गत पीड़ित युवक की एक दोस्त रहती है। हाल ही में उस दोस्त की एक सर्जरी हुई थी। इसलिए घटना के दिन 25 फरवरी को पीड़ित युवक अपनी दोस्त का हालचाल पूछने उसके घर आया था। इस दौरान उसने उसी इमारत में रहने वाले अपने एक दोस्त को भी बुला लिया। तीनों एक रूम में बैठकर बातें कर रहे थे। उनकी बातचीत सुबह तक चलती रही। इसी दौरान किसी मामूली बात पर पीड़ित युवक और दोस्त के बीच विवाद हो गया। अचानक शुरू हुआ विवाद बढ़ गया और इमारत में रहने वाले दोस्त ने मिलने आए दोस्त का कान काट लिया। यह काट इतना भयंकर था कि पीड़ित युवक का कान फट गया और काफी खून बहने लगा। इस

# ग्लोबल टेक हब में बदल रहा भारत

## एमडब्ल्यूसी 2025 से इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा: केंद्रीय मंत्री



नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है और देश द्वारा बड़े स्तर पर मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में हिस्सा लेने से इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को यह बयान दिया। एमडब्ल्यूसी 2025, दुनिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन इवेंट है। यह स्पेन के बार्सिलोना में 3-6 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में सिंधिया भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। सिंधिया ने कहा, भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस जैसे आयोजनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ हमारा जुड़ाव इनोवेशन में तेजी लाने और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस एक ऐसा मंच है जो देश के इनोवेशन इकोसिस्टम को दुनिया के सामने उजागर करेगा। इस इवेंट में देश की अग्रणी टेलीकॉम कंपनियां और इनोवेटर्स अपनी अत्याधुनिक प्रगति और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय पवेलियन में 38 भारतीय टेलीकॉम उपकरण मैन्युफैक्चर्स अपने उत्पादन प्रदर्शित करेंगे। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों शामिल होंगे। सिंधिया ने आगे कहा कि मैं वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और मोबाइल और दूरसंचार क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री 5जी, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), 6जी, क्वांटम और अगली पीढ़ी की मोबाइल टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक विकास को जानने के लिए वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और इनोवेटर्स के साथ भी बातचीत करेंगे। बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में भारत की भागीदारी से दुनिया भर के शीर्ष अधिकारियों, विजनरी और इनोवेटर्स के एक साथ आने की उम्मीद है, जो रणनीतिक सहयोग, ज्ञान का आदान-प्रदान और भारत के तकनीकी नेतृत्व को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

# पति पर परिवार से अलग होने का दबाव

## हाईकोर्ट ने ऐसी पत्नी को बताया क्रूर तलाक के आदेश को रखा बरकरार

चंडीगढ़, 1 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट ने पति को पत्नी के विरुद्ध क्रूरता करने के लिए दिए तलाक के आदेश को इस आधार पर बरकरार रखा कि उसने अपने पति को अपमानित किया और उस पर अपने परिवार से अलग होने के लिए दबाव डाला। पारिवारिक न्यायालय ने इस आधार पर तलाक दिया था कि पत्नी ने अपने पति पर अपने परिवार से अलग होने के लिए दबाव डालकर क्रूरता की थी और इस संबंध में उसका अपमान किया। उसके साथ दुर्व्यवहार किया। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति सुखविंदर कौर ने कहा कि आरोप लगाने वाले पक्ष को रिकॉर्ड पर यह साबित करना होगा कि जिस पक्ष के विरुद्ध शिकायत की गई है, उसका व्यवहार ऐसा रहा है कि उसने उक्त पक्ष के लिए शिकायत की गई पार्टी के साथ रहना असंभव बना दिया है। कोर्ट ने कहा कि क्रूरता शारीरिक, मानसिक या दोनों तरह की हो सकती है। पति ने तर्क दिया कि उसकी शादी 2018 में हुई थी और उसके बाद पत्नी ने उस पर अपने परिवार से अलग रहने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। वह उसके खिलाफ गंदी भाषा का इस्तेमाल करती थी। वह अपने ससुराल वालों को परेशान करती थी और परिणामस्वरूप उसके ससुर ने आत्महत्या कर ली। हालांकि, पत्नी और उसके पिता को मामले में बरी कर दिया गया था। प्रस्तुतियों की जांच करने के बाद, अदालत ने पाया कि यद्यपि अपीलकर्ता-पत्नी और उसके पिता को प्रतिवादी-पति के पिता द्वारा की गई आत्महत्या के संबंध में धारा 306 के साथ धारा 34 आईपीसी के तहत दर्ज आपराधिक मामले में बरी कर दिया गया था, फिर भी तथ्य यह है कि वह प्रतिवादी-पति द्वारा पेश किए गए साक्ष्य का खंडन करने के लिए गवाह के कठघरे में उपस्थित नहीं हुई। न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि अपीलकर्ता-पत्नी द्वारा की गई क्रूरता के संबंध में तलाक याचिका में लगाए गए आरोपों को प्रतिवादी-पति ने साक्ष्यों के आधार पर साबित कर दिया, जबकि प्रतिवादी-पति के साक्ष्य का खंडन करने के लिए अपीलकर्ता-पत्नी की ओर से कोई साक्ष्य नहीं था।

# सीएम के आदेश पर पंजाब में ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 750 ठिकानों पर पुलिस की रेड



चंडीगढ, 1 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी जिलों के डीसी और एसएसपी को निर्देश देते हुए कहा था कि पंजाब को ड्रग्स फ्री स्टेट बनाने के लिए सख्त कार्रवाई करें। सीएम की ओर आदेश मिलने के बाद शनिवार को पंजाब के लगभग 750 ठिकानों पर पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के तहत बड़ी कार्रवाई की। सीएम भगवंत के आदेश पर पंजाब में शनिवार को 12 हजार से ज्यादा अधिकारियों ने 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के ये कार्रवाई की है। इस मुहिम के तहत सभी जिलों के डीसी और एसएसपी द्वारा गठित अलग-अलग टीमें ड्रग्स कारोबार के खिलाफ सुबह से अभियान चलाने में जुटी है। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के चलते बठिंडा में बड़े पैमाने पर पुलिस ने एक्शन लिया है। बठिंडा के कई इलाकों में छापेमारी जारी है। यह छापेमारी एसएसपी की अगवाई में चल रहा है। दरअसल, पंजाब के सीएम ने पुलिस कमिश्नरों और एसएसपी से कहा था कि 3महीनों के भीतर नशे का पूरी तरह खात्मा होनी चाहिए। ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई न करने वाले पुलिस अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशा तस्करों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए जाएं। सीएम अफसरों से कहा कि बड़ी या मध्यम मात्रा में नशे की बरामदगी के मामलों में गिरफ्तार दोषियों की जमानत रद्द कराने में भी पुलिस हर संभव प्रयास करे।

**'ड्रग्स के खिलाफ जंग' पर गठित सब-कमेटी हुई बैठक'**

पंजाब सरकार में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, आज (1 मार्च) को ड्रग के खिलाफ जंग पर हमारी सब-कमेटी की पहली बैठक हुई। बैठक में सभी सदस्यों और कैबिनेट सहयोगियों को उनके काम सौंपे गए। मैं भी 6 जिलों का ध्यान रखूंगा। जब हम नशे की इस चेन को तोड़ेंगे और नशा बेचने वालों को जेल भेजेंगे, तो मुझे लगता है कि नशे के आदी लोगों के लिए स्वास्थ्य ढांचा होना चाहिए। इसके लिए डॉक्टर होने चाहिए। मैं पंजाब के लोगों से अपील करता हूं कि अगर उन्हें लगता है कि उनके परिवार में कोई नशे का आदी है या उन्हें इसके लक्षण दिखते हैं, तो वे उसे तुरंत अस्पताल ले जाएं। ताकि उस व्यक्ति का इलाज हो सके। उन्होंने आगे कहा, ड्रग्स के खिलाफ मुहिम को हम आने वाले समय में हम जिला स्तर पर जाएंगे। सभी जिलों के एसएसपी और डीसी के साथ मीटिंग करेंगे और उसके बाद अगले हफ्ते अगली मीटिंग करेंगे। हम देखेंगे कि क्या प्रगति हुई है। हम सब-कमेटी की साप्ताहिक मीटिंग करेंगे और हम मॉनिटरिंग करेंगे कि काम कैसे हो रहा है।

## तरनतारन में भारी बारिश के कारण गिरी मकान की छत, एक ही परिवार के 5 लोगों की दर्दनाक मौत





तरनतारन, 1 मार्च (एजेंसियां)। गांव पंडोरी गोला में बरसात की वजह से मकान की छत गिर गई। मजदूर परिवार से संबंधित गोविंदा, उसकी पत्नी, दो लड़कों और लड़की की मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई। गांव के लोगों ने कड़ी में शक्कर के बाद शवों को मलबे से बाहर निकाला। विधानसभा का खडूर साहिब के गांव पंडोरी गोला निवासी गोबिंद सिंह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का गुजारा करता था। बरसात के कारण उसके घर की छत पर पानी आया। लकड़ी के बालों वाली छत देर रात को अचानक टूट गई। घर के कमरे में सो रहे गोविंद सिंह उसकी पत्नी अमरजीत कौर, बेटा गुरबाज सिंह, गुरलाल सिंह, बेटी एकम मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों द्वारा शोर मचाया गया तो स्थानीय निवासियों ने मलबा हटाना शुरू कर दिया।कई घंटों के बाद मलबे से पांच शवों को निकाला गया। घटना के बाद, पड़ोसी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ग्रामीण बलदेव सिंह, कुलविंदर सिंह, रतन सिंह ,केवल सिंह, उजागर सिंह , चंद्रजीत कौर, बलजीत कौर ,महेंद्र कौर ने बताया के गोविंद सिंह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का गुजारा करता था। घर की आर्थिक हालात काफी खराब थी जिसकी वजह से वह अपनी लकड़ी के बालों वाली छत को मरम्मत नहीं कर पाया। रात को परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर एक साथ हो गए। क्या पता था कि परिवार के साथ कोई ऐसा हादसा हुआ जिसके कारण परिवार के सभी पांच सदस्यों की मौत हो जाएगी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद



सुविचार: यदि आप किसी स्थिति में हैरान होते हैं तो आप शीघ्र ही परेशान भी हो जायेंगे।

# रेत, खनिजों के अवैध खनन से सख्ती से निपटें : सीएम रेवंत



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने चेतावनी दी है कि राज्य सरकार रेत और अन्य खनिजों के अवैध खनन और आपूर्ति से सख्ती से निपटेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई ही अधिक राजस्व उत्पन्न करने का एकमात्र समाधान है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आईसीसीसी में खनन विभाग की समीक्षा की। खनन विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पिछले एक महीने में अवैध रेत परिवहन पर अंकुश लगाने और अधिक राजस्व उत्पन्न करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। रेत खनन, परिवहन और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर रेत आपूर्ति के बारे में अधिकारियों को कई सुझाव देते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि टीजीएमडीसी को केवल निर्माण कार्यों के लिए रेत की आपूर्ति करनी चाहिए, जो सिंचाई, आरएंडबी, पंचायत राज आदि सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी आदेश दिया कि बड़े पैमाने पर निर्माण करने वाली निर्माण कंपनियों द्वारा आवश्यक रेत की आपूर्ति टीजी एमडीसी के माध्यम से की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को उचित मूल्य पर रेत की आपूर्ति करनी चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं को अवैध आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर न रहना पड़े। हैदराबाद शहर और आसपास के इलाकों में रेत की भारी खपत को देखते हुए उन्होंने खनन विभाग को शहर के तीन तरफ रेत स्टॉक प्वाइंट खोलने का आदेश दिया। रेवंत रेड्डी ने कहा कि ये रेत स्टॉक प्वाइंट उपभोक्ताओं को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए रेत खरीदने की सुविधा प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने खान विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाली विभिन्न खनिज खदानों पर पूर्व में लगाए गए जुर्माने और वसूली के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को इस संबंध में नीतिगत निर्णय लेने और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। खनन अधिकारियों को लंबे समय से लंबित लघु खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए तत्काल निविदाएं आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, टीजीएमडीसी के चेयरमैन अनिल कुमार, मुख्यमंत्री के सलाहकार (इंफ्रास्ट्रक्चर) श्रीनिवास राजू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. शेषाद्रि, मुख्यमंत्री के सचिव माणिक राज, राज्य खान विभाग के निदेशक के. शशांक, सचिव एन. श्रीधर और टीजीएमडीसी के एमडी सुशील कुमार भी मौजूद थे।

## जीएसआई का टैंक बंड पर वॉकथॉन आज

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, हैदराबाद रविवार को सुबह 8 बजे टैंक बंड स्थित संजीवैया चिल्ड्रन पार्क में राष्ट्र की सेवा के 175 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वॉकथॉन का आयोजन करेगा। देश की सेवा के अपने 175 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, हैदराबाद में जीएसआई दक्षिणी क्षेत्र (एसआर) और प्रशिक्षण संस्थान (टीआई) रविवार को सुबह 8 बजे नेकलेस रोड स्थित संजीवैया चिल्ड्रन पार्क में वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन करेगा। वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के विकास में जीएसआई की 175 वर्षों की सेवा के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। यह कार्यक्रम न केवल जीएसआई के योगदान पर प्रकाश डालता है, बल्कि समुदाय के भीतर शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी जोर देता है। एस.डी. जीएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक और दक्षिणी क्षेत्र के प्रमुख पतभाजे जीएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह 8 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष एसडी पतभाजे एक स्मारिका का विमोचन करेंगे और वॉकथॉन में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर जीएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 175 तिरंगे गुब्बारे छोड़े जाएंगे, जो देश के लिए जीएसआई की 175 साल की शानदार सेवा का प्रतीक हैं। इसके अलावा, 1851 में अपनी स्थापना के बाद से जीएसआई द्वारा खोजे गए विभिन्न खनिजों, चट्टानों, अयस्कों, जीवाश्म ईंधन और जीवाश्मों के नमूनों को प्रदर्शित करने वाला एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया जाएगा। उद्घाटन के बाद, गणमान्य व्यक्ति, जीएसआई के अधिकारी और कर्मचारी, छात्र, शिक्षाविद, विभिन्न संगठनों के भूवैज्ञानिक और आम लोग संजीवैया चिल्ड्रन पार्क से नेकलेस रोड के साथ स्फूर्ति स्थल तक और वापस संजीवैया चिल्ड्रन पार्क तक 3 किलोमीटर के वॉकथॉन में भाग लेंगे।

# हाईकोर्ट ने फिल्म टिकट की कीमत बढ़ाने की अनुमति देने से किया इनकार

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाईकोर्ट ने तेलंगाना में फिल्मों की स्क्रीनिंग के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं। हाईकोर्ट ने फिल्मों के लिए लाभकारी शो, प्रीमियर शो और विशेष शो की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में तेलंगाना हाईकोर्ट ने 21 जनवरी के आदेश में संशोधन किया है। साथ ही, उसने कहा कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सभी शो देखने की अनुमति दी जानी चाहिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को तय की है। राज्य सरकार ने कहा है कि वह अभिनेता अल्लु अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान हुए घटनाक्रम के बाद राज्य में लाभकारी शो और टिकट दरों में बढ़ोतरी की अनुमति नहीं देगी। हालांकि, राज्य सरकार ने अभिनेता राम चरण की फिल्म गेम चेंजर की टिकट दरों में बढ़ोतरी की अनुमति दे दी है।

इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कोर्ट के संज्ञान में फिल्म टिकट दरों में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाया। सरकार के वकील ने जवाब दिया और अदालत को बताया कि फिल्म के लिए टिकट की कीमतें बढ़ाकर दी गई अनुमति रद्द कर दी गई है।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सिनेमैटोग्राफ एक्ट के अनुसार रात 1.30 बजे से सुबह 8.40 बजे के बीच कोई भी शो न चलने दिया जाए। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि दर्शकों की सुरक्षा के मद्देनजर लाभ और विशेष शो की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसने कहा कि किसी निर्माता के लिए भारी बजट की फिल्म बनाना और उसे दर्शकों से वसूलना सही नहीं है।

## 'ढी' शो की मशहूर डांसर कल्याणी ने की आत्महत्या

### सेल्फी वीडियो भी किया रिकॉर्ड



खम्मम, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम शहर के खम्मम ग्रामीण मंडल के पोन्नेकल में शनिवार को एक युवा महिला नर्तकी ने कथित तौर पर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि बैंक कॉलोनी की काव्या कल्याणी और पोन्नकल के अभि उर्फ अभिलाष पिछले पांच सालों से गुपचुप शादी करके अभि के घर पर साथ रह रहे थे। दोनों ने पहले मशहूर टीवी डांस रियलिटी शो 'ढी' में हिस्सा लिया था, जिसके दौरान कथित तौर पर दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे थे।

अपनी जान देने से पहले कल्याणी ने एक सेल्फी वीडियो रिकॉर्ड किया जिसमें उसने कहा कि वह मरने जा रही है और उसकी मौत का कारण उसका प्रेमी अभि है।

उसने कहा कि अभि ने उससे कहा कि वह उससे प्यार करने लगा है और उसे अपने घर ले गया है। उसने कहा कि सॉरी अम्मा, मैं जा रही हूं। पांच साल साथ रहने के बाद अभि ने अब दूसरी महिला से शादी करने का फैसला किया है और मुझे अपने घर से बाहर निकलने के लिए कहा है। यह घटना टू-टाउन पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत हुई। कल्याणी के परिवार के सदस्यों ने अभिलाष के लिए कड़ी सजा की मांग करते हुए सरकारी सामान्य अस्पताल के शवगृह में विरोध प्रदर्शन किया, जहां उसका शव पोस्टमार्टम के लिए रखा गया था। पता चला कि अभिलाष ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है और वह टू-टाउन पुलिस की हिरासत में है।

# महिला दिवस समारोह के पोस्टर का अनावरण



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिला कलेक्टर सी नारायण रेड्डी ने महिला दिवस समारोह के पोस्टर का अनावरण किया। अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 5 मार्च को रंगारेड्डी जिला कलेक्ट्रेट में और 6 और 7 मार्च को तेलंगाना राजपत्रित अधिकारी केंद्रीय संघ के तत्वावधान में डोमलागुडा के सरकारी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्राउंड में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी रंगारेड्डी जिला तेलंगाना राजपत्रित अधिकारी संघ की महिला अध्यक्ष श्रीमती रेवती ने दी। इस अवसर पर, रंगारेड्डी जिला कलेक्टर सी नारायण रेड्डी ने आज रंगारेड्डी कलेक्ट्रेट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के पोस्टर का अनावरण किया। कलेक्टर से अनुरोध किया गया है कि 5, 6 एवं 7 मार्च को आयोजित होने वाले महिला दिवस समारोह में भाग लेने वाली महिला कर्मचारियों को विशेष अनुमति प्रदान की जाए। जिले की महिला कर्मचारियों को रंगारेड्डी जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए कहा गया है। तेलंगाना राजपत्रित अधिकारी केंद्रीय संघ के सचिव गम्पा श्रीनिवास, रंगारेड्डी जिला राजपत्रित अधिकारी संघ की महिला संयोजक श्रीमती अलीवेलु, श्रीमती अनिता, श्रीमती माहेश्वरी, श्रीमती सुजाता, रंगारेड्डी जिला टीजीओ अध्यक्ष डॉ. के रामा राव और सचिव श्रीनिवास कुमार नोरी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# तेंदुए ने बछड़ों और कुत्तों को मार डाला

### गांव वालों को रखा गया हाई अलर्ट पर

मेदक, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। वन अधिकारियों ने रामायमपेट मंडल के जंगल के किनारे रहने वाले किसानों और ग्रामीणों को हाई अलर्ट पर रखा है, क्योंकि पिछले पखवाड़े में मंडल के विभिन्न गांवों में एक तेंदुए ने दो बछड़ों और एक गली के कुत्ते को मार डाला था। तेंदुए ने पालतू पशुओं को मार डाला, जबकि 15 दिन पहले ही 31 जनवरी को इसी स्थान के निकट एक सड़क दुर्घटना में एक तेंदुए की मौत हो गई थी। बछड़ों और कुत्ते की हत्या के बाद, रामायमपेट वन रेंज अधिकारी के विद्यासागर ने शुक्रवार रात ग्रामीणों से बातचीत की और कहा कि मुर्गियों के अपशिष्ट सहित नगरपालिका के कचरे को फेंके जाने से भी तेंदुए जंगल की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सर्वेकुंटा झील में पर्याप्त पानी था, इसलिए तेंदुआ अक्सर जंगल से बाहर आ रहा था। विद्यासागर ने किसानों को सुझाव दिया कि वे अपने मवेशियों को गांव से दूर जंगल के किनारे स्थित शेड में न रखें। एफआरओ ने उन्हें सुझाव दिया कि वे मवेशियों को गांव में ले जाएं और उन्हें तब तक अपने आवास के पास रखें जब तक कि तेंदुआ जंगल में वापस न चला जाए।

वन अधिकारियों ने तेंदुए को पास के शंकापुर वन ब्लॉक में वापस भेजने के लिए पटाखे फोड़े। विद्यासागर ने किसानों को केवल समूहों में जाने का सुझाव दिया और उन्हें कभी भी अकेले नहीं जाने की चेतावनी दी। उन्होंने किसानों से तब तक उनका सहयोग करने का आह्वान किया जब तक कि वे यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि तेंदुआ जंगल में वापस चला जाए। वन अधिकारियों और रामायमपेट पुलिस ने रात के दौरान नियमित गश्त करने का फैसला किया है। किसान और चरवाहे, जो अपने मवेशियों और पशुओं को जंगल में ले जाते हैं, चिंतित थे क्योंकि उनके पास अपने मवेशियों को चराने के लिए जंगल के अलावा कोई जगह नहीं थी।

## अक्षरा चिटफंड एजेंट ने करीमनगर में समाप्त कर लिया जीवन

करीमनगर, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। चिट फंड की रकम चुकाने के लिए ग्राहकों द्वारा डाले जा रहे दबाव को बर्दाश्त न कर पाने के कारण एक निजी चिट फंड कंपनी अक्षरा चिट फंड्स के एजेंट चिंताला राजैया ने शनिवार को करीमनगर में आत्महत्या कर ली। मलकापुर इलाके में रहने वाले राजैया ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अक्षरा चिट फंड्स में एजेंट के तौर पर काम करने वाले राजैया ने कुछ लोगों को चिट फंड में शामिल किया था। हालांकि, हाल ही में जब चिट फंड कंपनी की संपत्ति जब्त की गई, तो ग्राहकों ने अपने पैसे के लिए राजैया पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। दबाव बर्दाश्त न कर पाने की वजह से उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया है। राजैया की पत्नी लावण्या की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## रमजान महीने के दौरान स्कूलों में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने शनिवार को रमजान माह के दौरान राज्य के उर्दू माध्यम स्कूलों, समानांतर माध्यम स्कूलों के उर्दू माध्यम वर्गों और डाइट्स के उर्दू माध्यम वर्गों के लिए आधे दिन का समय घोषित किया। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर स्कूलों के समय में परिवर्तन करते हुए 2 मार्च से 1 अप्रैल तक (दोनों दिन सम्मिलित) स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कर दिया है।

सरकार ने यह निर्णय उर्दू माध्यम स्कूलों, समानांतर माध्यम स्कूलों के उर्दू माध्यम वर्गों और डाइट्स के उर्दू माध्यम वर्गों के शिक्षकों द्वारा रमजान 2025 के दौरान स्कूल के समय को आधे दिन में बदलने की मांग के बाद लिया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, टीएमआरईआईएस के उपाध्यक्ष और अध्यक्ष मोहम्मद फहीमुद्दीन कुरैशी ने सरकार के समक्ष रमजान 2025 के दौरान स्कूल के समय में परिवर्तन का मामला उठाया, ताकि शिक्षक और छात्र नमाज के लिए अधिक समय दे सकें।




# कांग्रेस द्वारा की जा रही छापेमारी की निंदा

### राजनीति से प्रेरित एफआईआर



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता श्रवण दासोजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शनिवार को बाचुपल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई राजनीति से प्रेरित एफआईआर की निंदा की और इसे न्याय पर अपमानजनक हमला और सत्ता का दुरुपयोग करार दिया। उन्होंने एफआईआर की आलोचना करते हुए कहा कि यह राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने और डराने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास है, जबकि मूल मामले में उच्च न्यायालय ने उन्हें संरक्षण दिया था। नई एफआईआर ने राज्य प्रायोजित उत्पीड़न के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में तेलंगाना पुलिस कथित तौर पर राजनीतिक उत्पीड़न और दमन का हथियार बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा संचालित प्रतिशोध से प्रेरित दुर्भावनापूर्ण एजेंडे को अंजाम दे रही है। उन्होंने कहा कि यह शासन नहीं है, बल्कि तानाशाही और प्रतिशोधी शासन के तहत पूर्ण पुलिस राज है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक बदला चुकाने और लोकतांत्रिक आवाज़ों को चुप कराने का प्रयास है।

## सीपी साइबराबाद ने आरजीआई एयरपोर्ट पुलिस चौकी का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने आज हैदराबाद, तेलंगाना के आरजीआई एयरपोर्ट, आगमन, सी-लेवल पर आरजीआई एयरपोर्ट पुलिस चौकी का उद्घाटन किया, जो राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए), हैदराबाद में सुरक्षा और कानून प्रवर्तन को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। अन्य उपस्थित लोगों में संयुक्त सीपी ट्रैफिक डॉ. गजराव भूपाल, आईपीएस, डीसीपी शमशाबाद जोन, बी. राजेश, एडिशनल डीसीपी के. राम कुमार और एसीपी शमशाबाद डिवीजन, के.एस. राव शामिल रहे।अनावरण समारोह में जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल), सीआईएसएफ, बीसीएएस, सीमा शुल्क, एफआरआरओ, एयरलाइन प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हितधारकों के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

# सभी बच्चों को दें अच्छी शिक्षा, सीएम नीतीश कुमार ने 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

पटना, 1 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सचिवालय स्थित 'संवाद' में आज 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. इसके अंतर्गत 55 हजार 845 प्रारंभिक शिक्षक, 2532 माध्यमिक शिक्षक तथा 651 उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने नीलम कुमारी, रुस्तम अली, नीलू राय, अच्युत कुमार तथा दीपक कुमार तिवारी को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं. आप सब खुश रहें और मुस्कुराते रहें और बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते रहें. उन्होंने कहा कि जब हमलोगों को यहां काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए. शिक्षकों की अत्यधिक कमी होने के कारण वर्ष 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई जिनकी कुल संख्या लगभग 03 लाख 68 हजार है. वर्ष 2023 के बाद से सरकारी शिक्षकों की बहाली के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा ली गई जिसमें 28 हजार नियोजित शिक्षक भी परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी शिक्षक बने.



### नियोजित शिक्षकों की अलग से होगी परीक्षा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमने तय किया कि नियोजित शिक्षकों के लिए अलग से परीक्षा ली जायेगी और उन्हें इसके लिए 5 अवसर दिये जायेंगे. एक लाख 87 हजार 818 नियोजित शिक्षक प्रथम सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए तथा 66 हजार 143 नियोजित शिक्षक दूसरी सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है. आज यहां 100 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, शेष लोगों को जिलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है. दो सक्षमता परीक्षा में कुल 2 लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षक उत्तीर्ण हुए जिनकी सरकारी शिक्षक के रूप में बहाली हो गई है. अब मात्र 86 हजार नियोजित शिक्षक बचे हुए हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण कर जल्द ही सरकारी शिक्षक के रूप में बहाल हो जाएंगे.

### सभी वर्ग के उत्थान के लिए कार्य जरूरी

उन्होंने कहा कि हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा हुई परीक्षा में 66 हजार 800 शिक्षक तथा 42 हजार 918 हेडमास्टर परीक्षा उत्तीर्ण हुये हैं जिन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा. उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या 5 लाख 80 हजार 951 हो गई है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सक्षमता परीक्षा 2 उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है. हमलोगों ने शुरू से ही सभी वर्गों चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, अगड़ा हों, पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों, महादलित हों उनके उत्थान के लिए कार्य किया है. महिलाओं के उत्थान के लिए भी कई कार्य किए गए हैं. सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे आ रही हैं. शिक्षक के रूप में बड़ी संख्या में महिलाएं बहाल हुई हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आज सभी शिक्षकों से मैं कहना चाहता हूं कि वे अच्छे से बच्चों को पढ़ाएं और उनका विकास करें. मैं शिक्षा मंत्री से भी कहना चाहता हूं कि वे शिक्षण कार्य पर निरंतर निगरानी रखें. सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ें. बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इस पर सबलोग विशेष ध्यान रखें. आज के इस अवसर पर आप सभी लोगों को फिर से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं.

### मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार, सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं नवनियुक्त विशिष्ट शिक्षक उपस्थित थे.

# पत्नी और साली ने रची साजिश, प्रेमी व उसके दोस्त ने मिलकर मार डाला

मेरठ, 1 मार्च (एजेंसियां)। जानी थाना क्षेत्र के गांव कुसैड़ी में अजय उर्फ बिट्टू की हत्या की साजिश पत्नी संगीता और साली पूनम ने रची थी। संगीता के प्रेमी अवनीश और उसके साथी आशु ने हत्या की। वारदात के बाद संगीता और अवनीश शादी करना चाहते थे। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। वारदात में शामिल चौथे आरोपी आशु की तलाश जारी है। एसपी देहात राकेश मिश्रा ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता में हत्याकांड के खुलासे की जानकारी दी। बताया कि कुसैड़ी निवासी अजय का शव बुधवार सुबह गांव के बाहर पड़ा मिला था। इस संबंध में जानी थाने पर उसके भाई हरिओम ने अज्ञात आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में प्रकाश में आया कि मृतक अजय उर्फ बिट्टू की पत्नी संगीता की दोस्ती अवनीश निवासी खरजीवनपुर खिमावटी थाना मुरादनगर, गाजियाबाद से है। संगीता की बहन पूनम की शादी भी कुसैड़ी में ही इसी परिवार के अनुज से हुई थी। पूनम और संगीता दोनों सगी बहनें हैं। अजय उर्फ बिट्टू और अनुज दोनों चचेरे भाई थे।

# आईएएस अवनीश अवस्थी का कार्यकाल फिर बढ़ा

## एक साल और बने रहेंगे सीएम योगी के सलाहकार



लखनऊ, 1 मार्च (एजेंसियां)। आईएएस ऑफिसर अवनीश अवस्थी एक साल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार बने रहेंगे। अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। अवनीश अवस्थी 28 फरवरी, 2026 तक इस पद पर रहेंगे। अवनीश अवस्थी मुख्यमंत्री योगी के सबसे भरोसेमंद माने जाते हैं। सलाहकार के रूप में उनका कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाया गया है।

अवनीश अवस्थी साल 2022 में सेवानिवृत्त होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार में सलाहकार बनाए गए थे। इनकी गिनती यूपी सरकार के एक सफल अधिकारियों के रूप में होती है। यूपी काडर के 1987 बैच के आइएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी 31 अगस्त, 20222 को सेवानिवृत्त हो गए थे। अपने प्रशासनिक कार्यकाल में अवस्थी ने अपर मुख्य सचिव गृह, गोपन, पासपोर्ट, धर्मार्थ कार्य सहित यूपीडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भूमिका निभाई है।

उन्होंने कुछ समय तक ऊर्जा विभाग की भी कमान संभाली। 2017 में, जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तब अवस्थी केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति से लौटे थे। उनके नेतृत्व में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य पूरा हुआ।

### कार्यकाल तीन बार बढ़ाया गया

अवनीश कुमार अवस्थी का पहला कार्यकाल समाप्त होने के बाद, 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक सेवा विस्तार दिया गया था। इसके बाद, दूसरी बार उनका कार्यकाल 1 मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया गया। अब, तीसरी बार, उनका कार्यकाल एक और साल के लिए बढ़ा दिया गया है। योगी सरकार में वह गृह और सूचना विभाग की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं, साथ ही उन्हें ऊर्जा विभाग का कार्यभार भी सौंपा गया था। 19 अगस्त 1962 को जन्मे अवस्थी ने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई आईआईटी कानपुर से पूरी की है।

### इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन

अवनीश अवस्थी ने 1985 में आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। इसके बाद, 1987 में उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और आईएएस अधिकारी बने। अपने प्रशासनिक करियर के दौरान, उनकी पोस्टिंग ललितपुर, बदायूं, आजमगढ़, वाराणसी, फैजाबाद, मेरठ और गोरखपुर में हुई। सितंबर 2005 से जनवरी 2009 तक, उन्होंने यूपीपीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया।

# पत्नी ने खाने में नहीं बनाई सब्जी तो पति हुआ आगबबूला

## कुल्हाड़ी से कर दी पत्नी की हत्या

किशनगंज, 1 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के किशनगंज से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने केवल इसलिए अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी क्योंकि पत्नी ने खाने में सब्जी नहीं बनाई थी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी स्वयं 45 किलोमीटर दूर किशनगंज सदर थाने पहुंचा और हत्या की बात को स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। खाने में सब्जी नहीं बनाने पर एक पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मृत महिला के 4 बच्चे भी हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मामला भारत नेपाल सीमा से सटे दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तारा बाड़ी पंचायत के बेंत बाड़ी वार्ड संख्या आठ का है। यहां पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया।



घटना की जानकारी मिलने के बाद गंदर्भ डांगा पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। मृत महिला की पहचान रुबी बेगम के रूप में हुई है जो कि चार बच्चो की मां थी। रूबी की मौत से चार बच्चों के सिर से मां का साया चला गया। स्थानीय सरपंच ने बताया कि सुबह मृतका के देवर ने घर के आंगन में शव पड़ा हुआ देखा, जिसके बाद उसके द्वारा ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवाद में पति अब्दुस शकूर के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है। कुछ लोगों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता था। गुरुवार रात को भी दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्साए पति ने घर में रखी कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। आरोपी पति इतना गुस्से में था कि उसके द्वारा कई वार किए गए। घटना स्थल पर खून की धारा देख लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।

# 'पैकेट खोला तो आई बदबू, खाने पर स्वाद था खट्टा'

## तेजस एक्सप्रेस में बासी खाना सर्व करने पर यात्रियों ने किया हंगामा

लखनऊ, 1 मार्च (एजेंसियां)। आधुनिक सुविधाओं वाली तेजस एक्सप्रेस में खाने की गुणवत्ता सही नहीं मिल रही है। दिल्ली से लखनऊ आ रही 82502 तेजस एक्सप्रेस में खाना खराब मिलने पर यात्रियों ने हंगामा कर दयिा। यात्रियों ने खाना खाने से इनकार कर दिया। आइआरसीटीसी ने यात्रियों से खेद जताते हुए सभी का खाना वापस कर लिया। अब यात्रियों ने कैटरिंग चार्ज के रिफंड की मांग की है। वहीं आइआरसीटीसी ने कैटरिंग सर्विस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### टुंडला से आगे बढ़ने के बाद दिया गया था खाना

तेजस एक्सप्रेस के कोच सी-6 में सवार यात्री नासिर ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे टुंडला से आगे बढ़ने के बाद कैटरिंग सर्विस की ओर से खाना दिया गया, पैकेट में रोटी, सब्जी थी।



### पूरी तरह से खट्टा था खाने का स्वाद

पैकेट खोलते ही अजीब सी गंध आने लगी। खाने को जब चखा गया तो स्वाद खट्टा लगने गला। उन्होंने बताया कि अपने सहयात्रियों से पूछा तो उन्होंने भी इसकी पुष्टि की। इसके बाद पूरे कोच के यात्रियों ने खाना खाने से इनकार कर दिया। कैटरिंग सर्विस को बुलाकर लिखित शिकायत करते हुए रिफंड की मांग की गई।

### शिकायत के बाद खाने को ले लिया गया वापस

आइआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि तेजस के कुछ यात्रियों ने खराब खाने की शिकायत की थी। उनकी शिकायत के बाद सभी यात्रियों से खाना वापस ले लिया गया है। कैटरिंग सर्विस को चेतावनी जारी की गई है। पूछताछ करने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध वेंडर ट्रॉली लेकर पहुंचा प्लेटफॉर्म

चारबाग रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडर ट्रॉली रिक्शा लेकर प्लेटफॉर्म तक पहुंच गया। अवैध वेंडर पर कैटरिंग व आरपीएफ की नजर पड़ी तो पूछताछ शुरू हो गई। वह वैध दस्तावेज तक नहीं दिखा पाया।

कैटरिंग की टीम ने स्थानीय ब्रांड की पानी की बोतलों को जब्त करते हुए विधिक कार्रवाई के लिए वेंडर को आरपीएफ के हवाले कर दिया है।

### महंगे दाम पर बेचा पानी, जांच शुरू

चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्री जितेंद्र सिंह खरे ने शिकायत की है कि शुक्रवार को वह प्लेटफॉर्म नंबर चार पर सुनील कैटरिंग सर्विस स्टॉल से पानी लेने गए थे। उनसे रेल नीर के लिए 20 रुपये लिए गए। इसकी शिकायत उन्होंने उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सोशल मीडिया हैंडल पर की है। स्टेशन प्रशासन ने स्टॉल के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।

# होटल के पांच लाख रुपये अपने खाते में मंगवा कर रिसेप्शनिस्ट लापता, मुकदमा दर्ज

वाराणसी, 1 मार्च (एजेंसियां)। गोदौलिया के होटल लारा इंडिया के ग्राहकों से मिले पांच लाख रुपये रिसेप्शनिस्ट देवब्रतो शैलेश बनर्जी ने अपने व्यक्तिगत खाते में ट्रांसफर कर लिए। होटल के प्रबंधक ललित यादव की तहरीर पर दशाश्वमेध थाने में महाराष्ट्र के जिला बदेपुर के मोहरली निवासी देवब्रतो शैलेश बनर्जी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रबंधक ललित यादव ने पुलिस को बताया कि एक ग्राहक तुषार प्रभाकर ने बताया कि उन्होंने 73 हजार रुपये देवब्रतो के बताए गए अकाउंट नंबर में भेजा था। इसी तरह से कई अन्य ग्राहकों ने होटल में फोन कर अपनी बुकिंग की पुष्टि करनी चाही। सामने आया कि होटल के अधिकृत मोबाइल नंबर का उपयोग कर देवब्रतो शैलेश ने पांच लाख रुपये का भुगतान अपने व्यक्तिगत खाते में करा लिया।

# पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को हाईकोर्ट से राहत

## सरकार की अर्जी पर आपराधिक मुकदमा किया गया समाप्त



लखनऊ 1 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने यह आदेश मुकदमे को वापस लेने की राज्य सरकार की अर्जी पर दिया। इससे पहले निचली अदालत ने सरकार के मुकदमा वापस लेने संबंधी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने निचली अदालत के इस आदेश को भी निरस्त कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पूर्व सांसद की याचिका पर दिया।

### आदेश की अवहेलना की व सदोष अवरोध (बाधा) उत्पन्न किया

याची के विरुद्ध गोंडा जिले की नगर कोतवाली में वर्ष 2014 में आईपीसी की धारा 188 व 341 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने सीआरपीसी की धारा 144 का उल्लंघन करते हुए, लोक सेवक के घोषित आदेश की अवहेलना की व सदोष अवरोध (बाधा) उत्पन्न किया। मामले में पुलिस ने विवेचना कर सांसद के खिलाफ निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसका संज्ञान लेते हुए गोंडा के एसीजेएम प्रथम ने 22 जनवरी 2018 को बृजभूषण को हाजिर होने के लिए समन जारी किया था।

### जुर्माना लगाकर कार्रवाई को समाप्त कर दिया जाए

पूर्व सांसद ने आरोप पत्र व समन आदेश को पहले भी हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर 20 अगस्त 2022 को हाईकोर्ट ने लोक सेवक के आदेश की अवहेलना के आरोप को निरस्त कर दिया था। साथ ही निचली अदालत को आदेश दिया था कि यदि याची अपराध स्वीकार करता है तो उसे कारावास की सजा देने के बजाय, सिर्फ जुर्माना लगा के कार्रवाई को समाप्त कर दिया जाए।

# यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान का नहीं हुआ सम्मान तो उन्होंने 'गुस्से' में सीडीओ को दिया गुलदस्ता



आगरा, 1 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा में ताज महोत्सव के समापन समारोह के दौरान यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान नाराज हो गईं. उनका गुस्सा तब सामने आया जब कार्यक्रम में मंच से उनके नाम की घोषणा भाजपा विधायकों के बाद की गई. इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बबिता चौहान को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रतिभा सिंह से बुके लेने से इनकार करते हुए देखा जा सकता है. वायरल वीडियो 18 सेकंड का है, जिसमें साफ दिख रहा है कि यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ताज महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई हैं. इसी दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह उनके पास पहुंचकर उन्हें बुके देकर सम्मानित करने लगती हैं. लेकिन तभी बबिता चौहान कहती हैं, नहीं, नहीं, मैं आपका स्वागत करती हूं. इसके बाद सीडीओ प्रतिभा सिंह ने उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन बबिता चौहान नहीं मानीं. उन्होंने खुद ही मंच पर रखा दूसरा बुके उठाकर सीडीओ को दे दिया और हाथ जोड़कर बैठ गईं. इस दौरान उनके बगल में बैठे एमएलसी विजय शिवहरे यह पूरा नजारा देखते रहे.

# 'नीतीश-बीजेपी सरकार ने 20 सालों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया', तेजस्वी यादव ने साधा निशाना

राष्ट्रीय , 1 मार्च (एजेंसियां)। जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर नीतीश सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है क्योंकि वो ज़्यादा धुंआ फेंकती है, प्रदूषण बढ़ाती है जो जनता के लिए हानिकारक है तो फिर एनडीए की 20 साल पुरानी जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार क्यों चलेगी? 20 वर्षों की नीतीश सरकार ने विगत 20 साल में बिहार के हर गली-हर टोला-हर गांव में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन रूपी भयंकर प्रदूषण फैला दिया है. तेजस्वी ने आगे लिखा कि नीतीश-बीजेपी सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया. अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है. अब इसे बदलना अति आवश्यक है. बिहार के युवाओं ने ठान लिया है कि अब 20 साल पुरानी खटारा, जर्जर, बीमार और थकी हुई अविश्वसनीय नीतीश-एनडीए सरकार को हटा कर एक नई सोच, नए विजन, नए जोश और नयी दिशा वाली युवा एवं नौकरी-रोजगार व विकास कार्यों को समर्पित विश्वसनीय जुनूनी सरकार को लाना है तथा नया बिहार बनाना है.



### 'बदलाव पूरे बिहार की जरूरत है'

वहीं राष्ट्रीय जनता दल के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया कि बिहार में अपराध, बेरोजगारी और पलायन की समस्या ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है. बीजेपी नीतीश सरकार ने बिहार को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया. बिहार के युवाओं को सबसे निचले पायदान पर बिठा दिया. बदलाव की जरूरत है, बदलाव पूरे बिहार की जरूरत है.

### आरक्षण को लेकर भी बीजेपी पर बोला था हमला

इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं उससे पहले तेजस्वी एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है. हाल ही में तेजस्वी ने आरक्षण को लेकर भी बीजेपी पर हमला बोला था. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जैसे आदमखोर होता है ना वैसे ही बीजेपी आरक्षण खोर और आरक्षण चोर है.आरक्षण चोर है. सबको एकजुट होकर आरक्षण चोर बीजेपी-एनडीए को सबक सिखाना है.

# 'सनातन बोर्ड के गठन की वकालत'

अयोध्या, 1 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर आंदोलन की अहम किरदार रहीं साध्वी ऋतंभरा ने सनातन बोर्ड के गठन की वकालत की है। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड का विषय महत्वपूर्ण है। वक्फ बोर्ड ने जमीनों को हड़पने की साजिश रची है, यह विफल होनी चाहिए। भारत के खिलाफ बहुत से लोगों ने षड़यंत्र किया लेकिन अभिमंत्रित मंत्र से वे विफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यों में जल्दी नहीं की जानी चाहिए। नीतियां काम नहीं आती बल्कि नियत काम आती है। हमने नारा दिया था अयोध्या, मथुरा, काशी विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है, दूसरे व तीसरे चरण का काम भी चल रहा है। हमने कभी सोचा नहीं था कि राम मंदिर बनेगा।

# महाकुंभ से लौट रही बस की टक्कर, 4 की मौत

## आगरा एक्सप्रेस–वे पर खड़े ट्रक से टकराई ; परखच्चे उड़े, 20 घायल

आगरा, 1 मार्च (एजेंसियां)। आगरा में तेज रफ्तार बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। बस वाराणसी से जयपुर जा रही थी। 30 यात्री सवार थे, अधिकांश लोग महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। बस में पीछे फंसे यात्रियों को लोगों ने खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला। हादसा शनिवार सुबह 5 बजे फतेहाबाद थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुआ।पुलिस ने घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे के एक साइड की रोड ब्लॉक हो गई थी, जिसे बाद में खाली कराया। यात्रियों ने बताया कि प्राइवेट स्लीपर बस बनारस से जयपुर जा रही थी। बस में अधिकांश यात्री प्रयागराज संगम से स्नान करके लौट रहे थे। बस में करीब 30 यात्री थे। सुबह करीब 5 बजे आगरा एक्सप्रेस-वे पर फतेहाबाद से 27 किमी दूर बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। बस का एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय सभी यात्री गहरी नींद में थे। अचानक जोरदार झटका लगा। आगे की सीटों पर बैठे लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पीछे बैठे लोग घायल हो गए।यात्री अपूर्व गुप्ता ने कहा- महाकुंभ में स्नान करने के बाद हम लोग आगरा लौट रहे थे। तेज धमाके के बाद हम लोगों की आंखें खुलीं तो देखा कि पूरी बस डैमेज हो गई थी। आगे का हिस्सा टूट चुका था। लोग गाड़ी में फंस गए थे।इसके बाद आसपास के लोग आए और खिड़कियां तोड़कर लोगों को बाहर निकाला। बस में बैठे सभी लोगों को चोटें आईं हैं। पुलिस आगरा के लोगों प्राइवेट गाड़ियों की मदद से पहुंचा रही है। आगरा के रवींद्र ने कहा- बस में मेरे परिवार के 4 लोग बैठे थे। सभी घायल हैं। मैं पीछे बैठा हुआ था। ऐसा लगता है कि ड्राइवर को झपकी आ गई होगी, क्योंकि रोड पर साइड में खड़े ट्रक से बस टकराई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोग सीट से नीचे गिर गए। सामान उनके ऊपर गिर पड़ा। भाई निकिता से बहुत प्यार करता था, लेकिन जब उसके अफेयर का पता चला तो वह टूट गया। वह तलाक लेना चाहता था, लेकिन निकिता और उसके माता-पिता ने उसे खूब टॉर्चर किया। धमकाया कि तलाक नहीं होने देंगे। तुम पर और तुम्हारे मां-बाप, बहन-बहनोई पर केस करेंगे। उन्हें जेल भेजेंगे।

# संभल में मोबाइल शॉप पर कई लोगों ने किया हमला दुकानदार से मारपीट, सीसीटीवी में कैद घटना

संभल, 1 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल में एक मोबाइल की दुकान पर कई लोगों ने धावा बोल किया और दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया. आरोपियों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ की और दुकान के मालिक से मारपीट करने की. ये पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में क़ैद हो गई है. जिसमें आरोपियों को दुकानदार का पीछा कर उसकी पिटाई करते हुए देखा जा सकता हैं. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है. खबर के मुताबिक ये घटना संभल के ग्राम बबैना अड्डा में स्थित एक मोबाइल दुकान पर घटी, जब 15 लोगों ने अचानक इस दुकान पर हमला बोल दिया और दुकानदार को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया. इस दौरान हमलावरों ने दुकान में भी जमकर तोड़फोड़ की. जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. जिसके बाद दुकानदार किसी तरह उनसे छूटकर बाहर भागने लगा. ये पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है.

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

वीडियो फुटेज में कई लोगों को भागते हुए देखा जा सकता है.

ये विवाद क्यों हुआ क्या दुकानदार की उन लोगों से कोई पुरानी दुश्मनी थी या फिर दुकान पर ही किसी बात को लेक विवाद हुआ इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है. लेकिन हमला करने वाले लोगों की तस्वीरें सीसीटीवी में क़ैद हो गई हैं.

# 'विक्रांत भैरव की मूर्ति पर चढ़कर बनाई रील' फर्जी अघोरी को बेरहमी से पीटा

## फिर बाबा ने पैर पकड़कर मांगी माफी

उज्जैन, 1 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में मौजूद चक्रतीर्थ श्मशान घाट स्थित विक्रांत भैरव के मंदिर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था, जिसमें काले कपड़े पहनकर अघोरी के वेश में एक व्यक्ति भगवान विक्रांत भैरव की प्रतिमा पर चढ़कर सिगरेट पीते नजर आ रहा था। वहीं वीडियो में वह अपने आप को पुष्पाराज बताते हुए किसी के सामने भी न झुकने की बात कह रहा था। इसके बाद चक्रतीर्थ पर रहने वाले बाबा बमबम नाथ के अनुयायियों ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को देखा और इसे वायरल करने वाले राजपाल परमार के साथ ही अघोरी के कपड़े पहनकर वीडियो बनाने वाले अधेड़ को भी ढूंढ निकाला। वीडियो वाले शख्स को बाबा बम बम नाथ के अनुयायियों ने पहले तो खूब पीटा और उसके बाद उस पुष्पाराज को बाबा बमबम नाथ के सामने झुकाया। उसने बाबा बम बम नाथ के पैर पकड़कर अपने कृत्य पर माफी मांगी। वीडियो में नजर आए शख्स का असली नाम यशवंत है, जो विक्रांत भैरव की प्रतिमा पर चढ़कर सिगरेट पी रहा था। इसी का वीडियो ही वायरल हो रहा है। वहीं अब अधेड़ की मारपीट का वीडियो भी खासी चर्चा में बना हुआ है। उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान में विराजित विक्रांत भैरव भगवान पर एक शख्स अधेड़ अघोरी की वेश में मंदिर के अंदर आता है। फिर विक्रांत भैरव की प्रतिमा पर बैठता है। इस दौरान एक ऑटो रिक्शा वाला और एक युवक वीडियो बना लेता है और पोस्ट कर देता है, जिसके बाद ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जब बाबा बम बम नाथ के अनुयायी अघोरी को ढूंढकर श्मशान ले गए। उन्होंने अघोरी की पिटाई करना शुरू की तो वहां हंगामा हो गया।

# महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में रार, नेता प्रतिपक्ष को लेकर नहीं बन रही सहमति



मुंबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 3 मार्च से विधानसभा का सत्र शुरू होने वाला है। इससे पहले यहां नेता विपक्ष का चुनाव होना है। सत्र से पहले नेता प्रतिपक्ष चुनना जरूरी है। इसको लेकर अब महाविकास अघाड़ी के सहयोगी दलों के बीच ही ठन गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी में ही आपस में नही बन रही है। गठबंधन के दलों के बीच न बनने के पीछे की सबसे बड़ी वजह विधानसभा मे नेता विपक्ष का पद माना जा रहा है। मातोश्री में उद्धव ठाकरे की पार्टी के चुने गए सभी विधायकों की बैठक हुई। इस दौरान बैठक में कहा गया कि वे नेता प्रतिपक्ष का नाम विधानसभा अध्यक्ष को देंगे। उद्धव की पार्टी की तरफ से विधायक भास्कर जाधव और सुनील प्रभु के नाम की चर्चा हुई। हालांकि इस पर आखिरी सहमति नहीं बन पाई है।

**महाविकास अघाड़ी में नहीं बनी सहमति**

नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर महाविकास अघाड़ी मिलकर अपना दावा क्लेम करेगी तब ही ये पद मिल सकता है। लेकिन, अब तक महाविकास अघाड़ी में सहमति नहीं बन पाई है। अगर सभी दल अलग-अलग नेता प्रतिपक्ष का पद मांगते हैं तो मुश्किल है कि उन्हें पद मिले। विपक्ष के नेता पद के लिए राजनीतिक दलों का ऐसे पीछे पड़ने का एक कारण और है महाराष्ट्र में जल्द नगर निगम,महानगर पालिका और जिला परिषद के चुनाव हैं।ऐसे में जिस पार्टी का नेता विपक्ष बनेगा उसे इन स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव में अपर हैंड मिलेगा ये तय है। सबसे ज्यादा असर उन 16 महानगपालिका में दिखाई देगा जिसमे मुंबई ठाणे, नवी मुंबई, मीरा भायंदर, वसई विरार, सोलापुर, संभाजी नगर, नाशिक, पुणे शामिल है।

**महाविकास अघाड़ी के पास केवल 46 विधायक**

नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए विपक्षी पार्टी के पास विधानसभा की 10 प्रतिशत सीटें होनी चाहिए। कम से कम 28 सीटें किसी विपक्षी पार्टी के पास होनी चाहिए लेकिन महाविकास अघाड़ी में ना तो कांग्रेस, ना शिवसेना-यूबीटी और ना ही एनसीपी-एसपी को 10 प्रतिशत सीट मिल पाई। यही कारण है कि कोई अकेले के दम पर पद नहीं मांग रहा है। हालांकि अब इसपर आखिरी निर्णय विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को लेना है। 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी में शामिल दलों को सिर्फ 46 सीटें मिली हैं, इसमें कांग्रेस के खाते में 16 सीटें आईं तो राकां शरद पवार गुट ने 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटें शिवसेना उद्धव गुट को मिलीं, पार्टी ने महाराष्ट्र में 20 सीटों पर जीत दर्ज की। इससे पहले आघाडी की सरकार गिर जाने के बाद नेता विपक्ष का पद कांग्रेस के पास था।

# पुणे रेप केस: आरोपी दत्तात्रेय ने की थी आत्महत्या की कोशिश

## डिप्टी सीएम अजित पवार ने किए कई खुलासे



पुणे, 1 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा है कि पुणे रेप केस के आरोपी गाडे ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद वह भागकर अपने गांव चला गया था, लेकिन उसकी हालत ठीक नहीं थी। वह गन्ने के खेत में छिपा हुआ था और उसने आत्महत्या की कोशिश भी की थी। अजित पवार ने लोगों से संयम रखने की अपील की और कहा कि विस्तृत जांच जारी है। जांच के बाद ही तथ्य सामने आएंगे। अजित पवार ने इस दौरान यह भी कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अजित के अनुसार उनका ध्यान इस बात पर है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अजित पवार ने कहा, परसों तक लोग सवाल उठा रहे थे कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। वह गन्ने के खेत में छिपा हुआ था। हमने उसे पकड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। उसकी स्थिति ऐसी थी कि उसने आत्महत्या करने की कोशिश की। मैं इस बात पर अड़ा हुआ हूं कि ऐसी घटनाएं कहीं नहीं होनी चाहिए। अब मामले की सही तरीके से जांच करवाने की कोशिश की जा रही है। विस्तृत जांच के बाद तथ्य सामने आने दें। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाले में बड़ा खुलासा, नए आरोपी का नाम आया सामने




मुंबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाले की जांच में बड़ा मोड़ आया है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बैंक के वाइस चेयरमैन हीरेन भानु को भी इस मामले में आरोपी बनाया है। हालांकि, अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, इस घोटाले के मुख्य आरोपी उल्हनाथन अरुणाचलम उर्फ अरुण की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित कर दिया गया है। ईओडब्ल्यू के अनुसार, मामले में पहले गिरफ्तार किए गए बैंक के पूर्व जनरल मैनेजर हितेश मेहता ने कबूल किया था कि उसने 122 करोड़ रुपये में से 40 करोड़ रुपये उल्हनाथन अरुणाचलम को दिए थे। कोर्ट में गिरफ्तार आरोपी मनोहर अरुणाचलम, हितेश मेहता, धर्मेंद्र पौन और पूर्व सीईओ अभिमन्यु पौन को पेश किया गया। इस दौरान ईओडब्ल्यू ने कोर्ट को बताया कि उन्हें कुछ ऐसे सबूत मिले हैं जो वाइस चेयरमैन हीरेन भानु की संलिप्तता की ओर इशारा करते हैं। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि भानु को इस घोटाले के बारे में कितनी जानकारी थी और उनकी भूमिका क्या थी। सूत्रों के मुताबिक, घोटाले के मास्टरमाइंड हितेश मेहता ने पूछताछ में यह स्वीकार किया था कि उसने बैंक के एक बड़े अधिकारी को करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए थे। हालांकि, इस अधिकारी का नाम अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है।

**हितेश मेहता का लाई डिटेक्टर टेस्ट**

जांच एजेंसी ने हितेश मेहता का लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईओडब्ल्यू का दावा है कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है और पैसे कैश में दिए जाने के कारण ट्रांजेक्शन का कोई डिजिटल रिकॉर्ड नहीं है। यही वजह है कि घोटाले के पैसों के सही इस्तेमाल का पता लगाने के लिए लाई डिटेक्टर टेस्ट जरूरी हो गया है। ईओडब्ल्यू अब इस पूरे मामले में और भी बड़े नामों की संलिप्तता की जांच कर रही है। घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है।

# खांसी की दवा की जगह पिलाई शराब

## हैवान टीचर ने 2 बच्चियों के साथ किया रेप, कैसे खुली पोल?



अमरेली, 1 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात के अमरेली में एक स्कूल टीचर ने 9 साल की दो छात्राओं के साथ रेप किया। वह छात्राओं को दवाई के बहाने शराब पिलाता और फिर उनके साथ दुष्कर्म करता था। टीचर ने एक नहीं बल्कि कई बार बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद दोनों में से एक बच्ची ने अपने साथ बार-बार हो रही इस घटना के बारे में अपने घर बताया तो मामले का खुलासा हुआ और हैवान टीचर को सलाखों के पीछे भेजा गया। ये मामला अमरेली के भारतनगर से सामने आया है, जहां मौजूद एक स्कूल का टीचर महेंद्र काबाठिया स्कूल में पढ़ने वाली 9 साल की दो छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर रहा था। दोनों छात्राएं चौथी कक्षा में पढ़ती हैं। वह बच्चियों को खांसी की दवाई के नाम शराब पिलाता था। जब बच्चियों के साथ ये घटना कुछ समय तक होती रही, तो उनमें से एक बच्ची ने अपने घर पर मामले की जानकारी दी। एक छात्रा के पिता ने बच्ची की बात सुनकर टीचर महेंद्र पर नजर रखना शुरू की। इसके बाद उसने एक दिन महेंद्र को उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद उसने स्कूल के बाकी स्टाफ को बुलाया। साथ ही स्कूल में गांव वाले भी इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही अमरेली पुलिस भी स्कूल में पहुंची और महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना का खुलासा होने के बाद गांव के बाकी परिजन भी परेशान हो गए और उन्होंने आरोपी के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की।

पीड़ित छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी बेटी ने घर पर बताया कि स्कूल में सर उनके साथ गलत काम कर रहे हैं, जिस वजह से बेटी बहुत परेशान भी रहने लगी थी। इसके साथ ही खांसी की दवाई की जगह शराब पिलाने वाली बात भी पीड़ित छात्रा के पिता ने ही बताई। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में केस भी दर्ज कर लिया है।

# 'टीवी सीरियल की बहू को गाली दी' जेठ की इस हरकत पर भड़क गई महिला

## शरीर पर उड़ेल दिया खौलता तेल

ग्वालियर, 1 मार्च (एजेंसियां)। टीवी सीरियल और उनके किरदारों का असर आम जीवन को किस तरह प्रभावित कर रहा है, इस बात का अंदाजा मध्य प्रदेश के ग्वालियर में देखने को मिला है। यहां टीवी सीरियल में बहू की भूमिका निभा रहे किरदार को जेठ गाली दे रहा था। घर के किचन में खाना बना रही महिला ने उसे ऐसा करने से मना किया, लेकिन वह फिर भी गाली देता रहा। अपने पसंदीदा किरदार को बार-बार गाली देने से महिला भड़क गई और कड़ाही में खौल रहा तेल जेठ के ऊपर उड़ेल दिया। इससे उसका हाथ पूरी तरह से झुलस गया। अब इसकी पुलिस से शिकायत की गई है। ग्वालियर थाना क्षेत्र के राजामंडी इलाके के प्रजापति मोहल्ले मे रहने वाला दयाराम प्रजापति पेशे से ड्राइवर है। घटना वाले दिन शराब के नशे में वह अपने घर पहुंचा था। उसे समय टीवी पर सीरियल चल रहा था। सीरियल में बहू की भूमिका को देखकर दयाराम प्रजापति बहू का किरदार निभा रही महिला एक्टर को गाली देने लगा। इसी दौरान दयाराम के छोटे भाई की बहू राधा किचन में खाना बना रही थी। अपने जेठ दयाराम के द्वारा बार-बार अपने पसंदीदा सीरियल की महिला एक्टर को गाली गलौज करना बहू को रास नहीं आ रहा था। उसने कई बार अपने जेठ को गाली देने से मना किया, लेकिन शराब के नशे में जब नहीं माना, तो बहू राधा ने कढ़ाई में खौलता हुआ तेल भरकर जेठ के ऊपर फेंक दिया। लेकिन जेठ पीछे हट गया और खौलता हुआ तेल दयाराम के हाथ पर जा गिरा, जिसके कारण उसका हाथ बुरी तरह से झुलस गया।

# भोपाल में आप के ऑफिस पर लगा ताला, 4 महीने से नहीं दिया था किराया




भोपाल, 1 मार्च (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। अब इस हार का असर दूसरे राज्यों में भी देखने को मिलने लगा है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आप पार्टी के ऑफिस में ताला लगा दिया गया है। मामला किराए से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आम आदमी पार्टी का प्रदेश कार्यालय सुभाष नगर में स्थित है। जहां पिछले लंबे समय से प्रदेश की आप की राजनीति चल रही थी। जहां अब मकान मालिक ने किराया नहीं मिलने से ऑफिस के गेट पर ताला लगा दिया। बताया जा रहा है कि पिछले 4 महीनों से आप पार्टी ने ऑफिस का किराया नहीं दिया है। मकान मालिक विवेक गंगलानी ने बताया कि पार्टी कार्यालय में चल रही गतिविधियों से आपत्ति है। पार्टी कार्यालय में शराब की पेटियां और दूसरी गतिविधियों पर मकान मालिक ने नाराजगी जताई है। मकान खाली कराने पर आम आदमी पार्टी के लोगों ने दी गंगलानी को धमकी भी दी है। मालिक का कहना है कि दफ्तर का किराया और बिजली बिल भी नहीं भरा है। विवेक ने कहा कि अब मैं पुलिस थाने में शिकायत करूंगा। कानून का सहारा लेना जरूरी है। मध्य प्रदेश में सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने निकाय चुनाव में आप के टिकट पर महापौर का चुनाव जीतकर एमपी में आप की एंट्री कराई थी। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कुछ गलतफहमी के कारण ये हो रहा है। 5 तारीख को मैं वहां बैठक करूंगी और मीडिया से भी बात करेंगे।हालांकि पार्टी के दूसरे पदाधिकारियों ने भी फिलहाल जानकारी से इंकार किया है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है।

# 20 हजार सीनियर सिटीजंस का डेटा हैक कहीं आपको तो नहीं आया ऐसा कॉल?

इंदौर, 1 मार्च (एजेंसियां)। क्राइम ब्रांच ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली से एक आरोपी ऋतिक कुमार जाटव को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीनियर सिटीजन के बैंक अकाउंट से ठगी करने के लिए हाई-टेक उपकरणों का उपयोग करता था। पुलिस ने उसके पास से वायरलेस फोन, मोबाइल नेटवर्क बूस्टर, कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, और बड़ी मात्रा में ठगी के लिए तैयार स्क्रिप्ट बरामद की। इस गैंग का मुख्य आरोपी विनोद कुमार अभी फरार है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी देशभर के वरिष्ठ नागरिकों को कॉल कर उनके बैंक अकाउंट और पर्सनल जानकारी हासिल कर ठगी करते थे। इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक महिला की शिकायत पर डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 लाख रुपये की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पहले ही मदरसा समिति के प्रबंधक अली अहमद खान और उसके बेटे असद अहमद खान को गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के कन्नौज में मदरसा संचालित करते थे, और उनके बैंक खातों में डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से ठगी की रकम पहुंची थी। इस मामले में पुलिस को अन्य आरोपियों की तलाश थी, जिसमें एक आरोपी ऋतिक कुमार जाटव के दिल्ली के पटेल नगर में छिपे होने की सूचना मिली। इस पर क्राइम ब्रांच की एक टीम दिल्ली रवाना हुई। टीम ने पटेल नगर के आसपास पांच दिन तक निगरानी रखी। पुलिस ने जॉब इंटरव्यू के बहाने डिजिटल अरेस्ट गैंग के ऑफिस में एंट्री ली, जहां एक डार्क रूम मिला, जिसका इस्तेमाल दुनिया भर के वरिष्ठ नागरिकों को फर्जी कॉल कर ठगने के लिए किया जाता था।

# किस दर्द में थे पिता-बेटी? फ्लैट में मिलीं दोनों की लाशें; जांच में जुटी पुलिस



कटक, 1 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के कटक के बदामबाड़ी इलाके में स्थित स्नेहलता अपार्टमेंट के एक फ्लैट में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक फ्लैट के अंदर 60 वर्षीय शख्स और उनकी बेटी मृत पाए गए। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान मानस रंजन दास (60) और उनकी बेटी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मानस रंजन दास का शव फांसी के फंदे से लटका मिला, जबकि उनकी बेटी का शव बिस्तर पर पड़ा था। दोनों पिछले दो सालों से इसी किराए के फ्लैट में रह रहे थे। वहीं, इस घटना से पड़ोसी हैरान हैं।

मौत के सही कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन शुरुआती जांच में आर्थिक तंगी को एक संभावित कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में अप्राकृतिक मौत का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटक के जोन 6 एसीपी अशोक कुमार गिरी ने कहा, "हमें सूचना मिली कि स्नेहलता अपार्टमेंट में किराए के फ्लैट में रह रहे मानस रंजन दास और उनकी बेटी की मौत हो गई है। हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच जारी है। मानस की लाश पंखे से लटकी मिली, जबकि उनकी बेटी का शव दूसरे कमरे में था।"

स्थानीय पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है, जिससे घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके। पुलिस परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि इस दर्दनाक घटना की सच्चाई उजागर हो सके। पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना भेज दी है। एक अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को घरवालों को सौंप दिया जाएगा।

# एमपी में क्यों 4 साल से रुकी है नर्सिंग छात्रों की स्कॉलरशिप? 70000 स्टूडेंट्स का दर्द

भोपाल, 1 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में हुए घोटालों में सबसे बड़ा घोटाला नर्सिंग घोटाला भी है। हजारों स्टूडेंट्स को भविष्य दाव पर है। उन्हें न डिग्री का पता है और न ही एग्जाम का, सिर्फ उम्मीदों पर ही ये आस लगाए हुए है कि एक दिन ऐसा आएगा जब सब कुछ ठीक होगा। परीक्षा भी होगी और जॉब भी मिलेगी। छात्र अपना घर छोड़कर शहरों की तरफ अपने और परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए आए थे, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि उनका भविष्य घोटालों कि भेंट चढ़ जाएगा। मध्य प्रदेश में नर्सिंग घोटाला हुआ, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। सैकड़ों कॉलेज की मान्यता रद्द हुई । ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है की चार सालों से नर्सिंग कॉलेज में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को अब तक स्कॉलरशिप क्यों नहीं मिली। विपक्ष और कॉलेज की ओर से दावा किया जा रहा है कि ऐसे करीब 60 से 70 हज़ार स्टूडेंट्स है, जो एसटी -एससी और ओबीसी वर्ग से आते है। यह बेहद गरीब परिवार से है। स्कॉलरशिप नहीं मिलने के कारण स्टूडेंट्स कॉलेज की फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। छात्रों के ऊपर फीस जमा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है।

ऐसी स्थिति में छात्रों को पार्ट टाइम जॉब का सहारा लेना पड़ा रहा है। कोई मजदूर का बच्चा है तो कोई किसान का है। इन छात्रों ने तीन साल से फीस जमा नहीं की है। हर किसी ने यही सोचा था कि स्कॉलरशिप पर अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, लेकिन स्कॉलरशिप नहीं मिलने के कारण इन्हें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में छात्रों को मजबूरन पार्ट टाइम जॉब करनी पड़ रही है ।कोई दो हज़ार रुपय कि तो कोई 4 हज़ार रुपये महीने कि जॉब कर रहा है। नर्सिंग घोटाले की जांच 4 साल से चल रही है। हाई कोर्ट ने परीक्षाओं पर रोक जरूर लगाई। मगर कभी भी ये नहीं कहा कि छात्रवृत्ति रोकी जाए। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर क्यों इन हज़ारों स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप रोकी हुई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी इस मामले पर सरकार को घेरा है।

# टैटू का शौक रखने वालों को झटका! कर्नाटक सरकार ने डीसीजीआई को लिखा लेटर, नई गाइडलाइंस जारी करने की मांग



बेंगलूरू, 1 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही भारत के सेंट्रल ड्रग कंट्रोलर जनरल (डीसीजीआई) को पत्र लिखेगी। इसमें राज्य में टैटू इंक के सैंपल्स में 22 धातु पाए जाने के बाद भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार टैटू के लिए रेगुलेशन और गाइडलाइंस जारी करने की मांग की जाएगी। शिकायतों के आधार पर, कर्नाटक फूड सेफ्टी और ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने टेस्ट के लिए ये सैंपल इकट्ठा किए। राव के अनुसार, इन सैंपल्स की रिपोर्ट में सेलेनियम, क्रोमियम, प्लैटिनम और आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं की उपस्थिति का पता चला, जो बैक्टीरिया, वायरल और फंगल संक्रमण सहित विभिन्न त्वचा रोगों का कारण बन सकते हैं। मंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से, हमने पाया कि इसे रेगुलेट करने के लिए वर्तमान में कोई कानून नहीं है। टैटू इंक के लिए कोई भारतीय मानक ब्यूरो नहीं है, और यह ड्रग्स और कॉस्मेटिक्स अधिनियम के तहत कवर नहीं किया गया है। स्याही और धातुओं की मात्रा पर कोई नियम नहीं हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है, या उनका उपयोग कैसे किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक उचित प्रोटोकॉल होना चाहिए, जिसकी वर्तमान में देश में कमी है। यह देखते हुए कि यह एक गंभीर मुद्दा है, मंत्री ने कहा कि सरकार इस मामले को केंद्र के सामने उठाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे फूड सेफ्टी और ड्रग कमिश्नर जल्द ही भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल को एक पत्र लिखेंगे, जिसमें उनसे इस मुद्दे को संबोधित करने और बीआईएस के अनुसार मानक स्थापित करने का आग्रह किया जाएगा। इससे यह निर्धारित करने में मदद मिलेगी कि क्या सुरक्षित है और क्या असुरक्षित है, जिससे कानून के तहत उचित विनियमन सुनिश्चित हो सके। यह बताते हुए कि कैसे टैटू की इंक में कई ऐसे खतरनाक केमिकल होते हैं, जो इसके माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। राव ने कहा, इसमें कुछ सतह पर रहते हैं, जबकि अन्य त्वचा में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे संभावित रूप से नुकसान हो सकता है। टैटू इंक में मौजूद रसायन धीरे-धीरे शरीर के अंदर घुलने लगते हैं और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकते हैं। इसलिए इस मुद्दे पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। कर्नाटक खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग द्वारा हाल ही में चलाए गए अभियानों को लिस्टेड करते हुए, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जनवरी में 1,133 दवा नमूनों में से 106 नमूने मानक गुणवत्ता के नहीं घोषित किए गए, जबकि शेष मानक गुणवत्ता के पाए गए। फरवरी में, 1,841 दवा नमूनों में से 58 को मानक गुणवत्ता के नहीं घोषित किया गया। राव ने कहा, अब तक खराब गुणवत्ता और घटिया दवाओं से संबंधित उल्लंघनों के लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत 75 मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनवरी में उन दवाओं को बाजार से हटाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था जिन्हें पहले घटिया गुणवत्ता वाला घोषित किया गया था।

# रामबन में भूस्खलन के कारण पीराह-कुंफर सुरंग की ट्यूब 1 यातायात के लिए बंद

## एक गांव भी ढहने की कगार पर



जम्मू, 1 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-श्रीनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद किए गए हैं, रामबन के पीराह क्षेत्र में सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद पीराह-कुंफर सुरंग में यातायात की आवाजाही के लिए टी1 सुरंग बंद है। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले की पीराह-कुंफर सुरंग की ट्यूब 1 को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार दूसरे दिन भी बंद है क्योंकि पिछले 2-3 दिनों से क्षेत्र में भारी बारिश के कारण रामबन के पीराह क्षेत्र में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है।

जम्मू और कश्मीर के रामबन में एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि भूस्खलन के कारण टी 1 सुरंग अवरुद्ध हो गई है। ऊपर एक गांव है जो ढहने के कगार पर है, नई सड़क भी भूस्खलन के लिए प्रवण है, मैं प्रशासन से जल्द ही मशीनरी तैनात करने का आग्रह करता हूं ताकि सड़क को बहाल किया जा सके क्योंकि लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# कवियत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी : सरोजिनी नायडू



अतुल कुमार

स्वतंत्रता की लडाई में जिन महिला स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरे जोश ,उत्साह और साहस से भाग लिया उनमें एक सरोजिनी नायडू थीं जिनकी हुंकार सुन ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड गयी और उनके मंसूबों से उनके बीच बेचैनी फैल गयी । महात्मा गांधी के अहिसा और सत्याग्रह के दर्शन ने देश की महिलाओं को आज़ादी की लडाई में भाग लेने के लिये प्रेरित किया । सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हुईं जिसमें नमक मार्च या दांडी मार्च भी शामिल था । उन्होंने अंग्रेज़ों की मोनोपली को चुनौती देते हुए प्रतिबंधित नमक के उत्पादन और वितरण में जम कर हिस्सा लिया ।चरखे पर हाथ से बुने कपडे (खादी ) को कातना शुरु किया जो आत्म निर्भरता और अंग्रेज़ी शासकों के विरुद्ध विद्रोह का प्रतीक बना । सरोजिनी नायडू उन समर्पित सेनानियों में थीं जिनके स्वर ,विचार और तेज तर्रार रूप से अंग्रेज़ों की बोलती बंद हो जाती । वह कहतीं " अगर आदमी देश की शान हैं तो औरत उस देश नींव है "

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हमेशा सबसे आगे रहीं । बीती 13 फरवरी को उनकी जयंती थी लेकिन कितने लोग हैं जो आज उनको जानते ,समझते और पढते हैं ।नौजवान उनके ऐतिहासिक योगदान से अंजान और अपरिचित हैं । जबकि सूचना प्रसार और प्रसारण के जितने माध्यम आज मौजूद हैं उतने कभी उपलब्ध नहीं थे । फिर भी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान ,भूमिका और आइडल्स की कोई याद नहीं होती ऐसा क्यों ? सोचिये ! उस दौर में युवा शक्ति को उनसे आगे बढने की प्रेरणा मिलती थी जिससे लोग शक्ति ,साहस और ऊर्जा पाते थे वह कितनी कुशाग्र बुद्धि की थीं उसे इसी से समझा जा सकता है कि महज़ 13 साल की उम्र में 1300 पदों की लंबी कविता " झील की रानी " और 2000 पंक्तियों का सशक्त अंग्रेज़ी नाटक लिख भाषा पर अपने अधिकार को सिद्ध किया जिसे पढ स्वयं अंग्रेज़ हैरत करते ।

सरोजिनी नायडू प्रसिद्ध ,कवियत्री , और स्वतंत्रता सेनानी थीं उनके लिखे इंग्लिश लिटरेचर से नामी साहित्यकार भी प्रभावित हुए और उनको अंग्रेज़ी की प्रमुख राइटर के रूप में मान्यता दी उनके लेखन के प्रशंसकों में अंग्रेज़ी के नामी साहित्यकार एडमांड गांस और आर्थर सिमसन शामिल थे ।उनके कविता संग्रह " बर्ड आफ टाइम " और " ब्रोकन विंग " ने उनको सशक्त कवियत्री के रूप में शोहरत दी और नामी भारतीय अंग्रेज़ी पोएटेस के रूप में स्थापित किया। उनकी लिखी पहली काव्य कृति " द गोल्डन थ्रेशोल्ड " है, जो सन 1905 में प्रकाशित हुई इसका नाम हैदराबाद में उनके पारिवारिक घर के नाम पर रखा गया । उनकी रचनाएं गीतात्मक सुंदरता और देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत हैं । उदाहरण के लिये उनकी लिखी पहली कविता " भारत देश है प्यारा " की कुछ पंक्तियों को पढिये " भारत देश है हमारा बहुत प्यारा , सारे विश्व में है सबसे न्यारा ,अलग अलग हैं यहां सभी के रूप रंग पर सुर सभी एक ही गाते , झंडा ऊंचा रहे हमारा " " पालकी उठाने वाले " पर लिखी कविता की कुछ लाइनों को पढिये " हल्के से ,ओ हल्के से हम उसे साथ ले जाते हैं वह एक गीत की तरह फूल की तरह झूमता है / वह नदी के झाग पर एक पक्षी की तरह फांदता है वह एक सपने के होंठों से एक हंसी की तरह तैरता है /हर्ष से ओ हर्ष से हम बहते और गाते हैं ,हम उसे एक धागे पर मोती की तरह ले जाते हैं //



देश भक्ति, सामाजिक समानता , और महिला सशक्ति करण उनकी पोएट्री के मूल में रहे ।

प्राय; कहतीं " भारत एक महान देश है और हमें इसके लिये अपना सर्वस्व बलिदान करने के लिये तैयार रहना चाहिये " सरोजिनी नायडू बौद्धिकता ,मधुरता , साहस और ऊर्जा का मिश्रण थीं । बिहार के चंपारण के नील मज़दूरों के अधिकारों और कल्याण के लिये अंग्रेज़ों से ज़ोरदार लडाई लडी और पूरे देश का दौरा किया और श्रम की गरिमा , महिलाओं की स्थिति में सुधार और शिक्षा तथा राष्ट्रवाद पर जन चेतना को बढावा दिया ।डा एनी बेसेंट के साथ मिल महिला भारतीय संघ की स्थापना की । स्वतंत्रता सेनानी और महिला अधिकारों की पैरवीकार के रूप में लोकप्रिय हुईं । भारतीय संविधान सभा की सद्स्य थीं और महिलाओं के अधिकारों के लिये महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे उनके योगदान ने

भारतीय संविधान को और अधिक समानतावादी और प्रगतिकारी बनाने में मदद की ।

उनकी महानता को इसी से समझा जा सकता है कि लंदन विश्वविद्यालय द्वारा सन 2018 में दुनिया की प्रभावी महिलाओं का सर्वेक्षण करवाया गया जिनमें उनका नाम शामिल था। ओजस्वी वाणी और मधुर कविताओं के कारण महात्मा गांधी ने उनको " भारत की कोकिला " ( द नाइटेंगल आफ इंडिया ) कहा । जब भी भाषण देतीं महात्मा गांधी उसे बडे ध्यान से सुनते । उनके शब्दों में ऐसी लय और शक्ति थी जो दिलों को छू जाती । उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ प्रारंभिक शिक्षा भी यहीं हुई उनकी मां वसमतून नायुडू भी कवियत्री भी । पिता अधोर नाथ चट्टोपाध्याय वैज्ञानिक थे और निज़ाम कालेज के प्रिंसिपल थे । सरोजिनी नायुडू का विवाह गोविंद राजुलु नायुडू से हुआ । सरोजिनी की उच्च शिक्षा कैंब्रिज विश्वविद्यालय में हुई लेकिन देश को स्वतंत्र करने के सपने को ले स्वदेश लौट आयीं और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गयीं कई बार जेल गयीं लेकिन आज़ादी के मतवाले स्वरूप को नहीं छोडा सोचिये ! देश की स्वतंत्रता के लिये कितना जुनून उनमें समाया था ।

आज कैरीयर को ही सब कुछ मानने वाले समाज और देश हित में क्या ऐसा सोचते भी हैं ? फारेन कंट्रीस में रहना ,बसना और जमना ही सोच बना हो तब सरोजिनी नायुडू का कद ऊंचा दिखायी देता है । जो यह सिखाता है कि ज़िंदगी में यदि समर्पण हो तो कोई भी कठिनाई अपने लक्ष्य से दूर नहीं कर सकती । सरोजिनी नायुडू ने यही किया । महिलाओं की शिक्षा पर बल दे आगे आने की अलख जगायी । महिलाओं के बीच खडे हो उनको पढातीं और शिक्षा के महत्व को समझातीं उनकी लिखी रचना " द सोल्स प्रेयर " उनके आत्मिक विश्वासों को प्रकट करती हैं ।उनका काव्य संग्रह " इन द बाज़ार्स आफ हैदराबाद " और " द क्वींस राइवल " आज भी साहित्य प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं ।स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनकी कविताएं केवल रचना भर नहीं थीं बल्कि वह आंदोलन का रूप ले चुकी थीं ।

कई भाषाओं की जानकार थीं विशेष कर हिंदी , अंग्रेज़ी ,तेलुगु ,गुजराती ऊर्दू , बांग्ला और तमिल इत्यादि जिस क्षेत्र में जातीं उस क्षेत्र की भाषा में भाषण दे जन मानस को अपना बनातीं । स्वतंत्र भारत की पह्ली महिला राज्यपाल वही थीं जो उत्तर प्रदेश की गवर्नर बनीं ।उनके जन्म दिन को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है । 2 मार्च 1949 को उनका देहावसान हुआ लेकिन उनके सुनहरे साहित्यिक और राजनीतिक योगदान के कारण वह अमर हुईं ।किसी ने खूब लिखा " एक सशक्त महिला पूरा चक्र है जिसके अंदर संकट, पोषण और संरक्षण

करने की शक्ति है इसलिये वह देश और समाज की वास्तविक निर्माता होती हैं " सरोजिनी नायुडू इसी का साकार रूप थीं ।

# काव्य कुंज

## जिन्दगी से अब कोई शिकायत नहीं...!



संजय एम. तराणेकर, इंदौर

जिन्दगी से अब कोई शिकायत तो नहीं,
वेतन भले कम मिले 'निहायत' तो नहीं।
ये माना इस जिन्दगी में वो रफ्तार नहीं,
चलने दो इसे इसमें तुम गिरफ्तार नहीं।
ना सोचा करों इसके बारे में बेकार नहीं,
बेफिक्र हो जियों इसे भले स्वीकार नहीं।
जिन्दगी से अब कोई शिकायत तो नहीं,
वेतन भले कम मिले 'निहायत' तो नहीं।
एक सड़क है ये इस पर चलते जाना है,
मंजिल कहाँ हमें उसका पता लगाना है।
इस राह में तुम्हारी यह बेदर्द जमाना है,
कुछ हासिल भले न हो कदम मिलाना है।
जिन्दगी से अब कोई शिकायत तो नहीं,
वेतन भले कम मिले 'निहायत' तो नहीं।
अब चलो स्वयं को 'संतोषी' ही मानकर,
यूँ ही गुजारना हैं जिंदगी स्वाभिमान पर।
आस-पास भले क्यों न हो कांटो भरें रास्ते,
बिन 'पदसेविका' पहने चलों अपने वास्ते।

## ग़लत है



डॉ टी महादेव राव

डॉ टी महादेव राव

गलत को गलत न कहना भी गलत है
सही को सही नहीं कहना भी गलत है
कितने बुराइयों ने किया अच्छाई का खून
झूठ को मान देकर सच कहना भी गलत है
ख्वाब और उम्मीदें जादुई शहर में बसते हैं
सपने तोड़ने वालों को सहना भी गलत है
खुदगर्ज जहान में कहां बचती है खुद्दारी
झुककर खुद जी हुजूर कहना भी गलत है
अकेले हम जब मैं के मैं ही रह गए दोस्तों
अपने ही साए से अलग करना भी गलत है

## कौन सा रिश्ता है..

गमों से तबीयत खराब होने लगती है कभी
मेरी नब्ज को देखकर हकीम भी नाकाम ही तो हैं
तुम लगा लेते हो रोज उल्फ़त का तमाशा
मेरी फिक्र में अब भी तेरा नाम ही तो है
तमन्नाएं सवेरे जिंदा कर देती हैं मुझको
जानता हूं हार गया बाजी लेकिन इकरार रखा है
कौन सा रिश्ता है जिसे दोनों को बांध रखा है
हमने आपको देखा नहीं, खुदा से मांग रखा है
सुनी सुनी सी इन पलकों पर
तुम सुंदर सपने लिख जाना
प्यासे हृदय की पृष्ठभूमि पर
तुम बनकर सावन बरस जाना
थक तो गया था लेकिन चलता रह गया
चलो सपने में ही सही,
तुम्हारा हाथ थाम रखा है
कौन सा रिश्ता है...
रिमझिम रिमझिम फुहारें,
होती है बरसात प्रिये
माना हम तुम मिल न सके
आओ कर लें बात प्रिये
आग दोनों ओर से लगी हुई
फिर भी खामोशियां
तुम जो भी समझो,
बस तुम्हे ही दिल में पाल रखा है
कौन सा रिश्ता है...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

## सपने

सपने सबको अच्छे लगते
ना भागना सपनो के पिछे
इनका नही है अस्तित्व
ना है इनका रंग - रूप
सपने तो मन का वहम होते
जो बंद आंखो से देखते
या बदहवास मे देखते
ओर खुशियाँ ही ढुढते रहते
दिल को बहाना चाहिए
आंखो को खुशियाँ चाहिए
ना होना गुम सपनो मे
सामना करना सचाई से, हकीक़त से
हसता बच्चा देख खुशियाँ मिलती
गरीब पेठ भर खाये तो खुशियाँ मिलती
खुशियाँ होती है पल भर की, फिर भी
अच्छी लगती, अपनी सी लगती ।।



टी तारासिंह
हैदराबाद

## मासूम की मुस्कान

मुस्कान में मासूम की झांक कर देख।
गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,
मजलूम पर जिन्दगी खाक कर देख।
पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,
कभी अपनी गिरेंबा में झांक कर देख।
पराई चादरों में छेद करना आसां बहुत,
अपनी फटी पैबन्द कभी टांक कर देख।
खुश है नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख।
भ्रम है, तुझे जिंदगी रंगीन है बहुत,
मुफलिसी में जरा झांक कर देख।
गैर की दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरों के तजुर्बों को आंक कर देख।
बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,
एक दिया पवित्र जला कर देख,
जलते घरो से हाथ सेंकना आसां,
तिनका खुद का जरा जला कर देख,
ख़ुशी अभी रूठी नहीं तुझसे संजीव,
मुस्कान में मासूम की झांक कर देख।।



संजीव ठाकुर,
रायपुर

## सुख-दुख

सुख दुख है जीवन का सार,
हर पल करो सहर्ष स्वीकार।।
जीवन रूपी सरिता के ये दो तीर हैं,
यह कह रहे सभी संत फकीर हैं।।
है कौन नर जिस पर न पड़ी दुख की परछाई,
हर आंगन पर है इसकी दस्तक आई।।
इस दुख ने ही किया है नव सृजन,
झेल कर दुख वेदना बने महान जन।।
दुख में ही होता है हृदय विस्तार,
सुख में रहते हैं संकुचित विचार।।
दुख का जीवन से गहन नाता है,
इस धरा के हर मानस की ये गाथा है।।
ना हो गर्वित अति सुख से,
ना हो चिंतित अति दुख से।।
फल दाता प्रभु के नियम अटल हैं,
कर्म रूपी तरु के यह फल हैं।।
सुख दुख दोनों में रखो सम संतुलन,
स्वर्णिम सा बनेगा यह मानव जीवन।।

-आचार्य दीप चन्द भारद्वाज

## संकल्प



हेमंत सुराना,
उदयपुर

संघर्षों के पथ को चुनना,
चुनकर बाधाओं से लड़ना
मंजिल पर हो नजर निशान,
गिरना,उठना, उठकर चलना
है चाह रही, संकल्प यही,
है उम्मीद की किरण नई
अंधेरे से खौफ नहीं,
मंजिल अब ज्यादा दूर नहीं
संकल्प है सत्यता को निभाने का,
चुनौतियों को गले लगाने का
विश्वास की राह पर चलने का ,
अग्रेसर होकर खुद को सिद्ध करने का
विश्वास की लौ जलाकर,
विकास का दीपक लेकर
सपनों को साकार करें ,
हर मुश्किल को पार करें
एक कोशिश और कर,
बैठ ना तू हार कर
संकल्पित जीवन एक मजबूत आधार,
संकल्पित जीवन एक मजबूत आधार।

## तुलसी हर घर- आंगन की

हर गृहस्वामिनी के जीवन की रवानी,
है पवित्र- पूज्य मां तुलसी की कहानी।
है हर गृहस्वामिनी तुलसी सी चमत्कारी,
अजेय औषधीय शक्ति गुणकारी।
तुलसी सम परिवार का अमृत है वो,
स्वास्थ्यकारी और कल्याण प्रदाता है वो।
ज्यूं हिंन्दू धर्म में दुखहर्ता है तुलसी मां,
वैसे ही पीड़ानाशक है गृहिणि मां।
घर-परिवार का प्रबंधन- देखभाल,
उसके जीवन की परिभाषा है,
आरोग्यसाधक- दीर्घायु दाता है वो,
देवी लक्ष्मी का अवतार स्वरूप है वो,
मातृत्व- वात्सल्य की अमिट छाया है वो,
गृहस्वामी के हृदय की सुंदर छवि है वो।।
ये तुलसी हर घर-आंगन की धुरी है,
अपने कर्त्तव्यों पे खरी उतरी है।
सजीव उससे घर-आंगन की परिकल्पना है,
आदर और सम्मान उसे
मिलता रहे भरपूर,
क्योंकि उसके हृदय के भीतर भी
छिपी कुछ भावनाएँ हैं।।



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

## 10 तक

आज फिर दरवाजे पर दस्तक हुई हैं।
देखो...कौन हैं......?
तकलीफ हो...तो अंदर लेना।
कहना.... स्वागत हैं तुम्हारा।
हमें सताने ही आयी होगी।
कितना सता पायेगी मुझे...
पहले ही ज़ख्म नासूर बने हैं..
कुरेद चुकी हैं यादें दीमक की तरह,
पीड़ितों में भी अव्वल पीड़ित हूँ,
मेरे दर्द से अंजान हैं शायद।
आज फिर दरवाजे पर दस्तक हुई हैं।
देखो कौन हैं....?
सुकून हो.. तो वहीं से रफा दफा करना।
कहना...जगह नहीं हैं तुम्हारे लिए।
न दिल में...न घर में।
मुद्दत से नाता टूटा हैं उससे..
लहूलुहान पड़े हैं सपने...
ख्वाहिशें दम तोड़ चुकी हैं।
सुकून रास नहीं आता अब जिंदगी में
न ही इजाजत हैं सपना देखने की।



डॉ डी डी देसाई

## माँ

हमारे हर दर्द की दवा;
जिनकी दुआ हमेशा हम पर है;
कभी डाँटती तो कभी गले लगाकर चुमती;
हमारे आँसुओं को अपनी आँखों में समा लेती,
वो अनोखा एहसास है माँ ।
हमारी आवाज सुनते ही दौड़ी चली आती;
अपने होटों की हंसी हम पर लुटाती;
हमारी खुशिओं में अपना गम भुलाती;
जो हर समय हमारे दिल में रहती;
वो धड़कन है माँ ।
अपने आँचल की शीतल छाया देती;
दुनिया की बुरी नजरों से बचाती ;
खुद की थकान भुलकर हमारी थकान मिटाती;
जो खाने से लेकर सोने तक का खयाल रखती;
वो फिकर है माँ।
मन पसन्द के पकवान परोसती;
रोते हुए आँखों को हंसाती;
तबियत बिगड़ने पर रातों जागती;
अच्छे बुरे का फर्क समझाती;
जिस चेहरे को देखकर मैं खुश होती;
वो प्यारी हँसी है माँ ।
प्यार भरे हाथों से सहलाती;
जो हममें गुण और संस्कार भरती;
दुनिया के तमाम रिश्तों को समझाती
और उनको निभाना भी सिखाती;
वो शिक्षक है माँ ।
लब्जों में जिसे बयान न किया जा सके;
जिनके गुण गान के लिए दुनिया में शब्द कम हैं;
जो ममता की देवी कहलाती है;
जिसके सामने ईश्वर भी सिर झुकाते;
वो प्यारी सी मुरत है माँ।



शुभ्रस्मिता बुधिआ
(ओड़िशा )

## मौन संदेश

मौन शांति का सूचक
चैन का भी है संकेत,
मौन अपनी नाराजगी
और अपनी क्रोधाग्नि का
प्रकटीकरण भी है मौन ।
कभी कभी बखूभी मौन,
अनेक समस्याओं का,
अनेक बेतुकी बातों का,
अनेक वाद-विवादों का,
अनेक शब्दपशब्दों का
समाधान भी श्रेष्ठ है मौन ।
मौन तो मौन है हर मौन
आत्ममंथन का चिंतन का,
विचलित मन को संयमित का,
स्थिर चित्त बुद्धिमता का,
अनसुलझे सवालों का
सार्थक, सात्विक, शाश्वत
सशक्त समाधान भी है मौन ।
मौन रहने को घमण्ड समझना,
उपेक्षित उदासीन यूँ ही जानना,
बुद्धिहीन बलहीनता भला मानना,
अलग-थलग विरागी भी कहलेना,
वह अपनी-अपनी सोच व पहुंच हो सकती है,
मौन तो मेरा आत्मबल है अनेक समस्याओं का
नेक समाधान है मौन,
अपने-आप में कुछ खास है,
उसका अपना अलग अंदाज़ है
चिर-चिरंतन चिंतन मनन साधन है मौन।



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

## दिल में रख

कुछ तो पास सयाने रख,
अस्सी वाले गाने रख।
जले घरों को मत
जलादुनिया को दिखलाने रख।
सच अग़र बर्दाश्त न हो,
फ़सानेऔर अफ़साने रख।
खुल के जीना चाहे
तू दिल में ही दीवाने रख।
हर जगह धोखे ही धोखे,सपने ज़रा सिरहाने रख।
दिल के सुकूँ की ख़ातिर,कुछ तो गीत पुराने रख।
मीठे बोल न कह पाए तोरहने दे अब ताने रख।
सोच तेरी भी तो चलती है पास तू मयखाने रख।
सच पसन्द कोई नहीं जुबां पे याराने रख।
नेकी कर और भूल जा ख़ुदा को बतलाने रख।
शोहरत में क्या रखा है राज तो छुपाने रख।
रेणू जुदा नहीं है सबसे उसके लिये खजाने रख।



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

## मोहमाया

आज का मनुष्य
सुख - सुविधा को जोड़ रहा
उसमें सुख तलाश रहा
निज स्वार्थ के फेर में ,
अनुचित कार्य भी कर रहा ।
यह अंधी दौड़,
उसे कहां ले जाएगी ?
वह न समझ पाता है ।
' लोभ ' न कम होता है
' मोहमाया ' के चक्रव्यूह से
वह न छूट पाता है ।



गजानन पाण्डेय

## बिन सोचे न रहे मनुष्य



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

बिन सोचे न रहे मनुष्य,
दिन रात सोचना मानव स्वभाव।
रहे मष्तिष्क सदा चलायमान,
रहे विचारों का जमाव ।।
बचपन में हो गर
अनुशासित जीवन,आएँ शुद्ध विचार,
शुद्ध विचारों से झलक ही जाता,
वाणी में मधुर प्यार,
बोली जिसकी मृदुल हो, चिंतन भी सुंदर असरदार,
शुद्ध खानपान से तो दिमाग में आएँ सुन्दर विचार,
सही चिंतन में मार्गदर्शन देना , बढ़ता ज्ञान प्रभाव।
बिन सोचे न रहे मनुष्य,
दिन रात सोचना मानव स्वभाव।।
रहे मष्तिष्क सदा चलायमान, रहे विचारों का जमाव ।।
व्यर्थ चिंताओं का चिंतन करना होता चिता समान,
चिंता से कुछ हल न निकलता,बल्कि बिगड़ता काम,
कुछ करने से पहले गहन चिंतन, होता चिंतन खास
गलतियां करने से बच जाते, व्यर्थ चिंतन पे लगे विराम,
जीवन में सफलता के साथ, चिंतन में उपजे सदभाव।
बिन सोचे न रहे मनुष्य,दिन रात सोचना मानव स्वभाव।
रहे मष्तिष्क सदा चलायमान, रहे विचारों का जमाव ।।
**

## नारी



-बलविंदर सिंह,
गुरदासपुर

नारी जन्नत की परिभषा
नारी पीढी की अभिलाषा।
नारी मन्दिर में जैसे ज्योति।
नारी समता से भरी गोदी।
नारी शीतल नीर समन्दर।
नारी सचखण्ड में हरिमन्दिर।
नारी धरती नारी अम्बर।
नारी सुखमणि दुख अन्दर।
नारी शुभ मंगल अभिवादन।
नारी मारूस्थल में सावन।
नारी अग्नि नारी मंजर।
नारी दुश्मन के लिए खंज़र।
नारी सत्यम सुन्दरम शक्ति।
नारी पूजा नारी भक्ति।
नारी बंदनवार है दर पर।
नारी कृपा दृष्टि घर पर।
नारी ज्यों खिलती खुशहाली।
नारी सारे जग की वाली।
नारी बहता दरिया है पर
नारी चढ़ती बाढ़ का डर।
नारी मंगल कलश प्यारा।
नारी प्रभ का रूप न्यारा।
नारी से है यह संसार।
नारी से है सब भण्डार।
नारी कोमल गंदल जैसी।
नारी खुशबू चंदन जैसी।
नारी लता मुहोब्बत वाली।
नारी फूलों से लदी डाली।
नारी सर्वकला सम्पन्न।
नारी अर्पण नारी दर्पण।
नारी सारे जग की जननी।
नारी ज्यों दीपक की अग्नि।
नारी अमृत पाक पवित्र।
नारी सब से सच्चा मित्र।
नारी बालम है नारीश्वर।
नारी धर्म परम अखिलेश्वर।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# विरोधी दल की तारीफ की तो चलेगा डंडा

## कांग्रेस को आखिर क्यों कहना पड़ा थरूर की तरफ इशारा?



कांग्रेस नेतृत्व ने केरल के नेताओं को व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। सांसद शशि थरूर ने कांग्रेस को मजबूत करने का समर्थन किया। कांग्रेस आलाकमान ने संकेत दिया है कि केरल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि विरोधी दलों की तारीफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस की अगुआई वाला गठबंधन 'यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' यानी यूडीएफ 2016 से राज्य की सत्ता से बाहर है। केरल में मोटे तौर पर एक बार लेफ्ट के गठबंधन एलडीएफ की सरकार बनती है तो अगली बार यूडीएफ की लेकिन लेफ्ट ने पिछले दो चुनावों से लगातार जीत हासिल की है और अब उसकी नजर हैटट्रिक पर है। दूसरी तरफ, कांग्रेस 10 साल बाद केरल की सत्ता में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रही है। उसके सामने लेफ्ट के साथ-साथ बीजेपी की भी चुनौती है जो उसके जनाधार में सेंध लगाने की कोशिश में है। लेकिन असली चुनौती एकजुटता है। पार्टी को लगता है कि अगर एकजुट होकर पूरी मजबूती से चुनाव लड़ा गया तो लेफ्ट को सूबे की सत्ता से हटाने में वह कामयाब हो जाएगी। पार्टी हाईकमान ने इसीलिए केरल के नेताओं को सख्त हिदायत दे दी है कि अगर किसी विरोधी दल की तारीफ किए तो खैर नहीं। आखिर कांग्रेस को ये क्यों कहना पड़ा? कहीं ये इशारों-इशारों में शशि थरूर को तो हिदायत नहीं है? आइए समझते हैं।

सबसे पहले, कांग्रेस आलाकमान ने केरल के नेताओं को क्या ताकीद दी है, उसकी बात। शुक्रवार को कांग्रेस के बड़े नेताओं ने केरल के नेताओं को चुप रहने का हुक्म दिया है। नेताओं को कहा गया है कि कोई भी अपनी निजी राय सार्वजनिक रूप से नहीं देगा। ऐसा करने पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, पार्टी के अंदरूनी मतभेद की छवि बन रही थी, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। सूत्रों ने हमारे सहयोगी इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि हाल ही में चर्चा में रहे सांसद शशि थरूर ने एआईसीसी और केरल के नेताओं की बैठक में कहा कि वह कांग्रेस को मजबूत बनाने और चुनाव में जीत के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि जब कांग्रेस के लोग मोदी सरकार के खिलाफ सड़क और संसद में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, ऐसे में कोई भी नेता अपनी निजी राय देकर विरोधी की तारीफ करता दिखे, यह बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा लग रहा था मानो वह विरोधियों की तारीफ कर रहे हों। राहुल गांधी ने राज्य के नेताओं से मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षा को लेकर आपस में न लड़ने की नसीहत दी। उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी बिना किसी मुख्यमंत्री उम्मीदवार के चुनाव लड़ेगी।

बैठक के बाद एआईसीसी महासचिव दीपा दासमुंशी ने सभी कांग्रेस नेताओं के साथ पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, 'केरल के लोग कांग्रेस की तरफ देख रहे हैं और हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे केरल के लोगों का अनादर हो। अगर कोई भी, चाहे वह कोई भी हो, मीडिया में अपनी निजी राय देता है, तो हम उस पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।' पीसीसी अध्यक्ष के. सुधाकरन और सीएलपी नेता वी. डी. सतीसन ने बैठक में कहा कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं है।

### शशि थरूर को इशारों में कड़वा डोज

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन उनका साफ-साफ इशारा शशि थरूर की तरफ था। थरूर केरल से ही आते हैं और कांग्रेस के टिकट पर जीतकर चौथी बार सांसद हैं। हाल ही में थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पीएम मोदी की मुलाकात की तारीफ की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने पी. विजयन के नेतृत्व वाली केरल की वामपंथी सरकार की भी दिल खोलकर तारीफ की थी। एक अंग्रेजी अखबार में छपे उनके लेख पर कांग्रेस काफी लाल हुई थी। थरूर ने निवेश आकर्षित करने, बिजनस और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए विजयन सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण बदलाव करार दिया था। उन्होंने कहा, 'ये (आर्थिक) बदलाव एक कम्युनिस्ट-नीत एलडीएफ सरकार के तहत शुरू हुआ है जो आश्चर्यजनक लगता है लेकिन यह पूरी तरह से चौंकाने वाला भी नहीं है।'

पीएम मोदी और केरल की लेफ्ट सरकार की तारीफ कांग्रेस को बहुत नागवार गुजरी। राहुल गांधी ने शशि थरूर को दिल्ली भी तलब किया। मुलाकात के दौरान थरूर ने गांधी से पार्टी में अपनी भूमिका साफ करने की गुजारिश की लेकिन उन्होंने उसे कोई खास तवज्जो नहीं दी। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक मलयालम पॉडकास्ट में तमाम सवालों के जवाब दिए थे। उसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अगर कांग्रेस को उनकी जरूरत नहीं है तो उनके पास भी कई विकल्प हैं। हालांकि, बाद में थरूर ने दावा किया कि उन्होंने जो बात कही ही नहीं, वो बात पॉडकास्ट के हवाले से न्यूज रिपोर्ट में कही जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि विकल्प होने की बात उन्होंने इस संदर्भ में कहा था कि उनके पास अपना समय गुजारने के लिए बहुत सारे विकल्प हैं।

थरूर ने सिर्फ पीएम मोदी और केरल की एलडीएफ सरकार की तारीफ ही नहीं की, उन्होंने सूबे में कांग्रेस के नेतृत्व पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने चुनाव में लेफ्ट का सामना करने के लिए राज्य यूनिट में प्रभावशाली नेतृत्व या नेता की कमी की बात कही थी। हो सकता है कि थरूर की महत्वाकांक्षा सीएम बनने की हो लेकिन खरगे ने संकेत दे दिया है कि केरल का चुनाव पार्टी किसी को सीएम फेस बनाए बगैर लड़ेगी।

कांग्रेस आलाकमान ने जिस तरह केरल यूनिट के नेताओं को बयानबाजियों को लेकर सख्त हिदायत दी है वो दूसरे राज्यों के पार्टी नेताओं के लिए भी संदेश है। अभी हाल ही में कर्नाटक के डेप्युटी सीएम डीके शिवकुमार ने पिछले महीने संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाओं की तारीफ की थी। उनके बयान पर पार्टी के भीतर कुछ हंगामा तो नहीं मचा लेकिन केरल मामले में पार्टी आलाकमान की सख्ती में इस तरह के बयानों के खिलाफ भी संदेश छिपा है।

कांग्रेस ने अनुशासन और बयानबाजी को लेकर ये सख्ती इसलिए की है कि उसे केरल में इस बार अपनी सरकार बनाने की काफी उम्मीद है। लेकिन अंदरूनी कलह से पार्टी को नुकसान हो सकता है। इसलिए नेताओं को अनुशासित रहने के लिए कहा गया है। देखना होगा कि इस फैसले का केरल के चुनाव पर क्या असर पड़ता है। क्या कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव लड़ पाएगी? क्या पार्टी केरल की जनता का विश्वास जीत पाएगी? ये कुछ सवाल हैं जिनके जवाब आने वाले समय में मिलेंगे। फिलहाल पार्टी नेताओं को अनुशासन में रहने की सख्त हिदायत दी है। इससे साफ है कि कांग्रेस हाईकमान केरल चुनाव को लेकर कितना गंभीर है। वह किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहता। देखना होगा कि यह रणनीति कितनी कारगर साबित होती है।

# केरल में बदहाल होती कांग्रेस

कांग्रेस को विधानसभा चुनाव 2026 से पहले केरल में अपनी राजनीतिक, संगठनात्मक और सामाजिक संरचना को ठीक करना होगा। सीपीएम और भाजपा उसके पारंपरिक समर्थन आधार को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस को अपने मतदाताओं को स्थिर और मजबूत करने के लिए पर्याप्त प्रयास करने की आवश्यकता है। कांग्रेस के लिए केरल हमेशा से एक मजबूत गढ़ रहा है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों में, जब राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, केरल ने अच्छे नतीजे देकर पार्टी का मान बढ़ाया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड से लोकसभा भेजकर केरल कांग्रेस ने गांधी परिवार की भी मदद की, जब उत्तर भारत में उनकी पारंपरिक सीटें भाजपा के उदय से खतरे में पड़ गई थीं।

इन उपलब्धियों के बावजूद 2026 के विधानसभा चुनाव केरल कांग्रेस के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं हैं। 2021 के चुनावों में पार्टी की अप्रत्याशित हार ने इसे झकझोर कर रख दिया था। माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर केरल के चुनावी चक्र को ही तोड़ दिया था। इसलिए आगामी स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के लिए अपनी राजनीतिक, संगठनात्मक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

हाल के राजनीतिक घटनाक्रम बताते हैं कि केरल में कांग्रेस का परंपरागत जनाधार, जिसमें बहुसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ-साथ मुस्लिम और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय भी शामिल हैं, माकपा और भाजपा की घुसपैठ का शिकार हो रहा है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) से करारी हार और दूसरी एलडीएफ सरकार के खिलाफ बढ़ते असंतोष के बाद माकपा अपनी रणनीति बदल रही है। पहले मुस्लिम समुदाय को लुभाने की कोशिश करने वाली माकपा अब अपने हिंदू वोट बैंक, खासकर एझावा समुदाय को मजबूत करने में जुटी है। यहां तक कि चर्चा थी कि माकपा, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को कांग्रेस से तोड़ने की कोशिश कर रही थी।

केरल के राजनीतिक पंडितों का मानना है कि माकपा ने यह रणनीति इसलिए बदली है क्योंकि उसे समझ आ गया है कि कांग्रेस का मुस्लिम वोट बैंक अडिग है। इसलिए अब माकपा भाजपा के बढ़ते प्रभाव से अपने हिंदू वोट बैंक को बचाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने त्रिशूर सीट जीतकर और लगभग एक दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनाकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने हाल ही में कांग्रेस और गांधी परिवार पर वायनाड चुनाव में जमात-ए-इस्लामी का समर्थन लेने का आरोप लगाया। उन्होंने इंडिया ब्लॉक में समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और आइयूएमएल पर इस्लामी कट्टरपंथी संगठनों से समझौता करने का आरोप लगाया। दिल्ली के वामपंथी इससे असहज हो सकते हैं, लेकिन केरल के माकपा नेताओं के लिए चुनावी जीत ही सब कुछ है।

# भारत से यूं ही गलबहियां नहीं कर रहा ईयू

यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच सुरक्षा और रक्षा साझेदारी का प्रस्ताव किया है। यह साझेदारी व्यापार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी क्षेत्रों को विकास देने के लिए की गई है। लेयेन ने भारत-यूरोप संबंधों की अपार संभावनाओं की बात करते हुए कहा कि ये इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक हो सकती है।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका से गहराते मतभेद के बीच यूरोप भारत के साथ मजबूत दोस्ती की पींगे बढ़ाने को आतुर दिख रहा है। आपसी संबंधों को इक्कीसवीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक बनने की क्षमता वाला करार दिया है। यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन भारत आईं हैं। उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए यूरोपियन यूनियन (ईयू) का समर्थन देने का वादा किया है। साथ ही, उन्होंने एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि 27 देशों वाला ईयू समूह भारत के साथ सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की संभावना तलाशेगा। जैसे जापान और दक्षिण कोरिया के साथ ईयू की साझेदारी है, वैसी ही साझेदारी भारत के साथ भी होगी।

वॉन डेर लेयन ने व्यापार, तकनीक और कनेक्टिविटी को भारत-ईयू संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाना। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में से एक बन सकता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प या उनके सहयोगियों के साथ व्यवहार के बारे में सीधे तौर पर बात नहीं की। लेकिन उन्होंने कहा कि प्रभाव क्षेत्रों और अलगाववाद वाली दुनिया से भारत और EU दोनों को नुकसान होगा। सहयोग और साथ मिलकर काम करने वाली दुनिया से दोनों को फायदा होगा।

उन्होंने कहा, 'क्योंकि हम एक-दूसरे को विशिष्ट विकल्प और उपकरण दे सकते हैं ताकि आज की दुनिया में हम खुद को मजबूत, अधिक सुरक्षित और अधिक संप्रभु बना सकें। ऐसा प्रस्ताव जो वास्तव में दूसरों द्वारा दोहराया नहीं जा सकता है।'

भारत के साथ एक नई सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर वॉन डेर लेयन ने कहा कि इससे दोनों पक्षों को साझा खतरों का मुकाबला करने में मदद मिलेगी। चाहे वो सीमा पार आतंकवाद हो, समुद्री सुरक्षा खतरे हों, साइबर हमले हों या नई घटनाः महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले।

लेयन ने कहा, 'ऐसा बहुत कुछ है जिस पर हम निर्माण कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, समुद्री सुरक्षा पर हालिया सहयोग। और मुझे ईयू के स्थायी सहयोग के तहत रक्षा औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल होने में भारत की रुचि को देखकर खुशी हो रही है। भारत अपनी सैन्य आपूर्ति में विविधता लाने और नई क्षमताओं तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। और मेरा मानना है कि हम एक-दूसरे को अपने सुरक्षा उद्देश्यों को पूरा करने में मदद कर सकते हैं।'

ईयू और भारत दोनों जिन भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, उनके बारे में बात करते हुए वॉन डेर लेयन ने कहा कि दुनिया एक और मोड़ पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह भारत-ईयू सहयोग पर सीमाएं लगाने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, 'या क्षेत्रीय या वैश्विक चिंता के हर मुद्दे पर समझौता तलाशने में फंसने का समय नहीं है। यह व्यावहारिक और महत्वाकांक्षी होने का समय है। और आज की वास्तविकताओं के लिए अपनी प्राथमिकताओं को फिर से व्यवस्थित करने का समय है।'

इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर को एक संभावित आधुनिक स्वर्णिम मार्ग बताते हुए वॉन डेर लेयन ने कहा कि यह भारत और यूरोप के बीच व्यापार को 40% तेज कर सकता है। उन्होंने कहा, 'यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक हरित और डिजिटल पुल है। यह यूरोप, भारत और हमारे सहयोगियों के लिए एक विन-विन सिचुएशन हो सकता है।

# तू-तू मैं-मैं, ट्रंप-जेलेंस्की की मुलाकात से पहले ही तय थी!




यूक्रेन और यूएस के बीच प्रस्तावित मिनरल्स डील विफल रही क्योंकि अंतिम मसौदे में यूक्रेन को अधिक लाभ देने की बात थी। यूक्रेन के खनिज संपदा से अमेरिकी निवेश को आकर्षित करने की योजना थी, लेकिन युद्ध और जोखिम निवेशकों को हतोत्साहित कर रहा था। इस डील से दोनों देशों को कई फायदे हो सकते थे।

अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक खनिज सौदे पर बातचीत चल रही थी, लेकिन यह सौदा हो नहीं पाया। यह सौदा पहले वाले सौदे का एक कमजोर रूप था। पहले वाले सौदे में यह बात सामने आई थी कि अमेरिका, यूक्रेन के खनिजों से 500 अरब डॉलर कमाएगा। लेकिन आखिरी ड्राफ्ट में यूक्रेन के लिए बेहतर शर्तें थीं। आइए समझते हैं कि ट्रंप को यह नया सौदा क्यों पसंद नहीं आया होगा।

इस सौदे का मूल सिद्धांत यह था कि यूक्रेन की खनिज संपदा के बदले अमेरिका उसे मदद और निवेश देगा। यह विचार पिछले साल अक्टूबर में जेलेंस्की की 'विजय योजना' में सामने आया था। जो समझौता होने वाला था, वह एक संयुक्त पुनर्निर्माण निवेश कोष बनाने के लिए था। इस कोष पर अमेरिका का नियंत्रण होता और यह अमेरिकी कानूनों के तहत काम करता। यूक्रेन खनिज, तेल, गैस, बंदरगाह और एलएनजी टर्मिनल जैसे अपने प्राकृतिक संसाधनों से होने वाली कमाई का 50% इस कोष में डालता।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कोष में मौजूदा खनन और प्राकृतिक संसाधन व्यवसाय शामिल नहीं होते। यानी यूक्रेन की प्राकृतिक संसाधनों से होने वाली वर्तमान कमाई इस कोष में नहीं जाती। इसके अलावा, इस कोष का उद्देश्य यूक्रेन में ही पुनर्निवेश करना था। यह पुनर्निवेश कम से कम सालाना होता ताकि 'यूक्रेन की सुरक्षा और समृद्धि' को बढ़ावा मिले। विस्तृत नियम और शर्तें बाद में बातचीत करके तय की जानी थीं।

इसका जवाब अभी साफ नहीं है। पहले तो यूक्रेन के प्राकृतिक संसाधनों का पूरा आकलन ही नहीं है। कहा जाता है कि यूक्रेन के पास 100 से ज्यादा प्रमुख खनिजों के भंडार हैं, जिनमें टाइटेनियम, लिथियम, दुर्लभ खनिज और 19 मिलियन टन ग्रेफाइट शामिल हैं। हालांकि, कीव मानता है कि 350 अरब डॉलर के संसाधन अब रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हैं। यूक्रेनी थिंक टैंक का अनुमान है कि देश के लगभग 40% धातु संसाधन अब रूस के नियंत्रण में हैं। इसके अलावा, यूक्रेन में अभी कोई भी व्यावसायिक रूप से चलने वाली दुर्लभ खनिज की खान नहीं है। इसलिए, इन खनिजों का सही मूल्य जानने के लिए बहुत अधिक खोजबीन की जरूरत है। संसाधनों के मौजूदा नक्शे 30-60 साल पुराने हैं। ये पुरानी भूवैज्ञानिक रिपोर्ट हैं जिन्हें आधुनिक तरीकों से सत्यापित करने की आवश्यकता है। साथ ही, सोवियत काल की एक नीति कुछ भंडारों की जानकारी को राज्य का रहस्य मानती है। ध्यान दें कि यूक्रेनी सरकार को पिछले साल प्राकृतिक संसाधनों पर रॉयल्टी से केवल 1.1 अरब डॉलर मिले थे। इसलिए, इस सौदे की पूरी क्षमता का अहसास करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण में बहुत अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। इसका मतलब है कि यूक्रेन के खनन क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश आकर्षित करना।

इस तथ्य के अलावा कि खनिजों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थित है, यूक्रेन के बड़े हिस्से अब बारूदी सुरंगों से भरे हुए हैं। व्यावसायिक कार्यों को शुरू करने के लिए पहले इन्हें सुरक्षित रूप से हटाने की आवश्यकता है। हालांकि, यह खनिजों की खोज और सर्वेक्षण को और भी महंगा बना देता है। लेकिन वर्तमान सौदा इस बारे में स्पष्ट नहीं है कि इसके लिए जोखिम पूंजी कौन देगा। यह संभवतः बाद के कोष समझौते में बताया जाएगा। इसके अलावा, जब तक युद्ध बिना युद्धविराम के जारी रहता है, तब तक यूक्रेन के खनन में निवेश आकर्षित करना चुनौतीपूर्ण साबित होगा। यह एक दुविधा पैदा करता हैः यदि सौदे का उद्देश्य रूस द्वारा भविष्य में आक्रमण को रोकना है, तो चल रहा संघर्ष ही सौदे के संचालन में बाधा है। विशेष रूप से अग्रिम पंक्ति के यूक्रेनी कस्बे और शहर बड़े पैमाने पर विनाश का सामना कर रहे हैं। वहां व्यावसायिक गतिविधियां शुरू होने से पहले यूक्रेन के बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण सुधार की आवश्यकता है।

अगर इस सौदे की खामियों को दूर कर लिया जाता, तो अमेरिकी कंपनियों को बड़ा फायदा हो सकता था। उदाहरण के लिए, दुर्लभ खनिजों की अमेरिकी उत्पादक एमपी मटीरियल्स इस सौदे में दिलचस्पी ले सकती थी क्योंकि वह टेक्सास में एक दुर्लभ खनिज चुंबक निर्माण सुविधा बना रही है। ऐसा ही Albemarle Corporation के साथ भी होगा, जो अमेरिका में लिथियम की सबसे बड़ी खनन कंपनी है।

वैसे भी, ट्रंप दुर्लभ खनिजों पर चीन की पकड़ को तोड़ना चाहते हैं। बीजिंग उन्नत तकनीक और रक्षा उद्योग के लिए महत्वपूर्ण वैश्विक दुर्लभ खनिजों का लगभग 90% उत्पादन करता है। अमेरिका-यूक्रेन सौदा संभावित रूप से चीन के खिलाफ बाजी पलट सकता है। इस बीच, यूक्रेन के लिए इसने यूक्रेन में लंबी अवधि के अमेरिकी व्यावसायिक हितों के द्वार खोल दिए होते। जेलेंस्की ने बार-बार कहा है कि वह चाहते हैं कि अमेरिका, यूक्रेन के विकास में भागीदार बने। यह उम्मीद की जा रही थी कि यह भविष्य में रूसी आक्रमण के खिलाफ एक निवारक के रूप में काम करेगा। हालांकि, कीव के लिए सौदे में कोई ठोस सुरक्षा गारंटी नहीं थी।

दूसरी ओर, ट्रंप को एक राजनीतिक जीत मिलती और यूक्रेन को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता अनुदान से ऋण में आंशिक रूप से परिवर्तित हो जाती। लेकिन बहुत कुछ फंड समझौते के विवरण पर निर्भर करता। अमेरिकी कंपनियां तभी आगे आएंगी जब न्यूनतम जोखिम के साथ लाभ के स्पष्ट अवसर होंगे। ऐसी स्थितियां बनाना कठिन होगा।

# मुस्लिम- यादव के ठप्पे से दूर जाने की फिराक में तेजस्वी!

बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राजद न केवल सोशल इंजीनियरिंग पर निर्भर है, बल्कि अपनी छवि बदलने की भी कोशिश कर रही है। कारण ये है कि संकेत दिया जा सके कि उसके पास बिहार के विकास के लिए रोडमैप है। तेजस्वी यादव लगातार कल्याणकारी योजना की घोषणा कर रहे हैं। उधर, लालू यादव ने एक्टिव होकर एक विशेष प्लान तैयार कर लिया है।

अभी हाल के दिनों में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर तेजस्वी यादव ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि उनके पिता और राजद प्रमुख लालू प्रसाद को उस युग में बेजुबानों को आवाज देने के लिए भारत रत्न दिया जाना चाहिए, जब दलित वर्गों को कुओं तक पहुंच से वंचित रखा गया था। तेजस्वी का ये बयान राजद के उन वोटों को वापस पाने के प्रयास को उजागर किया जो उसने पिछले कुछ वर्षों में खो दिए हैं - ये वोट हैं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और दलितों के। ईबीसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर को पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले नरेन्द्र मोदी सरकार ने मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया था।

### मुस्लिम- यादव समीकरण

पिछले कुछ सालों में "एमवाई" या मुस्लिम-यादव पार्टी के रूप में ब्रांड किए जाने और अपने वोट शेयर में वृद्धि के बावजूद कुछ दशकों से विफल चल रही है। अब आरजेडी ने अब अपने सामाजिक आधार का विस्तार करने के लिए गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), ईबीसी और दलितों को लुभाने के लिए बड़े पैमाने पर कवायद शुरू कर दी है। बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। 1990 के दशक में सामाजिक न्याय की राजनीति के उदय और लालू के नेतृत्व ने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में क्रांति ला दी थी, जिससे ओबीसी को ऊंची जातियों के वर्चस्व के खिलाफ खड़ा कर दिया गया था। इसका नतीजा यह हुआ कि ओबीसी, ईबीसी और दलित लालू की ओर आकर्षित हुए, जिससे 15 साल तक उनका सत्ता में बने रहना सुनिश्चित हो गया। हालांकि, जनता परिवार में लालू के पूर्व साथी नीतीश कुमार फिर उभरे और 2005 में भाजपा के साथ गठबंधन करके लालू से सत्ता छीन ली। जेडीयू प्रमुख और सीएम नीतीश ने तब से ईबीसी और महादलितों (अत्यंत पिछड़े दलितों) के बीच अपने मजबूत वोट बैंक का निर्माण किया है, जिसके तहत उन्होंने अब तक आरजेडी को सत्ता में लौटने से सफलतापूर्वक रोका है। 22 जनवरी को तेजस्वी ने झंझारपुर जिले के फुलपरास में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने के लिए एक विशाल रैली को संबोधित किया था। जहां उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे बिहार में आरक्षण के अग्रदूत ठाकुर से प्रेरित होकर उन्होंने पिछड़ों और वंचितों के लिए कोटा बढ़ाने के लिए दबाव डाला, जब उनकी पार्टी नीतीश के साथ उनकी महागठबंधन सरकार का हिस्सा थी। बिहार के 2022-23 के जाति सर्वेक्षण के अनुसार, ईबीसी सबसे बड़ा समूह है जो राज्य की आबादी का 36% से अधिक हिस्सा बनाता है, जबकि दलितों की हिस्सेदारी लगभग 20% है। राजद ने 9 फरवरी को पटना में तेली समुदाय तक पहुंचने के लिए एक और रैली की, जिसे तेजस्वी ने भी संबोधित किया। ईबीसी में तेली सबसे बड़ा समुदाय है, जो बिहार की आबादी का लगभग 3% है। तेजस्वी कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम नामक राज्यव्यापी दौरे पर भी हैं, जिसके दौरान वे सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं और लोगों के सामने अपनी पार्टी के वादों को भी रख रहे हैं।



# मार्च महीने की पहली विनायक चतुर्थी कल

भगवान गणपति की कृपा प्राप्त करने के लिए विनायक चतुर्थी बेहद खास मानी गई है। ऐसे में आइए जानते हैं कि मार्च महीने की पहली विनायक चतुर्थी का व्रत कब रखा जाएगा, शुभ मुहूर्त क्या है और इस दिन क्या करने से गणपति की कृपा प्राप्त होगी।

विनायक चतुर्थी भगवान गणेश की कृपा पाने के लिए सबसे शुभ तिथियों में से एक है। इस दिन भगवान गणेश के भक्त उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए विधि-विधान से उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि इसी तिथि में भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए मान्यता है कि इस दिन भगवान गणेश की उपासना करने से घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है। फाल्गुन मास की विनायक चतुर्थी को कार्यों को सिद्ध करने वाली मानी गई है। गणेश जी भक्तों के कार्यों में आने वाली बाधाओं को पल भर में दूर कर देते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि मार्च महीने की पहली विनायक चतुर्थी कब है, पूजन के लिए शुभ मुहूर्त और विधि क्या है। वहीं, इस दिन किन उपायों को करने से गणपति की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### विनायक चतुर्थी 2025 डेट व शुभ मुहूर्त

**वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास के शुल्क पक्ष की विनायक चतुर्थी सोमवार, 3 मार्च 2025 को है। चतुर्थी तिथि की शुरुआत 2 मार्च को रात 9 बजकर 1 मिनट से शुरू होगी। जबकि, इस तिथि की समाप्ति 3 मार्च को शाम 6 बजकर 02 मिनट पर होगी। ऐसे में उदया तिथि की मान्यता के अनुसार, विनायक चतुर्थी का व्रत 3 मार्च को ही रखा जाएगा।**

### विनायक चतुर्थी पर कैसे करें गणपति की पूजा ?

फाल्गुन मास की विनायक चतुर्थी के दिन सुबह स्नान-ध्यान के बाद गणपति बप्पा का ध्यान करें और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद शुभ मुहूर्त में पूजा स्थान पर किसी चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं और उस पर गणेश की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। ऐसा करने के बाद गंगाजल का छिड़काव करें और गणपति बप्पा को प्रणाम करें। इसके बाद सिंदूर से गणपति को तिलक लगाएं और उनके सामने धूप-दीप जलाएं। इतना करने के बाद भगवान गणेश को उनकी प्रिय चीजें अर्पित करें। साथ ही उन्हें जनेऊ और 21 दुर्वा अर्पित करें।

### विनायक चतुर्थी के उपाय

फाल्गुन मास की विनायक चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को सिंदूर चढ़ाएं अर्पित करें। इसके साथ ही उन्हें दूर्वा अर्पित करें। साथ ही, पूजा के दौरान उन्हें मोदक या लड्डू का भोग लगाएं। विनायक चतुर्थी पर इस उपाय को करने से हर प्रकार की बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है।

विनायक चतुर्थी पर 'ओम गं गणपते नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें और गणेशजी की विधिवत पूजा करें। ऐसा करने से धन, सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है।

विनायक चतुर्थी पर शमी के पेड़ की पूजा करना बेहद शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन गणपति बप्पा को शमी का पत्ता अर्पित करने से सभी दुख और कष्टों से मुक्ति मिलती है।

पैसों से जुड़ी दिक्कतों से मुक्ति पाने के लिए विनायक चतुर्थी के दिन गणेशजी के समक्ष चौमुखी दिया जलाएं और भगवान गणेश की विधिवत पूजा करें।

# विनायक चतुर्थी पर भगवान गणेश को राशि अनुसार चढ़ाएं ये चीजें



### सभी विघ्नों का होगा नाश

विनायक चतुर्थी का दिन भगवान गणेश का आशीर्वाद पाने के लिए सबसे शुभ माना जाता है। यह दिन गणेश जी को समर्पित है। यह आध्यात्मिकता, भक्ति और त्याग का मिश्रण है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और पूजा-पाठ करते हैं। कहा जाता है कि जो लोग इस व्रत का पालन करते हैं, उन्हें ज्ञान, समृद्धि और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। इस बार यह व्रत 03 मार्च को रखा जाएगा, अगर आप बप्पा की कृपा पाने की इच्छा रखते हैं, तो आपको इस कठिन व्रत का पालन अवश्य करना चाहिए। वहीं, इस दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है, जिनमें पूजा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। ऐसे में आइए यहां जानते हैं कि बप्पा को कैसे प्रसन्न करना है?

### विनायक चतुर्थी पर करें ये काम

**मेष राशिः** मेष राशि के लोगों को विनायक चतुर्थी पर भगवान गणेश को गुड़हल के फूल अर्पित करने चाहिए।

**वृषभ राशिः** वृषभ राशि के जातक को इस शुभ दिन पर बप्पा को पंचामृत चढ़ाना चाहिए।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि के लोगों को इस शुभ दिन पर बप्पा को दुर्वा अर्पित करनी चाहिए।

**कर्क राशिः** कर्क राशि के जातकों को विनायक चतुर्थी पर गणेश जी को नारियल व कलावा अर्पित करना चाहिए।

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों को इस शुभ तिथि पर बप्पा को बूंदी के लड्डू चढ़ाने चाहिए।

**कन्या राशिः** कन्या राशि के लोगों को इस मौके पर विघ्नहर्ता को केले का भोग लगाना चाहिए।

**तुला राशिः** तुला राशि के लोगों को विनायक चतुर्थी पर भगवान गणेश को लाल वस्त्र अर्पित करने चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि के जातकों को इस शुभ अवसर पर शिव पुत्र गणेश को हलवे का भोग लगाना चाहिए।

**धनु राशिः** धनु राशि के लोगों को इस शुभ दिन पर केसर मिश्रित खीर का भोग भगवान गणेश को लगाना चाहिए।

**मकर राशिः** मकर राशि के लोगों को विनायक चतुर्थी पर श्री गणेश को शमी के फूल अर्पित करने चाहिए।

**कुंभ राशिः** कुंभ राशि के जातकों को इस तिथि पर शिव पुत्र को काले तिल के लड्डू चढ़ाने चाहिए।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों को इस शुभ अवसर पर बप्पा को पीली मिठाई अर्पित करनी चाहिए।

# सूर्य बना रहे डबल राजयोग देंगे राजसी वैभव और तरक्की हर कोई कहेगा वाह



सूर्य हर महीने राशि परिवर्तन करते हैं। आने वाली 14 मार्च को भी सूर्य गोचर करेंगे और मीन राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य का गोचर बड़ा परिवर्तन लाएगा।

### बनेंगे 2 राजयोग

सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने से ग्रहों के राजा की शुक्र व बुध के साथ युति होगी। इससे शुक्रादित्य और बुधादित्य राजयोग बनेंगे। जो 3 राशि वालों के लिए बेहद शुभ हैं।

### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए सूर्य का गोचर बहुत लाभ देगा। करियर में बड़ी तरक्की मिल सकती है। अचानक धन लाभ हो सकता है। इनकम में बढ़ोतरी, प्रमोशन मिलेगा। कारोबार में खूब मुनाफा कमाएंगे। लव लाइफ अच्छी रहेगी। कुल मिलाकर हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

### मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों के लिए भी 14 मार्च से अच्छा समय शुरू होगा। नौकरी में नए अवसर मिलेंगे। सीनियर्स से सराहना मिलेगी। आय बढ़ेगी। पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आय के नए स्त्रोत खुलेंगे। पार्टनर के साथ ईमानदारी बरतें।

### तुला राशि

सूर्य का राशि परिवर्तन तुला राशि के जातकों को बड़ा लाभ देगा। हर कदम पर किस्मत का साथ मिलेगा। जो काम अब तक नहीं बन पा रहे थे, अब बनने लगेंगे। थोड़े से प्रयासों से भी सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अध्यात्म की ओर झुकाव बढ़ेगा।



# बिजनेस को चमका देंगे ये वास्तु टिप्स

वास्तु शास्त्र में बिजनेस, दुकान और ऑफिस को सफलता की ओर ले जाने के लिए कई उपाय बताए गए हैं। हर व्यवसायी चाहता है कि उसकी आमदनी बढ़े और उसका कारोबार फलता-फूलता रहे। वास्तु शास्त्र के अनुसार, कुछ आसान उपायों को अपनाकर बिजनेस में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। ये उपाय ग्राहक आकर्षित करने के साथ-साथ व्यवसाय में स्थिरता और समृद्धि भी लाते हैं।आइए जानते हैं कि मुख्य दरवाजे से लेकर बैठने की व्यवस्था तक कौन-से वास्तु टिप्स आपके बिजनेस को चमका सकते हैं।

### दुकान या ऑफिस की एंट्री दिशा

किसी भी बिजनेस स्थान की एंट्री दिशा बेहद महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यहीं से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। वास्तु के अनुसार, दुकान या ऑफिस का मुख्य द्वार उत्तर या पूर्व दिशा में होना शुभ माना जाता है, क्योंकि यह समृद्धि और सफलता को आकर्षित करता है। ऐसे में वास्तु नियम के मुताबिक, मेन एंट्री के सामने कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। वहां पर्याप्त रोशनी हो और दरवाजा सुंदर व आकर्षक दिखे।

### इन वास्तु उपायों से मिलेगी व्यापार में सफलता

हर सुबह दुकान या ऑफिस में शंख बजाएं या मोबाइल पर शंख ध्वनि चलाएं।

उत्तर दिशा में मिट्टी के बर्तन में कुछ छुहारे रखें।

काउंटर पर फेंगशुई की 'मनी कैट' (हाथ हिलाने वाली बिल्ली) रखें।

उत्तर-पूर्व दिशा में रखे लोहे के ताले और चाबियों को वहां से हटा दें।

**दक्षिण-पूर्व दिशा में लाल रंग का फूलदान रखें।**

समय-समय पर दुकान या ऑफिस का सामान इधर-उधर शिफ्ट करें।

अपनी कुर्सी के नीचे पीले रंग का कपड़ा रखें और उस पर पीपल का पत्ता रखें, जिसे नियमित रूप से बदलते रहें।

### कैश रखने की सही दिशा

वास्तु शास्त्र में धन रखने की दिशा को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। उत्तर, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व दिशा में कैश रखने से धन में वृद्धि होती है। इन दिशाओं में रखा हुआ पैसा व्यापार में स्थिरता लाता है और आर्थिक संपन्नता को बढ़ाता है।

# अपने पर्स में कौन सी 5 चीजें भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए ?

### चमड़े के पर्स में देवी-देवताओं की तस्वीर

वास्तु शास्त्र के अनुसार, चमड़े के पर्स में भूल से भी देवी-देवताओं की फोटो नहीं रखनी चाहिए। असल में चमड़े को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा रखा माना जाता है। ऐसे में पर्स में देवी-देवताओं की तस्वीर रखने से उनकी अप्रसन्नता झेलनी पड़ती है, जिससे सुख-समृद्धि चली जाती है।

### दिवंगत परिजनों की फोटो

अपने गुजर चुके परिजनों को हमेशा याद रखना गलत नहीं है लेकिन उनकी फोटो को हमेशा अपने पर्स में रखना सही नहीं माना जाता है। ऐसा करने से व्यक्ति हमेशा अपने अतीत में जीता रहता है और जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाता। ऐसा करने से जातक को धन-हानि झेलनी पड़ती है।

### बंद हो चुके नोट या पुराने सिक्के

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बंद हो चुके नोट या पुराने सिक्कों को कभी भी अपने पर्स में रखना चाहिए। पर्स में इनकी उपस्थिति धन को आने से रोकती है, जिससे परिवार में आर्थिक तंगी पसरती है और उसे धन की कमी का सामना करना पड़ता है।

### पुराने बिल या रसीदें निकाल दें

पुराने बिलों या रसीदों को संभालकर रखना अच्छा माना जाता है। लेकिन उन्हें कभी भी अपने पर्स में रखकर नहीं घूमना चाहिए। ऐसा करने से भाग्य में रुकावट आती है और परिवार में तनाव का माहौल रहता है। इसके बजाय उन्हें निकालकर कहीं सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।

### फटे-गले नोट कभी न रखें

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, यदि आपके पर्स में फटे-गले नोट हों तो उन्हें जल्द से जल्द बाहर कर दें। ऐसे नोट किसी काम के नहीं होते और नकारात्मक ऊर्जा को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, जिससे पैसों की बर्बादी के सिवाय कुछ और नहीं मिलता है।

# 1 मुट्ठी चावल का ये उपाय बनाएगा आपको मालामाल!



हमारे जीवन में कई बार हम इतनी मेहनत करते हैं, लेकिन फिर भी सफलता का वह स्वाद नहीं चख पाते, जिसकी हम उम्मीद करते हैं। मेहनत के बावजूद कभी न कभी ऐसा महसूस होता है कि जीवन में किसी न किसी चीज़ की कमी हमेशा बनी रहती है। इस स्थिति में ज्योतिष शास्त्र की मान्यता के अनुसार भाग्य को प्रबल करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन कई बार ऐसा भी होता है कि हमारे भाग्य को अनुकूल बनाने के लिए कुछ विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जीवन की कई समस्याओं का समाधान कुछ सरल और प्रभावी उपायों में छिपा होता है। इन उपायों में चावल, जिसे हम अक्षत भी कहते हैं, का विशेष स्थान है। चावल को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण अनाज माना जाता है। पूजा पाठ के दौरान यदि किसी विशेष सामग्री की कमी हो, तो उसे चावल से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

### पैसों की परेशानी दूर करने के उपाय

हिंदू धर्म में मान्यता है कि यदि पूजा में प्रयुक्त होने वाला चावल अखंडित यानी टूट-फूट रहित हो, तो इसे रोली के तिलक के साथ माथे पर लगाना चाहिए। यह उपाय व्यक्ति की आर्थिक समस्याओं को दूर करने में सहायक साबित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, तांबे के लोटे में थोड़ी सी रोली के साथ चावल डालकर सूर्य देव को अर्घ्य देने से भी सोई हुई किस्मत जाग सकती है। सूर्य देव को अर्घ्य देने से व्यक्ति को धन और समृद्धि के नए मार्ग मिलते हैं और पैसों की किल्लत समाप्त होती है।

### मां लक्ष्मी का आशीर्वाद

ज्योतिष शास्त्र में यह भी कहा गया है कि पूर्णिमा के दिन चावल से जुड़े कुछ विशेष उपाय किए जा सकते हैं। इस दिन सुबह उठकर स्नानादि करके एक साफ लाल रेशमी कपड़े में चावल के 21 अखंडित दाने रखें और उन्हें माता लक्ष्मी के समक्ष पूजा करके रखें। यह उपाय घर में लक्ष्मी का वास सुनिश्चित करता है और घर में धन-धान्य की कभी कमी नहीं होने पाती। पूजा के बाद इस पोटली को घर के धन वाले स्थान पर रखकर उसका सम्मान करना चाहिए। यह उपाय विशेष रूप से धन संबंधी समस्याओं के लिए लाभकारी माना जाता है।

### भगवान शिव को चढ़ाएं अक्षत

यदि कोई व्यक्ति आर्थिक तंगी से गुजर रहा हो और उसकी मेहनत का सही फल उसे नहीं मिल पा रहा हो, तो वह सोमवार के दिन किसी शिव मंदिर में जाकर भगवान शिव के नाम का जप करते हुए 1 मुट्ठी अक्षत चढ़ाए। इस दौरान वह चावल को भगवान शिव को अर्पित करते हुए इस मंत्र का जाप कर सकता है: "ॐ नमः शिवाय।" इसके बाद बचे हुए चावल को किसी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को दान कर देना चाहिए। ऐसा करने से धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति में सुधार आने लगता है और व्यक्ति की मेहनत का उचित फल मिलने लगता है। इस उपाय को लगातार पांच सोमवार तक करने से धन संबंधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं।

# आर्थिक तंगी और सेहत पर असर डालते हैं ये ग्रह

प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली में स्थित ग्रह उसकी ज़िंदगी पर गहरा प्रभाव डालते हैं। ये ग्रह हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करते हैं, जैसे कि स्वास्थ्य, आय, रिश्ते और मानसिक शांति। लेकिन कभी-कभी ग्रहों की स्थिति नकारात्मक हो जाती है, जिससे विभिन्न समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसी स्थिति में ज्योतिष शास्त्र में दिए गए उपायों का पालन कर हम इन समस्याओं को दूर कर सकते हैं।

### किस ग्रह के लिए कौनसा रत्न ?

ग्रहों का प्रभाव हमारे जीवन में आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, सूर्य का रत्न माणिक्य, चंद्र का रत्न मोती, बुध का रत्न पन्ना, गुरु का रत्न पुखराज, मंगल का रत्न मूंगा, शुक्र का रत्न हीरा, शनि का रत्न नीलम, राहु का रत्न गोमेद, और केतु का रत्न लहसुनिया हैं। इन रत्नों के माध्यम से हम अपने जीवन में आने वाली बाधाओं को कम कर सकते हैं।



### स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त ग्रहों का चुनाव

यदि किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो उसे अपनी कुंडली में स्थित 1, 5, 9वें भाव के ग्रहों का रत्न धारण करना चाहिए। ये ग्रह स्वास्थ्य के लिए शुभ माने जाते हैं। अगर इन ग्रहों की स्थिति 6, 8, या 12वें भाव में नहीं है, तो रत्न का लाभ अधिक मिलेगा।

### आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए

आर्थिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए, 2, 6, 10 और 11वें भाव के ग्रहों का रत्न पहनना फायदेमंद होता है। इन ग्रहों से संबंधित रत्न से आय के स्त्रोत बढ़ सकते हैं। हालांकि, 5 और 9वें भाव से जुड़े ग्रह आय के लिए सही नहीं होते, इसलिए इन्हें ध्यान में रखते हुए रत्न का चुनाव करना चाहिए।

### कुंडली के विश्लेषण से सही रत्न का चयन

वैदिक ज्योतिष के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में लग्नेश, पंचमेश और नवमेश शुभ ग्रह हैं, तो इन ग्रहों का रत्न स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त हो सकता है। लेकिन इन ग्रहों को 2, 6, 10 और 11वें भाव से जोड़कर देखा जाए, तो रत्न को पहनने से आय में भी वृद्धि हो सकती है।



# जब बॉलीवुड ने कहा 'खत्म'

## इन 5 सितारों ने बॉक्स ऑफिस पर फिर मचाया धमाल, टूटे रिकॉर्ड्स



**बॉलीवुड में सफलता और असफलता आम बात है।** कई बार ऐसा होता है कि कुछ एक्टर्स लगातार फिल्मों के फ्लॉप होने पर बैकफुट पर चल जाते हैं। हालांकि वह बुरे दौर से बवाहर निकलते हैं और धमाकेदार वापसी करते हैं। वह वापस लौटते ही अपनी खोई हुई चमक पा लेते हैं। आपको ऐसे 5 एक्टर्स के बारे में बताते हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर दमदार वापसी की।

शाहरुख खान की फिलम 'ज़ीरो' साल 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की असफलता के बाद उन्हें कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। जिसके बाद एक्टर चार साल तक बड़े स्क्रीन पर नजर नहीं आए। उसके बाद उन्होंने साल 2023 में 'पठान' से बॉक्स ऑफिस पर वापसी की। फिल्म ने कई सारे रिकॉर्ड्स तोड़ डाले और बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा गई। इसके बाद 'जवान' और 'डंकी' रिलीज हुई, जिसने साबित कर दिया कि वह ही 'बॉलीवुड का किंग' है।

साल 2000 के आस-पास सलमान खान की सारी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पिट रही थी। जिसके बाद साल 2009 में प्रभु देवा के निर्देशन में बनी 'वॉटेड' सिनेमाघरों में आई और इसने एक्टर को बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स के लिस्ट में लाकर खड़ा कर दिया। उसके बाद 'दबंग', 'बॉडीगार्ड' और 'एक था टाइगर' रिलीज हुई थी, जिसने सलमान को फिर से सुपरस्टार बना दिया।



### रणबीर कपूर

रणबीर कपूर की फिल्म जग्गा जासूस बॉक्स ऑफिस पर पिट गई थी। उसके बाद एक्टर ने राजकुमार हिरानी की फिल्म संजू जो साल 2018 में रिलीज हुई थी से धमाकेदार वापसी की। फिल्म उनके करियर को ऊंचाईयों पर ले गई।

### सनी देओल

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने गदर 2 से धमाकेदार वापसी की। 22 साल बाद तारा सिंह की वापसी को देखकर दर्शक काफी खुश हो गए। फिल्म ने सफलता का नया आयाम लिखा और भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 500 से ज्यादा की कमाई की।

### अमिताभ बच्चन

एक समय था जब सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बहुत मुश्किल में थे। जिसके बाद साल 2000 में उन्हें फिल्म मोहब्बतें मिली और उसके बाद उन्होंने दमदार वापसी की। फिल्म सुपरहिट हुई थी और उनके किरदार को काफी सराहा गया। उस मूवी ने उनके लिए बॉलीवुड में नया रास्ता खोल दिया।

# सोनाक्षी सिन्हा से जलते थे दोनों भाई लव और कुश सिन्हा, एक्ट्रेस ने खुद किया था खुलासा

## कहा था- 'घर की लड़की तो सबसे लाडली'



सोनाक्षी सिन्हा हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने जुड़वां भाईयों लव और कुश के बारे में बात की। सोनाक्षी ने बताया कि जब वे छोटी थी तो उनके माता-पिता उन्हें काफी लाड़-प्यार देते थे और इस वजह से उनके दोनों बड़े भाइयों को उनसे जलन होती थी।

### सोनाक्षी से दोनों भाइयों को होती थी जलन

दरअसल हाउटरफ्लाई के साथ बातचीत में सोनाक्षी ने भाई-बहन के लड़ाई-झगड़ों के बारे में खुलकर बात की और कहा, "मैं सबसे छोटी, घर की लड़की तो सबसे लाडली, तो भाईयों को जलन भी तो होती थी। तो मुझे पड़ती थी। सोनाक्षी ने कहा कि सभी भाई-बहन लड़ते हैं, और लव और कुश के साथ उनका झगड़ा कोई अलग नहीं था, हालांकि, अपने भाइयों के साथ सोनाक्षी की कथित अनबन हाल ही में सुर्खियों में छाई हुई थी। दरअसल अभिनेत्री ने जहीर इकबाल से शादी की थी और उनके भाई उनकी शादी में शामिल नहीं हुए थे। हालांकि कुश को कुछ फंक्शंस में देखा गया था लेकिन लव ने शादी को पूरी तरह से मिस किया था।

# तमन्ना ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी

## केस दर्ज करवाने की दी चेतावनी



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

### क्या है पूरा मामला

रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### आरोपों पर क्या बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं।' उन्होंने कहा, 'इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।'

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।

### काजल की प्रतिक्रिया का इंतजार

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वह कंपनी के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां तमन्ना मौजूद थीं और बाद में महाबलीपुरम में एक अन्य समारोह में शामिल हुए, जहां काजल मुख्य अतिथि थीं। कहा गया था कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक निवेशकों को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें उपहार में दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर काजल और तमन्ना से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे केवल कंपनी के कार्यक्रमों का प्रचार कर रही थीं या उनकी कोई वित्तीय भागीदारी भी थी। काजल ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# माधुरी दीक्षित की ब्लॉकबस्टर फिल्म

## आधी शूट के बाद डायरेक्टर को लगी थी बकवास

## 1 साल तक थिएटर में करती रही राज

अनिल कपूर की वो ब्लॉकबस्टकर फिल्म जिसकी कहानी और गानों ने धमाल मचा दिया था। फिल्म की रिलीज से पहले तो इसमें काफी बदलाव किए गए थे। फिल्म का पूरा फर्स्ट हाफ ही दोबारा शूट किया गया था। बाद में जो फिल्म बनी, उसे लोग आजतक नहीं भूल पाए हैं। डायरेक्टर ने अपनी सूझ बूझ से ऐसा फैसला लिया था कि फिल्म ने इतिहास रच दिया था। अनिल कपूर का नाम बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में लिया जाता है। 44 सालों से बॉलीवुड में अपने काम से लोगों का दिल जीत रहे हैं और लगातार अपनी फिल्मों से लोगों को हैरान भी कर रहे हैं। लेकिन साल 1992 में उन्होंने एक ऐसे फिल्म में काम किया था, जिसने छप्पर फाड़ कमाई की थी। फिल्म का नाम है 'बेटा'। फिल्म में माधुरी दीक्षित लीड रोल में नजर आई थीं। फिल्म के एक गाने तो लोगों को हैरान कर दिया था।

### बदल डाला था पूरा फर्स्ट हाफ

फिल्म के निर्देशक इंद्र कुमार ने सिद्धार्थ कन्नन के यूट्यूब टॉक शो में खुलासा किया था कि मैंने 'बेटा' का फर्स्ट हाफ देखा, तो मैं हैरान हो गया। मुझे वो बिल्कुल समझ नहीं आया कि ये क्या फिल्म बन गई। लेकिन उन्होंने इस फिल्म का पूरा फर्स्ट हाफ बदल दिया और उन्होंने 2 दिन में पूरा फर्स्ट हाफ दोबारा लिखा और शूट भी कर लिया। इसके बाद अनिल कपूर को उन्होंने कहानी के बदलाव के बारे में बताया और फिल्म ने इतिहास रच दिया।

### फिल्म के एक गाने के मुरीद हो गए थे लोग




फिल्म बेटा उस दौर की बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था। फिल्म के यूं तो सभी गाने लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहे थे। लेकिन फिल्म के एक गाने धक-धक करने लगा... ने तो लोगों के होश उड़ा दिए थे। इस गाने में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की जोड़ी देख लोगों ने दांतों तले उंगलिया दबा ली थी। बता दें कि माधुरी दीक्षित के करियर के लिए ये फिल्म वरदान साबित हुई थी। जहां पहले फिल्म की कहानी अनिल कपूर के इर्द गिर्द घूमने वाली थी। वो बाद में माधुरी दीक्षित पर बेस्ड हो गई थी। इतना ही नहीं इस फिल्म को लोग आज भी देखना पसंद करते हैं।



# बागबान के लिए हेमा मालिनी की जगह इस एक्ट्रेस को साइन करना चाहते थे मेकर्स

## आखिरी मौके पर नहीं बनी बात



रवि चोपड़ा की फैमिली ड्रामा फिल्म बागबान ने कई लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। फिल्म की कहानी इतनी इमोशनल थी कि देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे। हेमा मालिनी और अमिताभ बच्चन अभिनीत इस इमोशनल ड्रामा फिल्म ने लोगों को एक बड़ा पॉवरफुल मैसेज दिया।

### फिल्म में कौन-कौन आया था नजर

फिल्म में अमन वर्मा, महिमा चौधरी, रिमी सेन, परेश रावल, समीर सोनी, दिव्या दत्ता और अन्य ने भी अभिनय किया। वहीं सलमान खान का फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस था। फिल्म अभी भी कई लोगों के दिलों में बसी हुई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हेमा मालिनी फिल्म में मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए पहली पसंद नहीं थीं? जी हां, सही सुना आपने निर्देशक रवि चोपड़ा के दिमाग में बागबान के लिए पहली च्वाइस एक दूसरी अभिनेत्री थीं। उन्होंने उन्हें स्क्रिप्ट भी सुनाई थी और स्क्रिप्ट पसंद आने के बावजूद उन्होंने फिल्म ठुकरा दी थी।

### तब्बू ने रिजेक्ट कर दी थी फिल्म



बता दें कि अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि तब्बू हैं। पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में रवि चोपड़ा की पत्नी रेनू चोपड़ा ने यह खुलासा किया। उन्होंने कहा कि तब्बू ने स्क्रिप्ट सुनने पर जोर दिया और रोईं क्योंकि उन्हें कहानी बहुत पसंद आई। मेकर्स को लगा था कि वह फिल्म के लिए हां जरूर कहेंगी। हालांकि, किसी ने रेनू को बताया कि जब तब्बू स्क्रिप्ट सुनकर रोती हैं तो वह वह फिल्म कभी नहीं करतीं। बाद में तब्बू ने यह ऑफर ठुकरा दिया। जब उनसे इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह चार बच्चों की मां का किरदार नहीं निभाना चाहती थीं। उन्होंने कहा, 'मेरा पूरा करियर मेरे आगे पड़ा है, इसलिए रवि जी, मुझे माफ कर दो।'

# चौराहे पर खड़ी होकर नोरा फतेही ने दिखाए जलवे

## यूजर कर रहे बेहतरीन कमेंट



बॉलीवुड की अभिनेत्री नोरा फतेही अपनी बेहतरीन डांस के लिए जानी जाती हैं। वह डांस करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह यहां अक्सर अपनी बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। हाल ही में नोरा फतेही ने अपनी एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

### वीडियो में क्या है खास?

नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह एक शहर के चौराहे पर खड़ी होकर पोज दे रही हैं। इसके बाद वह स्टाइलिश अंदाज में चलती नजर आ रही हैं। नोरा फतेही ने बैंगनी जैकेट पहनी है और थाई हाई स्लिट स्कर्ट पहनी है। नोरा ने वीडियो में जबरदस्त एक्प्रेशन दिए हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में गाना भी बज रहा है।

### फैंस कर रहे नोरा की तारीफ

नोरा फतेही के फैंस इस वीडियो को लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर ने नोरा फतेही की वीडियो पर दिल और फायर इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'आप सबसे बेहतर हो।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपका ये अंदाज बहुत अच्छा है।' एक और यूजर ने नोरा फतेही की तारीफ में लिखा है 'वाकई आप बहुत खूबसूरत हो।'

### नोरा फतेही के बारे में



नोरा फतेही बॉलीवुड में अपनी डांस के अलावा एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं। उन्होंने 'रोर' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा। वह 'बाहुबली' फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने बॉलीवुड को 'ओ साकी साकी', 'इक तो कम जिंदगानी' और 'नाच मेरी रानी' जैसे बेहतरीन आइटम नंबर दिए हैं। नोरा फतेही हाल ही में 'स्नेक' गाने में नजर आई थीं। इस गाने को लोगों ने इतना देखा है कि यह गाना यूट्यूब पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले गानों में दूसरे नंबर पर आ गया। नोरा फतेही कई डांस शो में बतौर जज नजर आती हैं।

# भारत का पहला रमजान शो, फिल्मी दुनिया छोड़ चुकीं सना खान की नई पेशकश

भारत में 2 मार्च से रमजान शुरू हो रहा है। इस पाक महीने में तमाम मुसलमान एक महीने तक रोजा रखेंगे। इस खास मौके पर शोबिज की दुनिया छोड़ चुकीं सना खान एक नया शो लेकर आ रही हैं, जिसमें रमजान और दीन से जुड़ी बातें होंगी। सना खान ने सोशल मीडिया पर अपने शो का प्रोमो वीडियो शेयर किया है। सना खान के शो का नाम है 'रौनक-ए-रमदान'। इस शो को वो भारत का पहला रमजान शो कह रही हैं। सना ने जो प्रोमो शेयर किया है, उसमें उन्होंने नमाज, इफ्तार और सेहरी की झलक दिखाई है। इस वीडियो में उनके पति मुफ्ती अनस सैयद भी नजर आ रहे हैं। सना ने कहा कि ये उनका पुराना सपना था, जो अब पूरा हो रहा है।

### सना खान के दिल के करीब रमजान



सना खान ने लिखा, "आज जो मैं बात आपके साथ शेयर करने जा रही हूं वो सिर्फ एक अनाउंसमेंट नहीं है बल्कि हमारे दिल का एक बहुत पुराना सपना है, जो अब पूरा हो रहा है। हम लेकर आ रहे हैं इंडिया का पहला रमजान शो 'रौनक-ए-रमदान'। बचपन से लेकर आज तक रमजान हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "सेहरी की वो खामोशी, इफ्तार की वो रौशनी, मस्जिद में वो गुजरे सुकून भरे पल, ये सब हमेशा एक महसूस बनकर दिल में रहते हैं। हमेशा सोचा था कि काश कोई ऐसा शो हो, जो सिर्फ रमजान के बारे में न हो बल्कि रमजान को महसूस भी कराए। और आ वो दिन आ गया है।" सना ने बताया कि इस शो में हम दीन की गहरी बातें करेंगे, मेहमान आएंगे जो अपनी कहानियां शेयर करेंगे और मैं खुद इफ्तार के लिए एक खास डिश बनाऊंगी और बनवाऊंगी, जो सिर्फ एक खाना नहीं बल्कि एक दुआ होगी।

### कहां देख सकेंगे सना खान का शो?

सना खान का ये शो 1 मार्च से शुरू हो रहा है। आप हर रात 8:30 बजे उनका शो उनके यूट्यूब चैनल पर देख सकेंगे। एक समय पर सना खान बॉलीवुड का बड़ा नाम रही हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में काम किया है। साल 2020 में उन्होंने फिल्मी दुनिया को छोड़ने का ऐलान किया था। वो भले ही फिल्मों से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर अक्सर ही एक्टिव रहती हैं



# डोनाल्ड ट्रम्प ने लिए 5 बड़े फैसले जिसने कारोबार को झकझोर दिया



नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कई ऐसे बड़े फैसले लिए हैं जिसने वैश्विक व्यापार जगत को हिला कर रख दिया. डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद उनके द्वारा लिए गए फैसलों का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी साफ देखने को मिला है. पिछले लंबे समय से शेयर मार्केट गोते लगाता हुआ नजर आ रहा है जिससे निवेशकों के भी लाखों-करोड़ों रुपए 'स्वाहा'हो गए. चलिए आज आपको डोनाल्ड ट्रंप के उन 5 सबसे प्रभावशाली फैसलों के बारे में बताते हैं जिन्होंने कारोबार पर भी गहरा प्रभाव डाला है.

**ट्रेड टैरिफ**

ट्रेड पॉलिसी के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में स्टील और एल्यूमिनियम के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का बड़ा फैसला लिया है. ट्रंप के इस फैसले का असर हर उस कंपनी के कारोबार पर असरपड़ा है जो इस सेक्टर से जुड़ी हुई हैं. ट्रंप ने राष्ट्रपति पद मिलने के बाद देशों पर मोटा टैरिफ लगाने की धमकी दी है, भारत और अमेरिका का व्यापारिक रिश्ता तो पुराना है लेकिन ट्रंप के इस फैसले से निर्यात ही नहीं भारतीय कंपनियों को भी जोरदार झटका लग सकता है.

**ब्रिक्स देशों पर 100 फीसदी टैरिफ**

बिक्रस में भारत, चीन, ब्राजील, इथियोपिया और ईरान समेत अन्य देश शामिल हैं, ये सभी देश कारोबार करने के लिए डॉलर को बायपास कर नई करेंसी को शुरू करने चाहते हैं. ट्रंप को ब्रिक्स देशों की ये बात बिल्कुल भी पसंद नहीं आई जिस वजह से उन्होंने कहा कि जो भी देश नई करेंसी की बात करेगा उस देश पर 100 से 150 फीसदी का टैरिफ लगाया जाएगा.

**रेसिप्रोकल टैरिफ**

डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की भी धमकी दी है जिसका असर दिखने लगा है और ट्रंप का ये फैसला कई देशों के लिए सिरदर्द बना हुआ है. आसान भाषा में अगर समझें तो रेसिप्रोकल टैरिफ का अर्थ यह है कि दूसरे देशों पर भी उतना आयात शुल्क लगाना जितना बाकी देश अमेरिकी निर्यात पर लगा रहे हैं. अगर ऐसा हुआ तो इससे भारत के कई सेक्टर पर प्रभाव पड़ेगा जिस वजह से कंपनियों के कारोबार पर भी असर पड़ सकता है.

**पनामा नहर**

राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर का नियंत्रण अमेरिका को वापस देने की मांग उठाई और इसे लेकर ट्रंप ने पड़ोसी देशों पर दबाव बढ़ाना भी शुरू कर दिया था. ट्रंप ने बताया था कि चीन ही पनामा नहर को नियंत्रण कर रहा है जबकि ये अधिकार चीन को नहीं दिया गया था. ऐसे में ट्रंप किस तरह से शांत बैठ सकते हैं, ट्रंप का अमेरिका को वापस पनामा नहर का नियंत्रण देने की धमकी दी जिसकाअसर दिखा. बता दें कि अब बिना किसी शुल्क के अमेरिकी सरकारी जहाज पनामा नहर से गुजरेंगे.

**मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ**

डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा से सप्लाई हो रहे ड्रग्स को रोकने के लिए टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी. आज से ठीक तीन दिन बाद यानी 4 मार्च से कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ प्लान लागू हो जाएगा, अब अमेरिका इन देशों से आने वाली चीजों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा. याद दिला दें कि 4 फरवरी को दोनों ही देशों पर 1 महीने के लिए टैक्स पर रोक लगा दी थी. ट्रंप ने कहा था कि अगर ड्रग्स की सप्लाई नहीं रुकी तो टैक्स लगाया जाएगा.

**शेयर मार्केट पर असर**

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिए गए फैसलों से भारतीय रुपया कमजोर हुआ जिस वजह से विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से पैसा खींचना शुरू किया. यही वजह है कि पिछले लंबे समय से शेयर मार्केट धराशायी हो रहा है.

# होली और रमजान के महीने में महंगा हो गया एलपीजी सिलेंडर



नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में महंगाई का झटका लगा है. होली और रमजान के महीने में ईद से रसोई गैस महंगा हो चुका है. सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी नहीं की है। एक मार्च 2025 यानी आज से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी कर दी गई है. इंडियन ऑयल ने एक मार्च से कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें में 6 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 1803 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया है जो पहले 1797 रुपये था. सरकारी तेल कंपनियां महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर के दामों की समीक्षा करती हैं. नए महीने की आज से शुरुआत हो रही है जो कि त्योहारी महीना है. इस महीने जहां होली है तो ईद का त्योहार भी इसी महीने है. साथ में रमजान भी 2 मार्च यानी कल से शुरू होने वाला है. इसी महीने शादियां भी है. और इस महीने की पहली तारीख से ही सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं. 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 6 रुपये का इजाफा कर दिया गया है. दिल्ली में अब नई कीमत 1803 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है जो पहले 1797 रुपये थी.

**आपके शहर में आज से ये दाम**

दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर के दाम 1797 रुपये से बढ़ाकर 1803 रुपये कर दिया गया है. कोलकाता में 1907 रुपये से बढ़कर नई कीमत 1913 रुपये हो गई है. मुंबई में 1749.50 रुपये से बढ़कर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की नई कीमत 1755.50 रुपये हो गई है. चेन्नई में 1959 रुपये से बढ़कर अब 1965 रुपये में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर गैस मिलेगा.

आज से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में भले ही इजाफा कर दिया गया हो लेकिन घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है. लेकिन कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी का असर रेस्टोरेंट में भोजन करने पर हो सकता है. रेस्टोरेंट अपने खाने के रेट्स को बढ़ा सकते हैं।

# 'सिर्फ कट, कॉपी और पेस्ट न करें, दिमाग भी लगाएं...'

## अनिल अंबानी के मामले में कोर्ट ने लगाई बैंकों को फटकार




मुंबई,1 मार्च (एजेंसियां)। अनिल अंबानी के एक मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने बैंकों को फटकार लगाई है। मामला अनिल अंबानी के बैंक अकाउंट्स को 'फ्रॉड' घोषित करने से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि बैंक किसी के भी अकाउंट्स को 'डिफॉल्टर' या 'फ्रॉड' घोषित करने वाले आदेशों को 'कट, कॉपी और पेस्ट' नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि बैंकों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। यह मामला अनिल अंबानी की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया, जिसमें उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 10 अक्टूबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में उनके खाते को 'फ्रॉड' घोषित किया गया था। कोर्ट ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अंबानी की याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।

**रिजर्व बैंक से संपर्क करने का निर्देश**

जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने अंबानी को इस आदेश के खिलाफ रिजर्व बैंक से संपर्क करने का निर्देश दिया। पीटीआई के अनुसार, कोर्ट ने कहा, 'ऐसे आदेश कॉपी-पेस्ट करके नहीं दिए जा सकते। दिमाग लगाना होगा। आखिरकार यह जनता का पैसा है। हम ऐसे लापरवाही भरे आदेश बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसके लिए कोई व्यवस्था होनी चाहिए।'

अनिल अंबानी का कहना है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने उनके बैंक अकाउंट के बारे में आदेश देने से पहले उन्हें कोई सुनवाई का मौका नहीं दिया। उन्होंने बैंक की ओर जारी किए गए दो कारण बताओ नोटिस को भी चुनौती दी है। साथ ही, उन्होंने उन दस्तावेजों की प्रतियां मांगी हैं जिनके आधार पर बैंक ने यह आदेश दिया था। उनका दावा है कि उन्हें कोई डॉक्यूमेंट नहीं दिए गए।

**कोर्ट ने दिखाई सख्ती**

कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले बार-बार सामने आ रहे हैं, जहां बैंक रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किए बिना खातों को 'फ्रॉड' या 'विलफुल डिफॉल्टर' घोषित कर देते हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि बैंकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आरबीआई के 'मास्टर सर्कुलर' में दिशानिर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने आरबीआई को यह भी निर्देश दिया कि वह ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बैंक बिना विश्लेषण किए ऐसे आदेश न दें। कोर्ट ने कहा, 'हमें लगता है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-37
सूर्यास्त - 18-19
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कुंभ मे | कुंभ... | 05-39 बजे |
| चंद्र- | मीन मे | मीन.... | 07-18 बजे |
| मंगल | मिथुन मे | मेष--- | 08-54 बजे |
| बुध- | मीन मे | वृष--- | 10-38 बजे |
| गुरु- | वृष मे | मिथुन.. | 12-38 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कर्क.... | 14-51 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | सिंह--- | 17-03 बजे |
| राहु- | मीन मे | कन्या... | 19-10 बजे |
| केतु- | कन्या मे | तुला.... | 21-15 बजे |
| | | वृश्चिक... | 23-25 बजे |
| | | धनु...... | 01-39 बजे |
| | | मकर... | 03-44 बजे |

दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- तृतीया . 21-02 तक उपरान्त चतुर्थी
मास • फाल्गुन शुक्ल , रविवार 02 March
नक्षत्र • उ.भाद्रपद 08-59 तक उपरान्त रेवती
योग • शुभ 12-38 तक उप शुक्ल
करण- तैतिल 10-35 तक उप गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार • सर्वार्थ सिद्धि योग - 07-04 से

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:53 से 18:22 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:37 - 08:03 | अशुभ | शुभ. | 18:19 - 19:53 | शुभ |
| चंचल. | 08:03 - 09:32 | शुभ | अमृत | 19:53 - 21:25 | शुभ |
| लाभ. | 09:32 - 10:59 | शुभ | चंचल | 21:25 - 22:56 | शुभ |
| अमृत | 10:59 - 12:28 | शुभ | रोग | 22:56 - 00:28 | अशुभ |
| काल | 12:28 - 13:57 | अशुभ | काल | 00:28 - 01:59 | अशुभ |
| शुभ | 13:57 - 15:25 | शुभ | लाभ | 01:59 - 03:31 | शुभ |
| रोग | 15:25 - 16:53 | अशुभ | उत्पात | 03:31 - 05:03 | अशुभ |
| उत्पात | 16:53 - 18:19 | अशुभ | शुभ. | 05:03 - 06:37 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) — आज का दिन आपकी वित्तीय स्थिति एवं करियर में तरक्की का दिन है ,लेकिन इन सबके लालच में अपने परिवार की उपेक्षा ना करें । दरअसल आज आप अपने भीतर आध्यात्मिकता का भी अनुभव करेंगे । इन दोनों शक्तियों के बीच उलझा हुआ अनुभव भी करेंगे लेकिन अंतत दोनों में संतुलन बना पाने में कामयाब होंगे।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं। आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी । आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगे। समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्व। स्थ्य का ध्यान जरूर रखें । आजकल यात्रा करने की वजह से आप अपने सामान्य फिटनेस कार्यक्रम का पालन नही कर पा रहे हैं।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — यह सोचने और जानने के लिए कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं,कुछ देर एकांत में बैठें । पिछले कई दिन काफी व्यस्त रहे हैं । इसीलिए आपको अपने उद्देश्यों का फिर से मूल्यांकन करना है और यह भी देखना है की आपके काम किस प्रकार आपके जीवन और संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं । यात्रा संभावित है ,हालाँकि हमारा सुझाव यह है कि किसी रोमांचक ताबड़तोड़ यात्रा के स्थान पर शांतिपूर्वक अपनी छुट्टियाँ बिताएं ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — प्रयास करने वाले भी पहले व्यक्ति बनें और उसका श्रेय लेने में भी आगे रहें । अपने आप को ज्यादा ना थकाएं और कम महत्वपूर्ण विषयों के लिए अधिक मेहनत ना करें । दूसरों को अच्छी ना लगने वाली बातें कहकर उनका दिल ना दुखाएं । अपने शरीर के विकास के स्थान पर मानसिक विकास के बारे में सोचें।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे । खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे । दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है । हालाँकि ,आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें । क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे ,यह भावना काफी सामान्य है लेकिन आप इसके कारण बिना बात निराश सा अनुभव करेंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं ,उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है । आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं,इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी | यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगें । इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा । आप आज बहुत अच्छे मूड में हैं और आपकी आशावादिता और खुशमिजाजी से सभी प्रभावित होंगे । दोस्तों और परिवार के साथ आनंद लें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — आज का दिन सभी भावनात्मक और वास्तविक मुद्दों के मामले उतार चढाव भरा रहेगा । गृहों की चाल यह बता रही है कि आप सुबह भावनात्मक बने रह सकते हैं और सब चीजों के बारे में अपनी भावनात्मक प्रतिक्रिया के नजरिये से ही सोचेंगे । इससे कुछ गलत फैसलों की भी सम्भावना है लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा और आप और स्पष्ट तरीके से सोच और देख पायेंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आज आप किसी असम्भाव्य साझेदारी की ओर कदम बढ़ा सकते हैं । इससे आपको रोमांस,रोमांच और साहसी होने की अनुभूति तो होगी परन्तु यह देखना होगा कि यह साझेदारी कितनी सफल होगी । किसी अप्रत्याशित श्रोत से समर्थन-सहायता प्राप्त हो सकती है । हालाँकि यह अवसर बहुत कम समय तक ही मिलेगा ,इसलिए आपको जल्दी ही फैसला लेना होगा ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आपके परिवारवालों को नजदीकी संबंधियों से होने वाली परेशानी के कारण आपको भी प्रतिबंधों का सामना करना होगा । ये लम्बे समय तक नही रहेंगे लेकिन आपको काफी प्रभावित करेंगे,इसीलिए इनके प्रभाव से बचने की कोशिश करें । आज आप कोई घरेलू उपयोग का उपकरण खरीदेंगे ,या घर की नियमित साफ़-सफाई के चलते कम उपयोगी सामान को बेच देंगें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — मेहनत से कांम करें और जमकर आनंद उठायें । आज आप पुरे दिन इसी सिद्धांत पर चलेंगे और यह उपयुक्त भी है । दिन की शुरुआत सामान्य होगी लेकिन अंत दोस्तों और परिवार के साथ जश्न से होगा । आपकी लोगों को हंसाने की क्षमता और खुशमिजाज स्वभाव बड़ी पार्टी की मेजबानी के लिए भी उपयुक्त है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — आज आपकी किसी से कोई महत्वपूर्ण बातचीत होने के आसार हैं । टकराव की स्थिति भी बन सकती है या साधारण बातचीत भी हो सकती है । लेकिन यह जो भी हो,इससे आपको सोचने के लिए काफी कुछ मिलेगा और आप पूरे दिन इसी में व्यस्त रहेंगे । आप आज कोई विकर्षण सहन नही करेंगे फिर भी आपको यह महसूस होगा कि इस घटना पर अधिक सोचकर कुछ हासिल नही होगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# आरबीआई गवर्नर के लचीले रुख से घरेलू करेंसी 1.8फीसद टूटा, यूबीआई की रिपोर्ट

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय मुद्रा के प्रबंधन में आरबीआई की ओर से किए गए नीतिगत बदलावों ने डॉलर के मुकाबले रुपये को कमजोर किया है। डॉलर की तुलना में रुपये में 2025 के पहले दो महीनों में 2024 में हुए मूल्यह्रास की तुलना में आधे से अधिक की गिरावट आ चुकी है। 28 फरवरी तक रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1.8 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। यह गिरावट इससे पहले 2023 में आई 1.5 प्रतिशत की गिरावट से अधिक है और 2024 में दर्ज तीन प्रतिशत की कमजोरी का लगभग आधा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

**आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख से रुपये में गिरावट: रिपोर्ट**

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख में बदलाव को रुपये में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मल्होत्रा की अगुवाई में केंद्रीय बैंक ने अधिक लचीले रुपये के लिए विकल्प खुला छोड़ रखा है। आरबीआई रुपये को स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ने की अनुमति दे रहा है। जबकि पूर्व आरबीआई गवर्नर दास ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को बहुत स्थिर रखने का समर्थन किया था, इससे भी रुपये पर दबाव पड़ रहा है।

**अमेरिकी व्यापार नीति से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी**

व्यापार युद्ध के जोखिमों के बढ़ने और अमेरिकी व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता ने बाजार की चिंताओं को जन्म दिया है। वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बारे में निवेशकों की चिंता के कारण रुपया, अन्य एशियाई मुद्राओं के साथ दबाव में आ गया है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत बदलाव ने भी रुपये को प्रभावित किया है।



**नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा का रुपये पर रुख अधिक लचीला**

नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अधिक लचीला रुख अपनाया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय बैंक रुपये को अन्य उभरते बाजार मुद्राओं के साथ स्वतंत्र रूप से चलने की अनुमति देगा। यह पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के रुख से अलग है, जिन्होंने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले स्थिर रुपये को प्राथमिकता दी थी। पदभार ग्रहण करने के बाद से, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कई व्यापार शुल्क घोषणाएं की हैं। उनका पहला कदम कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाना था, जिसे 30 दिनों की देरी से लागू किया गया, लेकिन फिर भी 3 फरवरी को रुपया 87.00 के स्तर को पार कर गया।

# 'एआई बनेगा भारत की ग्रोथ का इंजन'

## मुंबई टेक वीक 2025 में आकाश अंबानी का कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर बड़ा बयान



नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)।रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड (आरजेआईएल) के चेयरमैन आकाश अंबानी ने एआई पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने एआई या कृत्रिम बुद्धिमत्ता को इस पीढ़ी का सबसे बड़ा तकनीकी बदलाव बताया है। आंकाश अंबानी ने यह बात जियो वर्ल्ड सेंटर में मुंबई टेक वीक 2025 के दौरान कही।

**एआई भारत के आर्थिक विकास मुख्य चालक साबित होगा: आकाश अंबानी**

जियो वर्ल्ड सेंटर में मुंबई टेक वीक 2025 में बोलते हुए अंबानी ने कहा कि एआई भारत के आर्थिक विकास का इंजन साबित होगा। आने वाले वर्षों में इससे 10 प्रतिशत या दोहरे अंकों की जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ड्रीम11 के सीईओ हर्ष जैन के साथ एक फायरसाइड चैट के दौरान अंबानी ने भविष्य को आकार देने के लि एआई को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एआई सबसे बड़ा तकनीकी बदलाव है जिसे हमने अपने जीवनकाल में अब तक देखा है। अंबानी ने कहा कि मेरे विचार से यह वह इंजन है जो भारत को निकट भविष्य में 10 प्रतिशत या दोहरे अंकों की वृद्धि दर से बढ़ने में सक्षम बनाएगा।

**एआई, अनुसंधान और कुशल प्रतिभा पर ध्यान देने की जरूरत**


आरजेआईएल के चेयरमैन ने कहा कि भारत को एआई में अग्रणी बनाने के लिए तीन मूलभूत क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए ये हैं- एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुसंधान व विकास, और कुशल प्रतिभा। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल परिवर्तन के लिए विश्व स्तरीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना जरूरी है। आकाश अंबानी कहा, जियो में हम पहले से ही ऐसा कर रहे हैं। हमने हाल ही में जामनगर में घोषणा की है कि हम अपना एआई डेटा सेंटर बना रहे हैं जो एक गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर होगा, लेकिन बुनियादी ढांचे के स्तर पर निवेश जारी रहेगा।

**एआई शोध और विकास में निवेश करने की आवश्यकता**

बुनियादी ढांचे के अलावा, अंबानी ने एआई शोध और विकास में निवेश करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एआई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की प्रशंसा की और कहा कि इस क्षेत्र में भारत का नेतृत्व करने के लिए गहन शोध और विकास की कोशिशें जरूरी है। उन्होंने कहा, हम गहन शोध में निवेश करना जारी रखते हैं और उस शोध से गहन विकास होता है। और फिर अंत में मुझे लगता है कि सही प्रतिभा में निवेश करना ही इसका सबूत है। अंबानी के अनुसार, तीसरा महत्वपूर्ण पहलू प्रतिभा है। उन्होंने शीर्ष एआई पेशेवरों को आकर्षित करने और नए विचारों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जियो ने पहले ही एक मजबूत एआई टीम बनाई है, जिसमें एक हजार से अधिक डेटा वैज्ञानिक, शोधकर्ता और इंजीनियर शामिल हैं। अंबानी ने एआई के कारण नौकरियां छिनने की चिंताओं पर भी अपनी राय दी। अंबानी ने कहा कि एआई नौकरियों खत्म करने के बाद काम करने के तरीकों को बदल देगा।

# सोने के दामों में आ रही गिरावट, 3 दिनों में 1600 रुपये के करीब सस्ता हो गया सोना

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)।शेयर बाजार में भारी गिरावट के साथ ही अब सोने के दामों में भी तेज गिरावट देखी जा रही है. पिछले तीन दिनों में सोना करीब 1600 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है. घरेलू मार्केट में सोना 537 रुपये की गिरावट के साथ गिरकर 85,056 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है. वहीं राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में ज्वेलर्स की ओर से कमजोर मांग और निवेशकों की बिकवाली के कारण सोने का भाव 500 रुपये घटकर दो सप्ताह के निचले स्तर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया. अखित भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है. पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. हालांकि 2025 के पहले दो महीने में सोने के दामों में तेज उछाल देखने को मिला है. इस साल अब तक सोने की कीमतें 8,310 रुपये या 10.5 प्रतिशत बढ़कर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं, जबकि एक जनवरी को सोने की कीमतें 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी. फिलहाल 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपये टूटकर 87,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. इसका पिछला बंद भाव 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था.सोने के अलावा चांदी में भी गिरावट देखी जा रही है. लगातार तीसरे दिन की गिरावट के बीच चांदी की कीमत भी 2,100 रुपये लुढ़क कर 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था. मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''डॉलर सूचकांक में जोरदार उछाल के कारण सोने और चांदी में एक बार फिर गिरावट आई है. अमेरिकी राष्ट्रपति के मेक्सिको और कनाडा पर चार मार्च से लागू होने वाले नए शुल्क की घोषणा ने डॉलर को मजबूत किया, जिससे सर्राफा कीमतों पर दबाव बढ़ गया. इसके अलावा, चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की ट्रंप की घोषणा से इन शुल्क दरों के संभावित स्थगन के बारे में बाजारों में जो उम्मीद बढ़ी थी, वह टूट गयी है. वैश्विक मोर्चे पर, कॉमेक्स सोना वायदा 21.20 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,874.70 डॉलर प्रति औंस रह गया है. साथ ही, हाजिर सोना 15 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,862.53 डॉलर प्रति औंस रह गया. एबन्स होल्डिंग्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतों में सुधार हो रहा है.



# 10,000 एफपीओ बनाने का टारगेट पूरा, आखिर इसे क्यों कहते हैं किसानों का स्टार्टअप?

नई दिल्ली, 1 मार्च (एजेंसियां)।मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से ही उसका फोकस देश के अन्नदाता पर रहा है। सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य भी रखा है। इसी क्रम में सरकार ने कई कदम भी उठाए हैं। वहीं गरीब किसानों को सरकार 'किसान सम्मान निधि योजना' की मदद से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराती है। अब सरकार ने 10,000 एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) बनाने का टारगेट भी पूरा कर लिया है। आखिर कैसे सरकार की ये योजना देश के किसानों को अमीर बना रही है। सरकार ने शुक्रवार को जानकारी दी कि देश में 10,000 एफपीओ बनाने का काम पूरा हो चुका है। सरकार ने इस काम को 20 फरवरी 2020 को शुरू किया था और अब करीब 5 साल में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है। एफपीओ के गठन और उन्हें प्रमोट करने के लिए केंद्र सरकार ने एक योजना शुरू की थी। इसका बजट वित्त वर्ष 2027-28 तक के लिए 6,865 करोड़ रुपये है।



**ये काम करता है 10,000 वां एफपीओ**

सरकार ने शुक्रवार को जानकारी दी कि देश में 10,000वां एफपीओ बिहार के खगड़िया जिले में रजिस्टर हुआ है। ये मक्का, केला और धान को लेकर काम करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही इसका उद्घाटन किया है। कृषि मंत्रालय का कहना है कि देश के एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए 10,000 एफपीओ का सफलतापूर्वक गठन होना 'एक मील का पत्थर है। ये देश में एग्रीकल्चर प्रोडक्शन और किसानों की आय को बढ़ाने का काम करता है। वहीं ये ग्रामीण स्तर पर एंप्लॉयमेंट जेनरेशन का भी काम करता है।एफपीओ के लिए योजना शुरू होने के बाद से सरकार ने 4,761 एफपीओ को 254.4 करोड़ रुपये का इक्विटी अनुदान जारी किया गया है। साथ ही 1,900 एफपीओ को 453 करोड़ रुपये का क्रेडिट गारंटी कवर जारी किया है। देश में करीब 30 लाख किसान एफपीओ से जुड़े हैं। इसमें लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये एफपीओ अब कृषि क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपये का कारोबार कर रहे हैं।

**क्यों कहलाते हैं किसानों के स्टार्टअप?**

एफपीओ को अगर आप आज के जमाने की भाषा में किसानों का 'खुद का स्टार्टअप' कहें, तो कोई गलत बात नहीं होगी। ये भारत के सफल को-ऑपरेटिव सिस्टम का एक नया उदाहरण है। एफपीओ के तहत किसान आपस में एक ग्रुप बनाकर अपनी उपज या स्थानीय उपज से खुद ही उत्पाद तैयार करते हैं।

# एनकाउंटर में दो नक्सली ढेर बड़े नक्सल लीडर्स से मुठभेड़

## 500 जवानों ने चारों तरफ से घेरा, रुक-रुककर चल रही फायरिंग



सुकमा, 1 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए नक्सलियों को मिलाकर 2025 में 83 नक्सली ढेर हुए हैं। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बड़े लीडर्स से मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि किस्टाराम इलाके में कोबरा, डीआरजी और जिला बल के करीब 500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। इसके पहले जवानों ने बीजापुर में 9 फरवरी को जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए थे। मुठभेड़ में 2 जवान भी शहीद हुए थे। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई थी। इस साल का ये सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन था। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में 2 फरवरी को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए माओवादियों में सभी पुरुष नक्सली थे। सुरक्षाबलों के करीब 800-1000 जवानों ने पीएलजीए कंपनी नंबर 2 के नक्सलियों को घेरा था। इनमें बड़े लीडर्स भी थे। मौके से फोर्स ने इंसास समेत 303, 12 बोर, बीजीएल लॉन्चर बरामद किया। 20-21 जनवरी को गरियाबंद जिले के जंगल में भी मुठभेड़ हुई थी। करीब 80 घंटे तक चले इस ऑपरेशन में 16 नक्सली मारे गए। इनमें से 12 नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सलियों में नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का मेंबर चलपति भी है। अकेले चलपति पर ही 90 लाख का इनाम था।

# इटखोरी के पूर्व सीओ पर गिरी गाज

## बालू में घूस और जमीन में गड़बड़ी के आरोप में विभागीय कार्रवाई की सिफारिश

चतरा, 1 मार्च (एजेंसियां)। चतरा के डीसी रमेश घोलप ने इटखोरी के पूर्व अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है। पूर्व विधायक किशुन दास ने राम विनय शर्मा पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। इनमें वंशावली में छेड़छाड़, दस्तावेजों की हेराफेरी और बालू में घूस लेने के मामले शामिल हैं। आरोप है कि वे बिचौलियों के माध्यम से वसूली करते थे। राम विनय शर्मा पर हल्का कर्मचारी से मिलीभगत कर जमीन एकरारनामा स्टांप पेपर के आधार पर दाखिल खारिज करने का आरोप है। उन्होंने 20 डिसमील भूमि का सरकारी रसीद भी निर्गत कर दिया था। एक अन्य मामले में उन पर अपने एजेंट सुमन राय के साथ मिलकर 50 एकड़ गैर मजरूआ जमीन की बंदोबस्ती करने का आरोप है। इसमें जमीन का जाली बासगीत पर्चा बनाकर डिमांड खोला गया।

# मम्मी बनीं रायपुर की मेयर तो बेटे को मिल गया पावर?

## बीच सड़क पर काटा बर्थडे केक तो मीनल चौबे ने मांगी माफी



रायपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। नवनिर्वाचित मेयर मीनल चौबे के बेटे मेहुल चौबे ने अपनी मां के शपथ ग्रहण के ठीक अगले दिन सड़क पर जन्मदिन मनाकर विवाद खड़ा कर दिया। 27 फरवरी की देर रात चंगोरा भाटा इलाके में सड़क पर केक काटकर और आतिशबाजी करके उन्होंने यह जश्न मनाया। यह घटना हाईकोर्ट द्वारा सड़क पर जन्मदिन मनाने के खिलाफ फटकार और सीएस के निर्देशों के कुछ ही दिन बाद हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मेयर चौबे ने माफी मांगी। कांग्रेस ने भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना रायपुर में सड़क पर जन्मदिन मनाने से जुड़े कई विवादों में से एक है। कुछ दिन पहले ही हाईकोर्ट ने इस तरह की घटनाओं पर नाराजगी जताई थी और सरकार को फटकार लगाई थी। इसके बाद सीएस अमिताभ जैन ने सड़क जाम कर जन्मदिन मनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। इन निर्देशों के बावजूद मेहुल चौबे ने सड़क पर जन्मदिन मनाया, जिससे यह मामला और भी गंभीर हो गया।

मेहुल चौबे का जन्मदिन मनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया। वीडियो में मेहुल अपने दोस्तों के साथ सड़क पर केक काटते और आतिशबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना चंगोरा भाटा इलाके में हुई, जहां उन्होंने चौक पर केक काटा और जश्न मनाया। इस घटना के बाद लोगों ने सोशल मीडिया पर मेयर चौबे और उनके बेटे की आलोचना की।

इस घटना के बाद मेयर मीनल चौबे ने माफी मांगी और कहा कि ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बेटे के कृत्य पर खेद है। कांग्रेस ने इस पर कार्रवाई की मांग की है।

सीएस अमिताभ जैन ने सड़क जाम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क जाम करने पर एंटी-एन्क्रोचमेंट एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिका अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर गौरव सिंह ने भी लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। वहीं, पुलिस के अनुसार यह एक अपराध है और इसमें गिरफ्तारी के साथ एक माह की सजा और 5 हजार रुपए का जुर्माना हो सकता है। रायपुर में इससे पहले भी सड़क पर केक काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 12 दिन पहले ही यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

यह घटना हाईकोर्ट द्वारा सड़क पर जन्मदिन मनाने वालों के खिलाफ फटकार लगाने के बाद हुई है। 30 जनवरी को रायपुरा चौक पर बीच सड़क पर कार खड़ी करके केक काटने और आतिशबाजी करने के मामले में हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि अगर कोई आम आदमी ऐसा करता तो उसे गुंडा-बदमाश बताकर जेल में डाल देते।

वहीं, एक दिन पहले ही रायपुर कलेक्टर ने भी लोगों से अपील की थी कि सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेट नहीं करें। ऐसा करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# चतरा के हंटरगंज थाना प्रभारी निलंबित

## ईंट भट्ठा संचालक से रिश्वत में मांगे थे 20 हजार रुपए, चाईबासा किया गया ट्रांसफर



कोडरमा, 1 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के चतरा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार को ईंट भट्ठा संचालक से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। कार्मिक विभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से उन्हें चतरा से चाईबासा जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड रांची ने हंटरगंज थाना प्रभारी के खिलाफ गोपनीय सत्यापन प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को सौंपा था। इसी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

चतरा एसपी विकास पांडेय को निर्देश दिया गया है कि वे थाना प्रभारी को तीन दिनों के अंदर कार्यमुक्त करें। साथ ही अनुपालन प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को भेजें। इस कार्रवाई से अवैध वसूली करने वाले पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। चतरा में काम के बदले रिश्वत लेने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जीरो टॉलरेंस की नीति के बावजूद भ्रष्टाचार थम नहीं रहा है। कार्यालयों में बिना रिश्वत दिए काम नहीं हो रहा है।

मीरपुर गांव निवासी रामपूजन कुमार गुप्ता के ईंट के भट्ठे में दो फरवरी को हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार पहुंचे और जबरन 20 हजार रुपए की मांग की। रामपूजन ने कहा कि गरीब आदमी हैं, पैसा नहीं दे पाएंगे। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर थाना लाकर पैसा नहीं दिया तो ईंट भट्ठा को बंद करा देंगे। साथ ही मजदूरों के साथ गाली गलौज भी की।

रामपूजन ने तुरंत इसकी शिकायत डीजीपी अनुराग गुप्ता से की। आवेदन वॉट्सऐप के माध्यम से भेज दिया। इधर डीजीपी ने कॉल पर ही मामले को संज्ञान में लिया और पांच फरवरी को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) हजारीबाग की टीम को गांव भेज दिया।

जहां एसीबी की टीम ने उक्त मामले के साथ साथ जबरन वसूली के शिकार 10 अन्य लोगों से मामले को लेकर जानकारी लेते हुए आवेदन प्राप्त किया।

इसके बाद मामला सही पाए जाने पर रांची एसीबी को जांच रिपोर्ट सौंपा गया।

# टाटा ग्रुप के संस्थापक जमशेदजी टाटा की जयंती, जगमगाया जमशेदपुर

## 2 से 5 मार्च तक रंग-बिरंगी रोशनी में डूबेगा जुबिली पार्क, लीडरशिप इन मार्केट है थीम




जमशेदपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। 3 मार्च को टाटा स्टील के संस्थापक जेएन (जमशेदजी नसरवानजी) टाटा की 186वीं जयंती है। इसे लेकर जमशेदपुर शहर रोशनी से नहाया हुआ है। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी, टीएसयूआईएसएल के एमडी ऋतुराज सिन्हा और जीएम आरके सिंह ने बताया- 'इस साल शहरवासियों को स्वास्थ्य सेवा से संबंधित कई बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कंपनी की ओर से मेहरबाई टाटा कैंसर अस्पताल में मॉडर्न ओटी, टीएमएच में स्पाइन क्लीनिक, स्ट्रोक यूनिट की शुरुआत होगी।'

'इसके अलावा पशुओं के लिए श्मशान और कंपनी के बंगलों के आउट हाउस में रहने वाले बच्चों के लिए जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल को नए भवन की सुविधा मिलेगी।'

इस साल के कार्यक्रम की थीम लीडरशिप इन मार्केट, टेक्नोलॉजी एंड कॉस्ट है। समारोह में हिस्सा लेने के लिए चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन समेत अन्य अतिथि 2 मार्च को शहर पहुंचेंगे। 2 मार्च को शाम 6.15 बजे चेयरमैन जुबिली पार्क की लाइटिंग का उद्घाटन करेंगे। जुबिली पार्क में 3 से 5 मार्च तक लाइटिंग रहेगी। लोग शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक पैदल और रात 10 बजे से 11 बजे तक दोपहिया-चार पहिया वाहन से लाइटिंग देख सकेंगे। वाहनों की एंट्री सेंटर फॉर एक्सीलेंस गेट से होगी। वाहनों की निकासी भी इसी गेट से होगी। पैदल घूमने वालों के लिए जुबिली पार्क में तीन प्रवेश व निकास द्वार बनाए गए हैं।

सुरक्षा के लिए पार्क में 150 सुरक्षा कर्मी तथा 200 पुलिस जवान मौजूद रहेंगे। पार्क के हर कोने को सीसीटीवी कैमरे से कैप्चर किया गया है। पुलिस व कंपनी की अधिकारी वॉच टावर से भी मॉनिटरिंग करेंगे।

# फ्रॉड का नया पैटर्न, कॉल कॉन्फ्रेंस में लेने से पहले सावधान

## खुद को रिश्तेदार-दोस्त का परिचित बता रहे ठग, फिर कॉल मर्ज कर सुन रहे ओटीपी

रायपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। देश में साइबर फ्रॉड लगातार ठगी के लिए नए नए तरीके अपना रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन के बाद अब ठगों ने कॉल मर्जिंग स्कैम अपनाया है। ठग अनजान नंबर से फोन कर लोगों से बात कर रहे हैं। फिर दूसरी कॉल मर्ज कर लोगों के खाते खाली कर रहे हैं। बिना ओटीपी या कोई जानकारी पूछे ही ये फ्रॉड हो रहा है। दरअसल, इस कॉल में वॉयस ओटीपी सुनकर ही ठगी को अंजाम दिया जाता है। देश के कई राज्यों में ऐसे मामलों की शिकायत पुलिस के पास पहुंची है। ठगी के इस नए पैटर्न के बारे में दैनिक भास्कर ने रायपुर में पुलिस और साइबर एक्सपर्ट्स इसकी पूरी जानकारी ली। दरअसल, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के यूपीआई ने भी इस नए तरीके के ठगी के शिकार होने से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए चेतावनी दी है कि साइबर ठग आपको ओटीपी बताने के लिए कॉल मर्जिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके झांसे में न आएं। सतर्क रहें और अपने पैसे की सुरक्षा करें। इस तरह की ठगी का एक मामला दिल्ली में आया। जिसमें ठग ने व्यक्ति को फोन किया और कहा कि, आपका एंकरिंग करने में इंटरेस्ट है, आपके दोस्त ने बताया था। इसके बाद उसने पीड़ित के पास आ रही वेटिंग कॉल को मर्ज करने कहा।

पीड़ित ने कॉल को मर्ज कर ली। यह एक ओटीपी बाय कॉल थी। सामने वाला व्यक्ति कुछ समझ पाता इससे पहले ही उसके अकाउंट से रुपए गायब हो गए।

# छात्र की संदिग्ध स्थिति में मौत

गुमला, 1 मार्च (एजेंसियां)। गुमला के कार्तिक उरांव कॉलेज में बीए सेमेस्टर-2 के 20 वर्षीय छात्र विनय प्रताप सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विनय बरवाडीह के मुंगू छिपादोहर का रहने वाला था। वह अपनी बहन के साथ गुमला में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसकी दोस्त बासमती कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को विनय अपने दोस्तों के साथ मार्केट में शराब पीने के बाद शाम को तिर्रा डुमरटोली स्थित उसके घर आया था। वहीं सो गया। शनिवार सुबह जब वह नहीं उठा, तो ओझा को बुलाकर झाड़फूंक भी कराई गई। लेकिन जब होश नहीं आया, तो उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सक पीसी भगत ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। एसआई अरविंद कुमार ने शव को पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अरविंद कुमार के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

मृतक तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसने इंटर तक की पढ़ाई महुआ डाड़ से की थी। इसके बाद गुमला के कार्तिक उरांव कॉलेज में दाखिला लिया था।

# 7-8 मार्च को हिंदी और साइंस की परीक्षा

## अंशू ने सबसे अधिक पेपर किए थे वायरल, 10 शिक्षकों से पुलिस करेगी पूछताछ

रांची, 1 मार्च (एजेंसियां)। पेपर लीक के कारण मैट्रिक की हिंदी ए- हिंदी बी और साइंस की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। जैक ने दोनों पेपर का नया शिड्यूल जारी कर दिया है। हिंदी ए-हिंदी बी पेपर की परीक्षा 7 मार्च को होगी। वहीं, साइंस पेपर की परीक्षा 8 मार्च को आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं फर्स्ट सीटिंग में सुबह 9.45 से दोपहर एक बजे तक होंगी। जैक ने प्रैक्टिकल परीक्षाओं का भी शिड्यूल जारी कर दिया गया है। मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 मार्च से 25 मार्च तक संबंधित स्कूल में होंगी। इंटर कला, विज्ञान, वाणिज्य स्ट्रीम की प्रायोगिक परीक्षा भी 10 मार्च से 25 मार्च तक दो सीटिंग में आयोजित की जाएगी। स्कूल प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षार्थियों को मिले अंक को जैक की वेबसाइट पर 11 मार्च से 26 मार्च तक अपलोड कर सकेंगे।



इधर पेपर लीक मामले की जांच करते हुए कोडरमा पुलिस अब अग्रवाला उच्च विद्यालय तिसरी के केन्द्राधीक्षक राधेश्याम गोस्वामी, गिरिडीह वज्रगृह के प्रभारी मजिस्ट्रेट राहुल चंद्रा सहित प्रतिनियुक्त 10 शिक्षकों से पूछताछ करेगी। रिमांड के दौरान पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस को शक है कि पेपर लीक कराने में वज्रगृह में प्रतिनियुक्त कुछ शिक्षकों की भी संलिप्तता है और मजदूर बने छात्रों ने स्ट्रांग रूम के बाहर से नहीं, अंदर से प्रश्नपत्र चोरी की है। ऐसे में कई शिक्षक शक के दायरे में हैं। पुलिस का मानना है कि स्ट्रांग रूम के अंदर प्रतिनियुक्त शिक्षक तैनात थे। प्रश्नपत्रों के बंडल को सीरियल से गिनती कर रखना उनकी जवाबदेही थी। ऐसे में उन्हें जानकारी कैसे नहीं हुई? पुलिस को शक है कि स्ट्रांग रूम के अंदर ही ब्लेड से प्रश्नपत्रों का बंडल काट कर चोरी की गई थी। इसमें शिक्षकों की संलिप्तता भी हो सकती है। इधर, गिरिडीह वज्रगृह से हटाए जाने के बाद प्रभारी मजिस्ट्रेट राहुल चंद्रा सहित प्रतिनियुक्त सभी शिक्षकों ने स्पष्टीकरण के जवाब में खुद को निर्दोष बताया है। एसपी ने भी वहां तैनात पुलिस पदाधिकारी व जवानों को तत्काल हटाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। वज्रगृह में नए मजिस्ट्रेट, शिक्षक व पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रश्नपत्रों का पीडीएफ बनाकर सबसे अधिक वायरल अंशु कुमार पांडेय ने किया था। जबकि रोहित कुमार, मुकेश कुमार, लालमोहन कुमार व कृष्णा कुमार पांडेय ने मुफ्त में कई लोगों को प्रश्नपत्र बांटा था।

# ज्वेलरी शॉप में चोरों ने की सेंधमारी

## 5 लाख रुपए के जेवर, कपड़े और कैश लेकर हुए फरार, झाड़ियों में मिला लॉकर

धनबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। धनबाद के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ज्वैलरी शॉप को निशाना बनाया है। भुनेश्वर मोड़ स्थित वर्मा ज्वैलर्स की दीवार तोड़कर चोरों ने दुकान में प्रवेश किया। जिसके बाद चोर करीब 5 लाख रुपए के जेवर, कपड़े और नकदी लेकर फरार हो गए। जाते-जाते चारों के लॉकर और दूसरे सामान को झाड़ियों में फेंक दिया। दुकान के मालिक शशि वर्मा को फोन पर मकान मालिक से चोरी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दुकान की पिछली दीवार में सेंध की गई थी। दुकान के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। तिजोरी टूटी हुई थी। चोरों ने तिजोरी में रखे जेवर, कपड़े और 5 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। शशि वर्मा पिछले 15 सालों से यहां दुकान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 साल पहले भी चोरों ने उनकी दुकान में चोरी का प्रयास किया था। लेकिन इस बार चोर बड़ी चोरी करने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही जोड़ापोखर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

# सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

जमशेदपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। जमशेदपुर पुलिस ने केंद्र सरकार की सेना, रेलवे, आरपीएफ और एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी आईडी कार्ड, बिना नंबर की कार, नकली मेडिकल रिपोर्ट, ज्वाइनिंग लेटर, डेबिट कार्ड, मोबाइल और कई अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस ठगी का मामला तब सामने आया जब आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी के निवासी और रेलकर्मी राघव मछुवा उर्फ महेश मछुवा ने बिष्टुपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने 29 जून 2024 को मनीष कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस कराया था।

राघव ने पुलिस को बताया कि जून 2023 में उनके साथी कमल किशोर पासवान ने भरोसा दिलाया था कि उनके बेटे को रेलवे में नौकरी दिलाने के लिए 5 लाख रुपये लगेंगे। इसके बाद उन्होंने मनीष कुमार से गोपाल मैदान के पास मुलाकात की और 4 लाख रुपये सौंप दिए। इसी तरह, अन्य दो अभ्यर्थियों तकबुल अंसारी और निजाम अंसारी से भी क्रमशः 10 और 7 लाख रुपये ठगे गए।

मनीष कुमार ने राघव मछुवा के बेटे को एक परीक्षा का रोल नंबर और पोस्टिंग लेटर भी दिया। इसके बाद उसने निर्देश दिया कि वह एक महीने तक आसनसोल के गुप्ता लॉज में ठहरे, जिससे उसे नौकरी मिलने का विश्वास बना रहे। लेकिन जब आरोपी का फोन बंद हो गया, तब राघव को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

शिकायत मिलने के बाद सिटी एसपी के निर्देश पर डीएसपी (सीसीआर) मनोज ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई। इस टीम में बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश ठाकुर और अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। टेक्निकल सर्विलांस और गहन जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# धनबाद के टुंडी में अंधविश्वास ने मानवता को किया शर्मसार

## गांव से बेघर 5 महिलाओं की दर्दनाक दास्तां




धनबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में धनबाद जिले के टुंडी में अंधविश्वास के कारण पांच महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगा है।

इतना ही नहीं गांव के दबंगों पर इन पांचों महिलाओं को गांव छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। इस मामले में 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

टुंडी की सभी प्रताड़ित महिलाओं ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सदन में आकर अपनी पीड़ा मीडिया के सामने जाहिर की।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके घरों में घुसकर उन्हे डायर करार दिया गया। इसके साथ ही उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज करके उन्हे गांव से बाहर निकाल दिया। डर की वजह से महिलाएं अपने पूरे परिवार के साथ गांव से बाहर हो गई। महिलाएं अब गांव लौटने से डर रही है क्योंकि उन्हे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

इस मामले को लेकर टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर ने कहा कि महिलाओं की शिकायत के आधार पर 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है और छानबीन के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर पीड़ितों को कोई और समस्या होती है, तो वो थाने से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस उनके साथ है।

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि घर के आसपास में दो लोग बीमार हैं। घर के पास एक ओझा भी रहता है। उसने ही बीमार लोगों के परिवार के सदस्यों को भड़काने का काम किया।

# रांची के होटवार जेल की सुरक्षा में बड़ी चूक

रांची, 1 मार्च (एजेंसियां)। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सजा काट रहे पीएलएफआई के उग्रवादी समीर तिर्की फरार हो गया है। होटवार स्थित कारा से फरार होने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें देखा गया है कि जेल के मुख्य गेट की ओर शुक्रवार की सुबह कैदी निकला है। कैदी के फरार होने की घटना के बाद सवाल यह उठ रहा है कि तीन लेयर की सुरक्षा में कैसे सेंधमारी की गई। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में तीन लेयर में सुरक्षा के इंतजाम है। सारे सुरक्षाकर्मी की आंखों में धूल झोंक कर समीर तिर्की कैसे फरार हो गया। जबकि जेल के मुख्य गेट पर 10 सुरक्षा करने को तैनाती है।

# नशे में पति ने किया हंगामा, पत्नी ने की हत्या

## घर का धान बेचकर पी थी शराब, कहासुनी के बाद पत्नी ने लाठी से पीटकर ली जान




गुमला, 1 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद ने भयानक रूप ले लिया। बेंदोरा पंचायत के बसाईर टोली गांव में पत्नी ने अपने शराबी पति की लाठी से पीटकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार रात की है।

आरोपी सविता देवी के पति अजीत रौतिया (35) ने घर का धान बेचकर शराब पी ली थी। सविता जब उसे घर लाने गई तो दोनों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान गुस्से में आकर सविता ने लाठी से पति की पिटाई कर दी। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। कुछ देर बाद अजीत की मौत हो गई।

घटना की जानकारी शनिवार सुबह पंचायत मुखिया सुशील दीपक मिंज को मिली। उन्होंने चैनपुर पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला भेज दिया और आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त लाठी भी पुलिस ने जब्त कर ली है।

गांव की महिलाओं के अनुसार, अजीत का परिवार बेहद गरीब है। उनके तीन बच्चे राहुल (18), चांदनी (10) और तारा (7) हैं। सविता मजदूरी करके परिवार का पेट पाल रही थी। अजीत जो भी कमाता था, शराब में उड़ा देता था। वह आए दिन घर में झगड़ा करता था। राहुल ट्रैक्टर चलाता है, चांदनी लूथरन स्कूल में और तारा गांव के स्कूल में पढ़ती हैं।

# मेक्सिको ने 40 साल बाद अमेरिका को ड्रग माफिया सौंपा

## 2500 एकड़ में गांजे की खेती, अमेरिकी एजेंट की हत्या, कुत्ते ने झाड़ी से पकड़ा

वॉशिंगटन, 1 मार्च (एजेंसियां)। मेक्सिको ने 40 साल पहले अमेरिकी एजेंट की हत्या करने वाले ड्रग माफिया राफेल कारो क्विंटेरो को अमेरिका का सौंप दिया है। क्विंटेरो एफबीआई की टॉप-10 वॉन्टेड की लिस्ट में था। ऐसे दावे किए गए थे कि वो अमेरिकी जांच एजेंसी सीआईए के अधिकारियों को रिश्वत देकर अपने काम करवाता था। जब उसे पकड़ा गया, तो 40 साल की जेल हुई। लेकिन 28 साल जेल में काटने के बाद वो 2013 में फरार हो गया था। 10 साल बाद मेक्सिको के एक राज्य से एक खोजी कुत्ते ने ढूंढ निकाला। राफेल कारो क्विंटेरो, मेक्सिको के सिनालोआ प्रांत के बदीरागुआतो में 24 अक्टूबर 1952 को पैदा हुआ था। यह इलाका मेक्सिको के कुख्यात ड्रग लार्ड्स (माफिया) का गढ़ रहा है। सबसे कुख्यात तस्करों में से एक जोआक्विन एल चापो गुजमैन भी इस इलाके से रहा है। क्विंटेरो एक गरीब किसान परिवार में पैदा हुआ था। उसने बचपन में ही खेतों में करना शुरू कर दिया था। कम उम्र में ही उसे ड्रग के बिजनेस में में ज्यादा पैसा कमाने



की संभावना दिखी। उसने दो बड़े ड्रग माफियाओं मिगेल एंजेल फेलिक्स गालार्डो और एर्नेस्टो फोंसेका करिलो के साथ मिलकर, ग्वाडलहारा कार्टेल शुरू किया।

क्विंटेरो ने अपने कार्टेल को बड़ा करने के लिए बड़े पैमाने पर गांजे की खेती शुरू की। उसने मेक्सिको के चिहुआहुआ राज्य में 2500 एकड़ में एक खेत तैयार किया। इस खेती ने ग्वाडलहारा कार्टेल को ड्रग के बिजनेस में ताकतवर बना दिया था। यह कार्टेल मेक्सिको के पहले संगठित ड्रग कार्टेल में से एक था। यह गिरोह अमेरिका में मारिजुआना (गांजा) और हेरोइन की तस्करी करता था। बाद में इस कार्टेल ने कोलंबिया के कई कार्टेल्स के साथ मिलकर कोकीन की तस्करी का धंधा भी शुरू कर दिया।

इस कार्टेल ने मेक्सिको और अमेरिका के बीच ड्रग ट्रैफिकिंग रूट पर कब्जा जमा लिया था। कार्टेल की बढ़ती ताकत ने उसे अमेरिकी ड्रग इन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) की नजरों में ला दिया। 1980 के दशक की शुरुआत में, डीईए ने मेक्सिको के कार्टेल्स पर कार्रवाई तेज कर दी। एजेंसी का एक अंडरकवर एजेंट एनरिक कीकी कैमारेना, ग्वाडलहारा कार्टेल के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए काम कर रहा था। कैमारेना के इनपुट से डीईए को 1984 में कार्टेल के खेत के बारे में पता चल गया। इसके बाद एजेंसी ने खेत को नष्ट कर दिया, जिससे कार्टेल को बड़ा झटका लगा। क्विंटेरो ने इसका बदला लेने के लिए अमेरिकी एजेंट कैमारेना को किडनैप करने और उसकी हत्या करने का ऑर्डर दिया। क्विंटेरो के आदेश पर उसके लोगों ने फरवरी 1985 में कैमारेना को पकड़ लिया। उसे बेरहमी से पीटा गया और घंटों तक पूछताछ के बाद मार दिया।

कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि क्विंटेरो ने यूएस की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के अधिकारियों से सांठगांठ कर ली थी। वह इन अधिकारियों को मोटी रिश्वत देकर अमेरिका में अपने काम कराता था। डीईए के एजेंट एनरिक कैमारेना को इसकी जानकारी हो गई थी। जिसके बाद क्विंटेरो ने उसका अपहरण कर लिया और हत्या कर दी। हालांकि सीआईए इस आरोप से इनकार करती है कि उनका क्विंटेरो से कोई कनेक्शन था।

# अमेरिका को 250 साल बाद मिलेगी राष्ट्रीय भाषा

वॉशिंगटन, 1 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका को अपनी आजादी के करीब 250 साल बाद राष्ट्रीय भाषा मिलने जा रही है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने बताया है कि राष्ट्रपति ट्रंप एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं, जो अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा का दर्जा देगा। यह फैसला ट्रंप के अवैध अप्रवास के खिलाफ सख्त रुख को मजबूत करने की ओर एक कदम है। ट्रंप कब इस आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, इसकी तारीख का खुलासा वाइट हाउस के अधिकारियों ने नहीं किया है। अमेरिका के 32 राज्यों ने पहले ही अंग्रेजी को अपनी आधिकारिक भाषा घोषित किया हुआ है। हालांकि टेक्सास जैसे राज्यों में भाषा को लेकर विवाद भी रहा है। अमेरिका के इतिहास में पहली बार संघीय स्तर पर आधिकारिक भाषा तय की गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा बनाएंगे। ट्रंप ने सार्वजनिक जीवन में अंग्रेजी के इस्तेमाल की पुरजोर वकालत की है।

# तुर्किये में थम सकती है 40 साल पुरानी जंग

## कुर्दों के सबसे बड़े संगठन ने हथियार डाले, अलग कुर्दिस्तान की मांग को लेकर जंग छेड़ी थी

अंकारा, 1 मार्च (एजेंसियां)। तुर्किये में कुर्दों के अलगाववादी आतंकी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) ने 40 साल बाद अपने हथियार डाल दिए हैं। जेल में बंद पार्टी नेता अब्दुल्लाह ओकलान ने संगठन के सदस्यों से कहा है कि वे तुर्किये के खिलाफ अपनी जंग को खत्म कर दें और संगठन को भंग कर दें। 1978 में बने इस संगठन की मांग थी कि उन्हें तुर्किये से अलग करके कुर्दिस्तान बनाया जाए, या फिर तुर्किये के अंदर कुर्दों को पहले से ज्यादा अधिकार दिए जाएं। इस मांग के साथ संगठन ने 1984 में तुर्किये सरकार के खिलाफ जंग छेड़ी थी। इस जंग में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसके चलते तुर्किये, अमेरिका और यूरोपीय संघ इस संगठन को आतंकी घोषित कर चुके हैं। संगठन के नेता अब्दुल्लाह ओकलान को 1999 में तुर्की की स्पेशल फोर्स ने केन्या में पकड़ा था। तब से उसे इस्तांबुल की एक जेल में कैद रखा गया है, जहां वह उम्रकैद की सजा काट रहा है।



अब्दुल्लाह ओकलान ने संगठन से दो जरूरी काम करने को कहा जिससे तुर्किये के साथ बीते कई साल से चला आ रहा संघर्ष तुरंत खत्म हो सकता है। ये हैं- अपने हथियार डालना और संगठन को भंग करना। ओकलान की तरफ से उसका स्टेटमेंट प्रो-कुर्दिश पार्टी डीईएम के नेताओं ने पढ़कर सुनाया। इस बयान में ओकलान ने कहा, तुर्किये सरकार की तरफ से कुर्दों के अधिकारों पर रोक लगाई जा रही थी, इसके जवाब में पीकेके का गठन किया गया था। लेकिन तब से अब तक कुर्दों के अधिकारों में इजाफा हुआ है। साथ ही यह संगठन अपनी उम्र पूरी कर चुका है। अब इसे खत्म कर दिया जाना जरूरी है। कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी कुर्द अलगाववादी समूह है। इसकी स्थापना 1978 में हुई थी। इसका मकसद आजाद कुर्दिस्तान की स्थापना करना है। यह समूह ईरान, इराक, सीरिया और तुर्की के कुर्द बहुल क्षेत्रों पर कब्जा कर कुर्द अधिकारों को आगे बढ़ाना है। पीकेके का हेडक्वार्टर लंबे समय से इराक में है।

2013 से 2015 तक पीकेके और तुर्किये सरकार के बीच युद्धविराम बना रहा। इसके बाद तुर्किये के सुरक्षा बलों ने दक्षिणपूर्वी तुर्की में पीकेके के आतंकी ऑपरेशन को लगभग रोक दिया, इसके बाद इस संगठन ने मुख्य रूप से इराक और सीरिया में ऑपरेशन को अंजाम देना शुरू किया।

# दक्षिणी चीन में नदी में बड़ा हादसा

## पोत और नौका की टक्कर होने से कम से कम 11 की मौत



बीजिंग, 1 मार्च (एजेंसियां)। चीन के दक्षिणी हिस्से में एक नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए।

सरकारी मीडिया ने शुक्रवार रात इस हादसे के बारे में जानकारी साझा की। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि मंगलवार की सुबह हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में हुई दुर्घटना के दौरान 19 लोग पानी में गिर गए। गनीमत रही कि तीन को तत्काल ही बचा लिया गया। दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जहां नदी औसतन 60 मीटर (200 फुट) से अधिक गहरी और 500 मीटर (1,600 फुट) चौड़ी है। तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति के रिश्तेदार ने शंघाई के समाचार पत्र को बताया कि नौका ही उनके गांव में आने-जाने का मुख्य साधन है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तेल रिसाव को साफ करने वाला एक बड़ा पोत शांत पानी में नौका को पीछे से टक्कर मारता दिखाई दे रहा है। चीन की समाचार एजेंसी ने बताया कि पोत पर सवार तीन लोग पुलिस की जांच के दायरे में हैं और उनमें से कोई भी घायल नहीं हुआ है।

# बांग्लादेश आकर अपने लोगों को दिलाऊंगी इंसाफ

## शेख हसीना की मोहम्मद यूनुस को चुनौती ढाका की राजनीति में मचेगी हलचल

ढाका, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत में निर्वासन में रह रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह जल्दी ही अपने वतन वापस जा सकती हैं। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर देश की व्यवस्था को पटरी से उतार देने का आरोप लगाया है। भारत से एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि वह ढाका लौटकर यूनुस के गैरकानूनी कामों की जांच कराएंगी और लोगों को न्याय दिलाएंगी। सबसे ज्यादा समय बांग्लादेश की पीएम रहीं हसीना ने देश में भारी विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बाद 5 अगस्त, 2024 को ढाका छोड़ दिया था और भारत आ गई थीं।

अवामी लीग पार्टी की नेता शेख हसीना ने एक वीडियो संदेश में अपने मुल्क के लोगों से कहा, 'मैं वापस आऊंगी और सबकी जांच होगी। मोहम्मद यूनुस की सरकार ने



आतंकवादियों को खुला छोड़ दिया है। वे लोगों को मार रहे हैं और सड़कों पर उत्पाद मचा रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश के संस्थानों पर अवैध कब्जा कर लिया है। मैं वापस आकर अपने लोगों को इंसाफ दिलाऊंगी।'

**हसीना ने यूनुस पर लगाए गंभीर आरोप**

शेख हसीना ने यूनुस पर आतंकवादियों को छोड़ने और उनका देश के संस्थानों पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। हसीना ने अपने समर्थकों से वादा करते हुए कहा है कि वह ढाका लौटकर उनको न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेंगी। हसीना ने ये संकेत भी दिया है कि वह बांग्लादेश के अगले चुनाव में अवामी लीग का नेतृत्व कर सकती हैं। बांग्लादेश की राजनीति में आने वाले समय में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसकी दो बड़ी वजह हैं। एक तो हसीना की ओर से बांग्लादेश वापसी के संकेत दिए गए हैं। अलावा उनके खिलाफ आंदोलन चलाने वाले छात्रों ने भी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। ऐसे में हसीना की अवामी लीग और छात्रों के दल के बीच दिलचस्प टकराव देखने को मिल सकता है। शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले छात्रों ने हाल ही में राजनीतिक दल बनाने का ऐलान किया है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में सलाहकार बने छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने नई पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सरकार से इस्तीफा दे दिया है। वह इस पार्टी के संयोजक होंगे, जो बांग्लादेश के लोगों के लिए एक वैकल्पिक राजनीतिक विकल्प पेश करेगी।

# चेक गणराज्य में पटरी से उतरी मालगाड़ी

## केमिकल के रिसाव से भीषण आग लोगों को खिड़कियां बंद करने की सलाह

प्राग, 1 मार्च (एजेंसियां)। चेक गणराज्य के पूर्वी क्षेत्र में एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के बाद उसके क्षतिग्रस्त टैंक में रखे कैंसरकारी रासायनिक पदार्थ 'बेंजीन' के कारण भयानक आग लग गई। आग इतनी अधिक भीषण है कि पूरे आसमान में काला धुआं उठ रहा है। आसपास रहने वाले लोगों को अपनी खिड़कियां और दरवाजे बंद करने की सलाह दी गई है। ताकि जहरीले रसायन का धुआं उनके घरों में नहीं पहुंचे, अन्यथा इससे मौत होने की आशंका है।

बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे 'हुस्टोपेस नाद बेकव' शहर में स्टेशन के पास हुई और आग लगने के कारण निकला काला धुआं दूर से दिखाई दे रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि ट्रेन के 17 में से 15 टैंक में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक करीब 17 टैंकों में आग लगी है और प्रत्येक टैंक में लगभग 60 मीट्रिक टन जहरीला पदार्थ था। उन्होंने आग पर काबू पाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया और पड़ोसी स्लोवाकिया से उनके समकक्ष मदद के लिए पहुंच रहे हैं। जहरीला धुआं फैलने से लोगों के बीच दहशत का माहौल है। प्राधिकारियों ने बताया कि शहर में खतरनाक पदार्थों का स्तर सीमा से अधिक नहीं पाया गया है, लेकिन वहां तथा आसपास के शहरों एवं गांवों के निवासियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी खिड़कियां न खोलें तथा घर के अंदर ही रहें।

# मोदी ने शानदार तरीके से डोनाल्ड ट्रंप को हैंडल किया

## जेलेंस्की की बेइज्जती के बाद अमेरिकी एक्सपर्ट ने की जमकर तारीफ

वॉशिंगटन, 1 मार्च (एजेंसियां)। वाइट हाउस में शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कैमरे के सामने जोरदार बहसबाजी हुई है। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप बार बार जेलेंस्की को फटकार लगाते हुए उनपर अमेरिका का अपमान करने का आरोप लगा रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार तो यहां तक कहा कि अमेरिका अगर हट जाए तो युद्ध में दो हफ्ते भी यूक्रेन नहीं टिक सकता है। जियो-पॉलिटिक्स में ऐसी घटनाओं का दिखना दुर्लभ माना जाता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि कई बार नेताओं के बीच तनाव काफी बढ़ जाता है और ऐसी बातें हो जाती हैं, लेकिन ऐसा बंद कमरे में होता है। कैमरे के सामने नेता ऐसा वर्ताव करने से बचते हैं। डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल काफी आक्रामक दिख रहा है। जेलेंस्की से पहले फ्रांस के



राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ भी उनकी बैठक अच्छी नहीं रही। हालांकि इमैनुएल मैक्रों और कीर स्टारमर अपने धैर्य और अनुभव की वजह से ट्रंप से टकराने से बचे। नहीं तो इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनकी भी ट्रंप के साथ झड़प हो सकती थी। वहीं भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब पिछले महीने अमेरिका का दौरा किया था उस वक्त अवैध भारतीयों को लेकर ट्रंप काफी नाराज थे।

भारतीय मूल के एक्सपर्ट सदानंद धुमे ने भारत की डिप्लोमेसी की तारीफ करते हुए कहा है कि विपक्ष चाहता था कि प्रधानमंत्री मोदी, अप्रवासियों के मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप के साथ दो-दो हाथ करे, लेकिन मोदी ने अपनी शानदार कूटनीति का परिचय देते हुए किसी संभावित झड़प को टाल दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि वाइट हाउस में आज जेलेंस्की की बेइज्जती को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन की अपनी यात्रा को अच्छी तरह से संभालने के बारे में मेरी बात को रेखांकित करती है। कल्पना कीजिए कि अगर उन्होंने अवैध प्रवासियों को भारत ले जाने के बारे में मीडिया के सामने दिखावा करना शुरू कर दिया होता? उन्होंने 27 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की यात्रा को लेकर वाल स्ट्रीट जर्नल में एक लेख लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्षी नेता चाहते हैं कि मोदी अवैध विदेशी भारतीयों के अमेरिकी निर्वासन के मुद्दे पर डोनाल्ड ट्रंप से लड़ाई करें।


# जेलेंस्की और ट्रंप की 'जंग' के बाद ज्यादा करीब आए रूस-अमेरिका

## कर दिया बड़ा ऐलान, यूक्रेन को बड़ा झटका

मॉस्को, 1 मार्च (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की में तनाव के बीच रूस और अमेरिका की सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। मॉस्को और वाशिंगटन ने दोनों देशों में राजनयिक मिशनों के निर्बाध वित्तपोषण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संयुक्त उपायों पर सहमति जताई है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से रूस अमेरिका संबंधों में तेजी से सुधार देखने को मिला है। ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भी मॉस्को के साथ सहयोग का रुख अपनाया है।

रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों ने गुरुवार को तुर्की के इस्तांबुल में वार्ता की थी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के बंद कमरे में हुई यह बैठक छह घंटे से अधिक समय




तक चली। मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों में 'अनेक बाधाओं' को दूर करने के तरीकों पर चर्चा की। बयान में कहा गया, पारस्परिक आधार पर रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के राजनयिक मिशनों की गतिविधियों के निर्बाध वित्तपोषण को सुनिश्चित करने, राजनयिकों के लिए अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए उपयुक्त परिस्थितियां बनाने के लिए संयुक्त कदम उठाने पर सहमति बनी।

रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तरी अटलांटिक विभाग के निदेशक अलेक्जेंडर डार्चीव ने किया। वहीं अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रूस और मध्य यूरोप की नीति की देखरेख करने वाली उप सहायक विदेश मंत्री सोनाटा कूल्टर ने किया। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, 'विदेश मंत्रियों के निर्देशों के अनुसार, पिछले अमेरिकी प्रशासन से विरासत में मिली अनेक 'परेशानियों' को दूर करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।' मंत्रालय ने यह भी कहा कि रूस ने अमेरिका में अपनी राजनयिक संपत्ति का मुद्दा उठाया, विशेष रूप से छह अचल संपत्तियां का, जिन्हें 2016 और 2018 के बीच 'अवैध रूप से जब्त' किया गया था।

बता दें पिछले एक दशक में, रूस और अमेरिका ने बार-बार एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित किया है, जिससे उनके दूतावासों में कर्मचारियों की संख्या में काफी कमी आई है। इसके अलावा रूस ने प्रस्ताव दिया कि अमेरिका रूस सीधी उड़ानें बहाल करने पर विचार करें, जिससे दोनों देशों के हितों में द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# इलॉन मस्क 14वें बच्चे के पिता बने

## पार्टनर शिवॉन जिलिस के साथ चौथा बच्चा, इन्हें लेकर पीएम मोदी से मिलने पहुंचे थे




वॉशिंगटन, 1 मार्च (एजेंसियां)। इलॉन मस्क 14वें बच्चे के पिता बन गए हैं। उनकी कंपनी न्यूरालिंक की एग्जीक्यूटिव शिवॉन जिलिस इस बच्चे की मां हैं। बच्चे को सेल्डन लाइकर्गस नाम दिया गया है। शिवॉन जिलिस ने शुक्रवार को बच्चे के जन्म की जानकारी X पर दी। उन्होंने लिखा कि इलॉन से बातचीत करने के बाद हमने महसूस किया कि हमारे अद्भुत और अविश्वसनीय बेटे के बारे में जानकारी शेयर करना बेहतर होगा। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि बेटे का जन्म कब हुआ है। शिवॉन ने लिखा, वह एक शक्तिशाली योद्धा की तरह मजबूत है, और उसका दिल सोने जैसा निर्मल है। हम उसे बहुत प्यार करते हैं। शिवॉन और मस्क के पहले से 3 बच्चे हैं। इनमें दो जुड़वां बच्चे- स्ट्राइडर और एज्योर और बेटी अर्काडिया हैं। नवंबर 2021 में मस्क और जिलिस ने खुलासा किया कि उनके घर जुड़वां बच्चों स्ट्राइडर और एज्योर का जन्म हुआ है। वहीं, बेटी अर्काडिया का जन्म पिछले साल हुआ है। बीते दिनों अमेरिकी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और राइटर एश्ले सेंट क्लेयर ने दावा किया था कि वे टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क के बेटे की मां हैं। क्लेयर ने कहा कि उसने 5 महीने पहले सीक्रेट तौर पर इस बच्चे को जन्म दिया है, लेकिन सेफ्टी और प्राइवेसी के चलते पहले इसकी घोषणा नहीं की।

# अफगान सीमा पर गरज रहीं तोपें, अब तालिबान के 'पितामह' के बेटे की पाकिस्तान में हत्या

## जनरल मुनीर ने लिया खूनी बदला?

इस्लामाबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के नौशेरा जिले में एक कुख्यात मदरसे दारुल उलूम हक्कानिया में हुए आत्मघाती हमले में तालिबान के संस्थापक कहे जाने वाले दिवंगत मौलाना सामी उल हक के बेटे मौलाना हामिद उल हक की हत्या कर दी गई। यह हमला शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद किया गया। यह मदरसा दशकों से तालिबानी आतंकियों के लिए एक स्कूल की तरह से है। इस भीषण हमले की आईएसकेपी आतंकियों ने जिम्मेदारी ली है। ये आईएस आतंकी लगातार पाकिस्तानी सेना के इशारे पर तालिबान को निशाना बना रहे हैं। मौलाना हामिद के अलावा उनके




5 अन्य करीबी लोग भी इस हमले में मारे गए हैं। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे कायराना हरकत करार देते हुए बहुत बड़ी क्षति बताया है।

तालिबान के गुरु की यह हत्या तब की गई है जब पाकिस्तान और तालिबान के बीच रिश्ते रसातल में पहुंच गए हैं और सीमा रेखा डूरंड लाइन पर लगातार तोपें गरज रही हैं। यही वजह है कि कई विश्लेषक इसे पाकिस्तान के साथ तनाव के साथ जोड़कर देख रहे हैं। वहीं कई विश्लेषकों का कहना है कि इस हत्याकांड को आईएसकेपी आतंकियों ने पाकिस्तानी सेना के इशारे पर अंजाम दिया है। आईएसकेपी को इस समय पाकिस्तानी सेना का पूरा समर्थन मिला हुआ है। बताया जा रहा है कि हमलावर ने विस्फोटकों से भरा जैकेट पहना हुआ था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावर हक के पास गया जो एक मस्जिद के लिए रवाना हो रहे थे। इसके बाद उसने धमाका कर दिया। मौलाना हक की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 24 लोग इस घटना में घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की है। यह मदरसा अफगान सीमा को जोड़ने वाली सड़क पर है।

# बीसीसीएल के बिजली घर में लगी आग

धनबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। झरिया के भौरा क्षेत्र स्थित गांधी नगर में बीसीसीएल की 23.8 खदान के बिजली घर में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल अधिकारियों और पुलिस को सूचित किया। बीसीसीएल अधिकारियों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी। भौरा ओपी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की तीन गाड़ियों और बीसीसीएल के वाटर टैंकर की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भौरा वार्ड 39 के पार्षद शिव कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद की। स्थानीय लोगों के अनुसार, 150 केवीए का यह ट्रांसफॉर्मर ओवरलोडिंग या शॉर्ट सर्किट के कारण जल गया।



# पालनहार योजना पर विपक्ष का हंगामा

## मंत्री अविनाश गहलोत ने दिए अलग-अलग जवाब

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। पालनहार योजना को लेकर जवाब में मंत्री अविनाश गहलोत के अलग-अलग जवाब रहे। प्रश्नकाल और शाम को अनुदान मांगों के जवाब में उन्होंने अलग-अलग उत्तर दिए। कांग्रेस के मनीष यादव ने पालनहार योजना के तहत मिलने वाले आर्थिक संबल को लेकर सवाल किया था। इस पर मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया था कि 6 लाख 15 हजार 98 बच्चे पालनहार योजना के तहत लाभांवित किए जा रहे। जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक 2 लाख 67 हजार 138 बच्चों का 40.15 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया चल रहा है। मंत्री ने भुगतान में देरी का कारण सत्यापन में समय लगना तथा बैंक के आइएफएससी कोड का बदलना बताया।



**मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों के बीच तकरार**

योजना में बच्चों को आर्थिक सहायता में देरी पर विपक्ष ने सरकार पर टालमटोल करने का आरोप लगाया और सरकार के तर्कों को सिरे से नकार दिया। इस दौरान मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों के बीच काफी देर तकरार भी हुई। विपक्ष के सदस्यों ने इस मुद्दे पर गहलोत को घेरने की कोशिश की। इस पर सत्ता पक्ष के भी कई मंत्री खड़े हो गए। दोनों पक्षों की तरफ से कुछ देर आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे। अध्यक्ष ने प्रश्नकाल को खत्म करने की घोषणा की तब जाकर मामला शांत हुआ।

**इधर, शाम को कहा...**

**पालनहार योजना में कोई बकाया नहीं**

राजस्थान विधानसभा में जनजाति क्षेत्रीय विकास और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता की अनुदान मांगों पर बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पेंशन और स्कॉलरशिप की राशि देने में हो रही देरी पर चिंता जताई। जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराडी. व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आंकड़ों के जरिए जवाब दिया। गहलोत ने चुटकी लेते हुए कहा कि आपको (जूली के लिए) अपना ज्ञान बढ़ा लेना चाहिए। दिसम्बर तक की पेंशन जारी की जा चुकी है। जनवरी का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। पालनहार योजना में तकनीकी कारणों से रुके हुए मामलों के अलावा एक भी व्यक्ति का भुगतान लंबित नहीं है।

**'दादी' से सीखे हैं...**

सदन में एक बार फिर 'दादी' शब्द सुनाई दिया। गहलोत ने जूली की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपसे बहुत कुछ सीखा है। मंत्री जोगाराम पटेल बोले कि गहलोत ने संस्कार अपनी दादी से ही सीखे हैं। दादी शब्द सुनते ही स्पीकर देवनानी ने उन्हें बैठने के लिए इशारा किया।

**दलित-आदिवासी हत्या मामले में राजस्थान देश में दूसरे नम्बर पर – जूली**

टीकाराम जूली ने केन्द्र सरकार की उस रिपोर्ट का जिक्र करते हुए राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया, जिसमें दलित और आदिवासी हत्या में राजस्थान देश में दूसरे नम्बर पर है। उन्होंने प्रदेश में दलित व आदिवासी लोगों के साथ हुई अप्रिय घटनाओं का भी जिक्र किया। दोनों ही मंत्रियों ने विभाग के बजट रिप्लाई में कोई नई घोषणा नहीं की।

# टीकाराम जूली बोले- हर महीने हो रही तीन दलित और 1 आदिवासी की हत्या

## एससी, एसटी को नहीं मिल रहा सरकारी लाभ

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा में जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि सामाजिक न्याय और दलितों की बात पर लंबी-लंबी बातें करने वाली सरकार ने अपने घोषणा-पत्र में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों से किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन हो या विधवा पेंशन या फिर दिव्यांगों को मिलने वाली पेंशन, इनका भुगतान पिछले कई महीनों से बकाया है।

प्रतिपक्ष के नेता जूली ने कहा कि सरकार पेंशन के जवाब पर हर बार अलग-अलग जवाब देती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बच्चियों के लिए



स्कूटी दिए जाने की योजना शुरू की गई थी, आज करोड़ों रुपये की स्कूटी कबाड हो रही हैं और बालिकाएं इंतजार कर रही हैं। जबकि सरकार कह रही है कि हमने योजना को बंद नहीं किया है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि देश में आज भी दलितों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने केन्द्र सरकार की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि दलितों पर अत्याचार होने वाले राज्यों में यूपी के बाद राजस्थान में हर महीने तीन दलित और एक आदिवासी की हत्या हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ संभागों में तो स्थिति इससे भी बदतर है।

प्रतिपक्ष के नेता जूली ने कहा कि प्रदेश में आज भी दलितों के दूल्हों की बारात पुलिस के संरक्षण में निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारी मानसिकता दोषी है। जब तक मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक इसका समाधान निकाला जाना मुश्किल है। आज प्रदेश में सामाजिक समरसता और सौहार्द को बढ़ाए जाने की जरूरत है, ताकि लोगों का सोच बदले।

पिछले डेढ़ वर्षों में दलितों पर अत्याचार की स्थिति को देखें तो प्रदेश के सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों में कार्यरत दलित अधिकारी और कर्मचारियों के साथ जातीय द्वेषता बढ़ी है।

प्रदेश में घटी दलित अत्याचार और हत्या की घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए जूली ने कहा कि उन्हें प्रताड़ित और अपमानित किया जा रहा है, जिनमें से कई मामलों में तो प्रताड़ित हुए लोगों को मानसिक अवसाद की स्थिति में आत्महत्या तक करने को मजबूर होना पड़ा है।

जूली ने दलितों पर हो रहे अत्याचारों के कई उदाहरण देते हुए बताया कि एससी-एसटी के लोगों को आए दिन जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया जाता रहा है और उन पर आपसी समझौता करने के लिए दबाव बनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि एससी के मामले में केवल 43 प्रतिशत ही

# विधानसभा में अपशब्दों से फिर मचा बवाल

## कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा पर एक्शन की तैयारी

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। 'ओए बात मत कर नहीं तो मेरा जूता बात करेगा। बीच में डिस्टर्ब मत कर' यह संवाद किसी सड़क की लड़ाई का नहीं बल्कि विधानसभा में एक विधायक की दूसरे विधायक को दी गई चेतावनी है। कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा सदन में इस कदर आपा खो बैठे कि सत्ता पक्ष के एक विधायक को चलते सदन में यह बात कह डाली।

शून्यकाल में जब घोघरा बोल रहे थे तो बीजेपी विधायक ने बीच में उन्हें टोक दिया इस पर घोघरा आपा खो बैठे और आपत्तिजनक शब्द कह डाले। यही नहीं वे सभापति संदीप शर्मा से भी भिड़ गए। बाद में सदन में इस पर



काफी बवाल भी हुआ।

**नेता प्रतिपक्ष बोले, विधायक दल की बैठक में चर्चा करेंगे**

कांग्रेस भी घोघरा के इस बयान को लेकर बैकफुट पर है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि विधायक दल की बैठक में घोघरा से बात की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अपने नेताओं की भाषा और व्यवहार को लेकर बेहद सख्त है और ऐसी भाषा के प्रयोग को उचित नहीं ठहराया जा सकता। जूली ने यह भी कहा कि वह विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करेंगे कि इस बयान को सदन की कार्रवाई से हटाया जाए। जूली बोले कि सदन में मर्यादा और गरिमा बनी रहनी चाहिए और सभी दलों को इस पर ध्यान देना चाहिए। टीकाराम जूली ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कांग्रेस अपने विधायकों को सख्त निर्देश देगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बहस में मर्यादित भाषा का इस्तेमाल जरूरी है और कांग्रेस हमेशा संसदीय गरिमा बनाए रखने की पक्षधर रही है।

# बदला मौसम, चूरू के बाद झुंझुनू और तिजारा में भी बारिश के साथ ओलावृष्टि



जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। प्रदेश में बार-बार मौसम में बदलाव का दौर जारी है। बीते 2 दिनों से सक्रिय नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश के साथ अब ओले भी गिरने शुरू हो गए हैं। शनिवार सुबह झुंझुनू तथा तिजारा में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। इससे यहां फसलों में भारी नुकसान की आशंका है। इससे पहले चूरू में ी ओलावृष्टि हुई थी। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आज शनिवार को भी बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान तापमान की बात करें तो सबसे अधिक अधिकतम तापमान पाली में 35.0 सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं निम्नतम न्यूनतम तापमान बारां में 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकांश हिस्सों में हवा में नमी की औसत मात्रा 27 से 99 फीसदी के बीच दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में अजमेर में 18.4 डिग्री, कोटा में 17.3 डिग्री, जोधपुर में 19 डिग्री, जयपुर में 19 डिग्री, सीकर में 17.5 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 17.3 डिग्री, जैसलमेर में 19.9 डिग्री, बाड़मेर में 19 डिग्री, बीकानेर में 19 डिग्री, चूरू में 18.4 डिग्री, गंगानगर में 15.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

# टोल टैक्स प्लाजा पर तलवार-सरियों से हमला

## बदमाशों ने जमकर की तोड़फोड़-जान बचाकर भागे कर्मचारी; टोल टैक्स मांगने पर हुआ विवाद

निम्बाहेड़ा, 1 मार्च (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा में आरएसआरडीसी के टोल प्लाजा पर टोल टैक्स मांगने पर बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। टोल टैक्स कलेक्शन के लिए बने केबिन के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान कर्मचारियों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। वहीं, सर्वर रूम में भी घुसकर बदमाशों ने तोड़फोड़ की। घटना शुक्रवार शाम करीब 6:15 बजे मंगलवाड़-निंबाहेड़ा स्टेट हाईवे पर स्थित धीनवा टोल प्लाजा पर हुई।

टोलकर्मी कमल सिंह ने बताया कि निंबाहेड़ा की ओर से शुक्रवार शाम को एक वैन आई, जिसमें करीब 3-4 लोग सवार थे। वैन में बैठे लोगों ने टोल टैक्स देने से इनकार कर दिया और गाड़ी निकालने पर अड़ गए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी दी। मामला बढ़ता देख सुपरवाइजर को सूचना दी गई। इस दौरान आरोपियों ने भी फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुला लिया।

कुछ देर बाद करीब 10 लोग अलग-अलग वाहनों से हाथों में तलवार और सरिए लेकर टोल प्लाजा पहुंचे।

बदमाशों ने मौके पर पहुंचते ही गाली-गलौज करते हुए केबिन में तोड़फोड़ शुरू कर दी। टोल कर्मचारी अपनी जान बचाकर भाग गए। बदमाशों ने केबिन के शीशे तोड़ने के साथ ही मौके पर रखी कुर्सी और अन्य सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा, सर्वर रूम में घुसकर कंप्यूटर व अन्य उपकरणों को सरिए से तोड़ दिया और वहां मौजूद कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी।

आरएसआरडीसी परियोजना अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम को सोनू कलर और दिनेश माली समेत करीब 10 लोग टोल प्लाजा पर आए। आरोपियों ने लाठियों और सरियों से तोड़फोड़ की, जिससे सरकारी संपत्ति को काफी नुकसान हुआ। टोलकर्मी कमल सिंह की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटना की जानकारी ली और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

# बिजयनगर ब्लैकमेल कांड पर अजमेर में फूटा गुस्सा

## लाठी-डंडे लेकर आए लोगों ने बंद कराई दुकानें, ई-रिक्शा चालक को पीटा

अजमेर, 1 मार्च (एजेंसियां)। ब्यावर के बिजयनगर में छात्राओं से यौन शौषण और ब्लैकमेलिंग के विरोध में आज सकल हिंदू समाज के आह्वान पर आज अजमेर बंद है। शहरभर में बंद का व्यापक असर दिख रहा है। शहर में आवश्यक सेवा, परीक्षा केंद्रों को छोड़कर व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, थड़ियां-गुमटियां बंद है। हालांकि, कुछ जगह दुकानें खोली गई। लेकिन, हाथों में लाठी-डंडे लेकर आए लोगों ने दुकानों को बंद करवा दिया।

हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने अजमेर बंद के दौरान एक जगह ई-रिक्शा चालक को थप्पड़ मार दिया। इसके चलते विवाद की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि,





पुलिस के आने से पहले ही मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

**जबरन बंद करवाई दुकानें**

सुबह करीब 11 बजे निकाली गई आक्रोश रैली से पहले हिंदूवादी संगठनों के लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर निकले और कई जगह जबरन दुकानें बंद कराई। इसके अलावा कई जगह गाड़ियों की हवा तक निकाल दी। जिसके चलते लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**मुख्यमंत्री के नाम कलक्टर को सौंपा ज्ञापन**

अजमेर बंद के दौरान सुबह 11 बजे सकल हिंदू समाज के लोग गांधी भवन चौराहे पर एकत्रित हुए। इसके बाद आक्रोश रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। जहां पर जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**आक्रोश रैली उमड़ा जनसैलाब**

अजमेर व्यापारिक महासंघ, दरगाह बाजार एसोसिएशन, राजस्थान प्राइवेट एज्यूकेशन महासंघ, अखिल भारतीय हिंदू क्रांति सेना बिजयनगर, शिवसेना व विप्र सेना ने बंद को समर्थन दिया। ऐसे में आक्रोश रैली विभिन्न संगठनों से जुड़े में हजारों लोग शामिल हुए हैं। वहीं, बंद के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम है। हर स्थिति से निपटने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान मौजूद है।

# पेपर लीक मामले में फिर बड़ा एक्शन

## एक साथ 24 एसआई पर कसा शिकंजा

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में राजस्थान पुलिस ने एक बार फिर बड़ा एक्शन लिया है। आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य रामूराम राइका के बेटा-बेटी सहित 24 उपनिरीक्षकों को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया। बता दें कि बीते दो महीने में करीब 40 ट्रेनी एसआई को नौकरी से हटाया जा चुका है।

गौरतलब है कि पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने जयपुर-जोधपुर पुलिस कमिश्नर सहित सभी रेंज आईजी को एसआई पेपर लीक, डमी अभ्यर्थी व नकल कर थानेदार बनने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसओजी की कार्रवाई में जिन



थानेदारों के खिलाफ परीक्षा से पहले पेपर लेकर, डमी अभ्यर्थी बैठाकर और परीक्षा में अन्य सामग्री से नकल कर पकड़े जाने वालों की स्पष्ट पुष्टि हो चुकी है। ऐसे थानेदारों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने आदेश जारी कर आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राइका के बेटे देवेश राइका, बेटी शोभा राइका के साथ थानेदार बनी मोनिका जाट, नीरज कुमार यादव व सुरेन्द्र कुमार बगडिय़ा को राजस्थान पुलिस एक्ट 39 के तहत सेवा से डिस्चार्ज किया है। इन पांचों थानेदारों को जयपुर कमिश्नरेट अलॉट हुआ था। इसके अलावा जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा ने एकता, अविनाश पलसानिया, सुरजीत सिंह यादव, राकेश और विजेंद्र कुमार को बर्खास्त करने के आदेश जारी किए है।

जोधपुर सहित अजमेर और उदयपुर में भी कसा शिकंजा

जोधपुर कमिश्नर राजेन्द्र सिंह ने श्रवण कुमार, इंदुबाला, भगवती और प्रेमसुखी को बर्खास्त किया है। इसके अलावा अजमेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने सुभाष बिश्नोई को बर्खास्त किया। वहीं, उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीना ने राजेश्वरी, मनोहर लाल गोदारा, विक्रमजीत बिश्नोई, दिनेश बिश्नोई और श्याम प्रताप सिंह को बर्खास्त किया।

## अजमेर दरगाह में मंदिर होने का मामला

# 19 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

जयपुर, 1 मार्च (एजेंसियां)। अजमेर में स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को लेकर विवादित दावे के बीच आज सिविल न्यायालय पश्चिम में इस मामले की सुनवाई टल गई। इससे पहले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दावा किया है कि यह स्थान पहले संकट मोचन महादेव मंदिर था और इस मामले पर 1991 के प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू नहीं होता।

दरअसल, इस मामले में आज कोई सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय ने मामले में अगली तारीख दी है। वर्क सस्पेंड के चलते आज सुनवाई नहीं हुई। अब इस केस में 19 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। बता दें, हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता का कहना है कि ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह कोई पूजा पद्धति का स्थान नहीं है, इसलिए इस पर प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू नहीं होता। उन्होंने दावा किया कि ऐतिहासिक तथ्यों और कानूनी आदेशों के आधार पर इस स्थान की दोबारा जांच होनी चाहिए।

बता दें, न्यायाधीश मन मोहन चंदेल की कोर्ट में इस मामले की आज सुनवाई होनी थी, लेकिन वर्क सस्पेंड के चलते टल गई। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण कुमार सिन्हा हिंदू सेना का पक्ष रखने वाले थे। हिंदू सेना की ओर से दावा किया था कि मुस्लिम पक्ष की सभी दलीलें बेबुनियाद हैं और कोर्ट में उनकी याचिका 7/11 को खारिज हो सकती है। वहीं, अजमेर दरगाह प्रबंधन समिति ने हिंदू सेना के दावे को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा कि दरगाह एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जहां हर धर्म और संप्रदाय के लोग श्रद्धा के साथ आते हैं।

बताते चलें कि 1991 में बना यह कानून यह सुनिश्चित करता है कि 15 अगस्त 1947 के बाद से किसी भी धार्मिक स्थल का स्वरूप नहीं बदला जाएगा।

# खाने की बात को लेकर भाई ने कर दी हत्या

## बेड पर उल्टा पड़ा मिला था शव, अब हत्यारे भाई को मिली सजा

कोटा, 1 मार्च (एजेंसियां)। कोटा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खाने की बात को लेकर भाइयों में हुए झगड़े में गला दबाकर चचेरे भाई की हत्या करने के मामले में हत्यारे को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रकरण के अनुसार 29 अप्रेल 2023 को कुन्हाड़ी थाने के नांता क्षेत्र निवासी सुरेश बैरवा ने पुलिस में दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई का बेटा विष्णु बैरवा उसके घर आया था और उसके बेटे दीपक और कमल तीनों बैठकर शराब पी रहे थे। उसी दौरान खाने की बात को लेकर दीपक और कमल आपस में झगड़ गए। झगड़े का पता लगने पर बहन पूजा कमल को अपने साथ ले गई और दूसरे कमरे में बंद कर दिया।

इधर, विष्णु ने दीपक के साथ मारपीट की और दीपक को बेड व दीवार के बीच में घुसा कर गला घोंटकर मार दिया। घटना के थोड़ी देर बाद जब वह घर पहुंचे तो दीपक बेड पर उल्टा पड़ा हुआ नजर आया। इस पर उसे अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की और आरोपी विष्णु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# हेरोइन तस्करी मामले में समेजा पुलिस की कार्रवाई

## हवाई फायर कर फरार हुआ एक और आरोपी हिरासत में

श्री गंगानगर, 1 मार्च (एजेंसियां)। जिले की समेजा पुलिस ने बॉर्डर पार से हुई हेरोइन तस्करी के एक बड़े मामले में सफलता हासिल करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गगनदीप सिंह को पंजाब के फिरोजपुर से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गगनदीप सिंह की गिरफ्तारी 21 फरवरी को पकड़े गए आरोपी नवदीप सिंह उर्फ लवली से हुई पूछताछ के आधार पर की गई। नवदीप सिंह को पहले ही प्रोटेक्शन वारंट पर



फिरोजपुर से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में समेजा थाना के कांस्टेबल कालूराम की विशेष भूमिका रही। मामला 14 जून 2024 का है, जब सीआईडी की सूचना पर पुलिस ने बॉर्डर इलाके में नाकाबंदी की थी। इस दौरान पुलिस को 44 पीएस की रोही में 6 किलो हेरोइन बरामद हुई थी। हालांकि मौके पर पहुंचे तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए 75 एनपी हवाई फायर कर फरार हो गए थे। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने तकनीकी सहायता का उपयोग किया और तस्करों की पहचान कर पंजाब में जेल में बंद नवदीप सिंह को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने अब गगनदीप सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# एसएलबीसी तेलंगाना की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक

## सुरंग में फंसे लोगों को बचाने में जुटे 703 लोग



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एसएलबीसी (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल परियोजना) तेलंगाना की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना को तत्कालीन नलगोंडा जिले को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। श्रीशैलम एडमगट्टू शाखा नहर (एसएलबीसी) परियोजना को नलगोंडा जिले के देवरकोंडा और मुनुगोडु निर्वाचन क्षेत्रों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया था, मुख्य रूप से श्रीशैलम बैकवाटर का उपयोग करके और फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों को पीने का पानी उपलब्ध कराकर। एसएलबीसी सिंचाई परियोजना जलयाग्नम कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अस्तित्व में आई, जो 2004 में वाईएस राजशेखर रेड्डी द्वारा संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के सीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद शुरू हुई थी। तीन लाख एकड़ को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1,925 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 2007 में काम शुरू हुआ। इस परियोजना में 43.93 किलोमीटर लंबी सुरंग मार्ग का निर्माण महत्वपूर्ण है। जेपी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने आसपास के वातावरण को नुकसान पहुंचाए बिना टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के साथ काम शुरू किया है।

डोमाला पेंटा एसएलबीसी इनलेट वन और मन्ने वारी पल्ली आउटलेट पर दो जगहों पर सुरंग, हेड रेगुलेटर, दो लिंक नहरें, बैलेंसिंग जलाशय और अन्य कार्य इस परियोजना का हिस्सा हैं। श्रीशैलम बैकवाटर से पानी लेने के लिए नलगोंडा जिले में लगभग 44 किलोमीटर (43.930 किमी) लंबी सुरंग खोदी जानी थी। जून 2026 तक परियोजना को पूरा करने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने एसएलबीसी परियोजना के माध्यम से नलगोंडा को पानी उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए हैं। 22 फरवरी को, जब काम चल रहा था, दुर्घटना हुई जिसमें 8 श्रमिक एक सुरंग में फंस गए। राज्य सरकार ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उन्हें जीवित निकालने के लिए बचाव उपाय किए। केंद्र सरकार की एजेंसियों और राज्य सरकार की एजेंसियों ने बचाव उपायों का समन्वय किया, जबकि मंत्री उत्तमकुमार रेड्डी, जुपल्ली कृष्ण राव, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने एजेंसियों के साथ समीक्षा की और बचाव उपायों में तेजी लाई।

श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग में फंसे श्रमिकों का पता लगाने के लिए एक्वा-आई, प्रोबोस्कोप और ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके बचाव अभियान शुरू किया गया है। बताया गया कि बचाव अभियान में 18 संगठन, 54 अधिकारी और 703 लोग भाग ले रहे हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) सिंगरेनी माइंस रेस्क्यू, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जीआईएस, राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, रैट माइनर्स, हाइड्रा, सेना, नौसेना, एनटीआरएफ, एनडीआरएफ, रैट होल माइनर्स, सेना इंजीनियर, सेना चिकित्सा अधिकारी, सैन्य सेवा इंजीनियर, केके बिल्डर्स दिल्ली, एलएंडटी, डीआरएफ, नवयुग, मेगा, रॉबिन्सन संगठनों और अधिकारियों ने बचाव कार्यों की समीक्षा की और बचाव दलों के साथ मलबा और मिट्टी हटाने के काम में तेजी लाई।

अरविंद कुमार ने बताया कि विशेषज्ञों की देखरेख में सुरंग से मिट्टी, मिट्टी और कंक्रीट के मलबे को हटाने और गैस कटर से टूटे उपकरणों को काटने का काम किया जा रहा है। बचाव दलों के साथ तीन शिफ्टों में बचाव अभियान चलाया जा रहा है और पानी निकालने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही बचाव अभियान पूरा हो जाएगा। सुरंग में झरने के पानी को निकालने के लिए पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है।

सुरंग के अंदर खुदाई करने वाली मशीन गाद निकालने का काम कर रही है। 200 लोगों वाली सिंगरेनी माइंस बचाव टीम बचाव अभियान में भाग लेने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंची। करीब सौ सिंगरेनी बचाव कर्मी पहले से ही सुरंग में काम कर रहे हैं। उनके अलावा, उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर्मियों को लाया जा रहा है जो भूमिगत सुरंगों में बचाव दुर्घटनाओं में विशेषज्ञ हैं।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ वर्तमान में सुरंग में एक जीपीआर डिवाइस द्वारा पता लगाए गए सतह की गड़बड़ी की छवियों का विश्लेषण कर रहे हैं। यह बताया गया कि सुरंग दुर्घटना क्षेत्र से मलबे और मिट्टी को हटाने के लिए एक कन्वेयर बेल्ट तैयार किया जा रहा है। टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) लाई गई। अल्ट्रा थर्मिक कटिंग मशीन की दूसरी इकाई एससीआर से भेजी गई है। इसके साथ, दो यूटीसी चालू हैं।

## श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम एनएमडीसी बोर्ड में निदेशक (कार्मिक)



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम ने शुक्रवार को एनएमडीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया । इस्पात मंत्रालय द्वारा उन्हें कंपनी के बोर्ड पर कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति से पूर्व वे एनएमडीसी कार्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद और एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार दोनों में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) और कार्मिक प्रमुख के पद पर कार्यरत थीं । 1992 में अधिशासी प्रशिक्षु के रूप में एनएमडीसी में कार्यग्रहण के पश्चात वे निरंतर कंपनी में आगे बढ़ती रहीं।

अपने तीन दशकों से अधिक की लंबी सेवा के दौरान श्रीमती प्रियदर्शिनी ने एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो महिलाओं के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करता है और एनएमडीसी में कर्मचारी कल्याण में उच्चतम मानक स्थापित करते हुए बेंचमार्क दिव्यांगजनों को एक समान अवसर प्रदान करता है।

## तिरुमला को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाना चाहिए

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी के चेयरमैन बीआर नायुडू ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायुडू को पत्र लिखकर तिरुमला मंदिर के ऊपर नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि आगम शास्त्र के सिद्धांतों, मंदिर की पवित्रता, सुरक्षा और भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तिरुमाला को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाना चाहिए। पत्र में यह भी कहा गया है कि तिरुमला पहाड़ी पर कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमान, हेलीकॉप्टर और अन्य हवाई गतिविधियां श्रीवारी मंदिर के आसपास के पवित्र वातावरण को बिगाड़ रही हैं।

# सीएम ने मामुनूर हवाई अड्डे की समीक्षा की



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जुबली हिल्स स्थित आवास पर वारंगल मामुनूर हवाई अड्डे की समीक्षा की। बैठक में मंत्री सीतक्का, कोंडा सुरेखा, कोमाटि रेड्डी वेंकट रेड्डी, सीएम सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, सरकारी सलाहकार श्रीनिवासराज, सांसद काव्या, चमाला किरण कुमार रेड्डी, विधायक कादियाम श्रीहरि, रेवुरी प्रकाश रेड्डी, नागराजू, वारंगल के मेयर गुंडू सुधारानी, सरकार की मुख्य सचिव शांति कुमारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# वेश्यालय पर छापा मारा

**चार अफ्रीकी महिलाओं को बचाया गया**

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अंबरपेट पुलिस ने शुक्रवार रात एक विदेशी नागरिक द्वारा संचालित वेश्यालय पर छापा मारा और चार महिलाओं को बचाया, जो अफ्रीकी देशों की हैं। छापेमारी के दौरान एक ग्राहक भी पकड़ा गया। अंबरपेट पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर डी मोहन के अनुसार, गोलनाका में रहने वाले और लाइबेरिया के मूल निवासी डिग्री छात्र टिमोथी केपाह बारचु (30) ने गोलनाका में ज़िंदा टिलिस्मथ के पास किराए पर एक घर लिया था। उसने चार महिलाओं को बहला-फुसलाकर अपने घर में वेश्यावृत्ति करवाई थी- तीन युगांडा की नागरिक और एक केन्या की। उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए ग्राहकों को आकर्षित किया।

डी. मोहन ने बताया कि सूचना मिलने पर घर पर छापा मारा गया और महिलाओं को बचाया गया। उन सभी को रेस्क्यू होम में भेज दिया गया। आयोजक टिमोथी को ग्राहक के साथ गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस बचाई गई महिलाओं के दस्तावेजों की जांच कर रही है और रैकेट की आगे की जांच के लिए टिमोंथी को हिरासत में ले लिया है।

# मंचेरियल में कवल पक्षी महोत्सव शुरू



मंचेरियल, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को एकीकृत जिलाधिकारी परिसर में कवाल पक्षी महोत्सव नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का आयोजन शुरू हुआ। यह आयोजन वन विभाग और विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन ऋषि वैली स्कूल के पक्षी अध्ययन संस्थान के डॉ. शांताराम ने पक्षियों के माध्यम से सीखना विषय पर व्याख्यान दिया। वेटलैंड विशेषज्ञ डॉ. बिक्षम गुज्जा ने बताया कि वेटलैंड और जैव विविधता का प्रबंधन किस तरह से किया जा सकता है। ओडिशा के आईएफएस अधिकारी अनुराग मिश्रा ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पक्षियों के संरक्षण में राज्य के प्रयासों का वर्णन किया।

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) के डॉ. सत्या सेल्वम ने बताया कि पक्षी एक आवास से दूसरे आवास में क्यों जाते हैं। प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर और हैदराबाद बर्डिंग पाल्स के सदस्य श्रीराम राम रेड्डी ने वन्यजीव फोटोग्राफी में चुनौतियों और खूबियों पर विस्तार से बात की। स्टेट ऑफ इंडिया के नॉर्ड्स के संजीव मेनन और आईआईएसईआर तिरुपति के डॉ. रॉबिन विजयन ने भी बात की। इस कार्यक्रम में लगभग 500 पक्षी प्रेमी, सिद्दीपेट जिले के मुलुगु स्थित वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान (एफसीआरआई) के छात्र, सरकारी स्कूलों के छात्र, शिक्षक, शोधकर्ता और देश भर के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। इसमें मंचेरियल और कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के वन विभाग के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## नियम तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाएगी ट्रैफिक पुलिस

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। 3 मार्च से हैदराबाद यातायात पुलिस द्वारा शहर में गलत साइड वाहन चलाने, अनियमित नंबर प्लेट, सायरन और मल्टी-टोन हॉर्न के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गलत दिशा में गाड़ी चलाना सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है, जिससे निपटने की जरूरत है। इससे न केवल यातायात में भारी भीड़ होती है, बल्कि सड़क पर चलने वाले सभी लोगों के लिए भी खतरा पैदा होता है।

हैदराबाद के संयुक्त आयुक्त (यातायात) डी. जोएल डेविस ने कहा कि नागरिकों से अनुरोध है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और गलत दिशा में वाहन चलाने, अपने वाहनों पर रंगीन शीशे या काली फिल्म, सायरन, मल्टी-टोन्ड और संगीतमय हॉर्न का उपयोग करने से बचें। मोटर चालकों को ऐसी गतिविधियों से बचना चाहिए। उल्लंघन करने वालों को दंडित किया जाएगा और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## तेलंगाना भवन के पास कूड़े के ढेर में लगी आग

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स में तेलंगाना भवन के पास कूड़े के ढेर में शनिवार को आग लग गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। आग के कारण आसपास के इलाकों में घना धुआं छा गया और मार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों ने इसकी सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। दमकल कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझा दी।

# बी.ई.एल. राजभाषा सम्मेलन आयोजित




हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, हैदराबाद में 28 फरवरी को अखिल भारतीय बी.ई.एल. राजभाषा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय बेंगलूरू से अनिर्बान कुमार बिस्वास, उप निदेशक (कार्यान्वयन), बी.ई.एल. कार्पोरेट कार्यालय की ओर से विक्रमन एन, निदेशक (एचआर), बी राम कुमार, महाप्रबंधक (एचआर)/सीओ, चेतन जयसिंह ओटी पाटिल, महाप्रबंधक (एचआर)/बीजी, हैदराबाद यूनिट से श्री के श्रीनिवास, महाप्रबंधक एवं यूनिट प्रमुख एवं देश भर में स्थित बी.ई.एल. के सभी यूनिट और एसबीयु से उपस्थित राजभाषा अधिकारी समेत लगभग 50 प्रतिभागी शामिल हुए।

पहले सत्र में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने कार्यक्रम की दिशा निर्देशित किए। इसके बाद राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की गई कॉफिटेबल किताब अथक पुस्तक का विमोचन किया गया। अनिर्बान कुमार बिस्वास ने कर्मचारियों की जिम्मेदारियो के महत्व पर प्रकाश डाला। राजभाषा कर्मियों को दिनकर एवं महादेवी वर्मा सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

दूसरे सत्र में सभी राजभाषा अधिकारियों ने अपने यूनिट/एसबीयू के राजभाषा गतिविधियो पर एक प्रस्तुतीकरण दिया। राजभाषा पर संसदीय समिति की प्रश्नावली पर डॉ. राजनरायण अवस्थि, प्रबंधक राजभाषा, ईसीआईएल एवं सदस्य सचिव नराकास, ने अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किया। तीसरे सत्र में कैनरा बैंक से सेवानिवृत डॉ वी वेंकटेसवर राव अतरिक्त महाप्रबंधक राजभाषा ने राजभाषा कार्यानवयन में उत्पन्न होने वाली समस्याएं एवं समाधान विषय पर एक अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किया। कंपनी के राजभाषा अधिकारी सुश्री नवजोत पीटर, श्रीनिवास राव, सुरेश कुमार एवं पिंटू सिंह के समन्वय से सम्मेलन संपन्न हुआ।

## दो दिवसीय महिला अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का हुआ उद्घाटन

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। महिला उद्यमियों के परिसंघ (सीओडब्ल्यूई) के दो दिवसीय महिला अंतर्राष्ट्रीय उद्यमिता शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूआईएसई) और बी2बी एक्सपो 2025 का उद्घाटन राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने गाचीबोवली स्थित इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज में किया। मंत्री कोंडा सुरेखा के अलावा, इस कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की संयुक्त सचिव मर्सी एपाओ, मेरु इंटरनेशनल स्कूल की संस्थापक मेघना राव, अपोलो हॉस्पिटल्स समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी, महिला दक्षता समिति की अध्यक्ष सरोज बजाज और अंतर्राष्ट्रीय वक्ता अनुराग सिंह, निकोलस कैरी शामिल हुए।

प्रतिभागियों में गैरेथ व्यान ओवेन, ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, ओवैस सरमद, पूर्व उप कार्यकारी सचिव, यूएनसीसी, स्पेन, रूबीलिन हर्नांडेज़, आर्टीस एजुकेशन फाउंडेशन इंक, फिलीपींस शामिल थे।

## चेन्नु श्रीनिवास राव राजपत्रित कर्मचारी संघ सिद्दीपेट के लिए चुने गए

सिद्दीपेट, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। डीईई (सिंचाई विभाग) चेन्नू श्रीनिवास राव को शुक्रवार को यहां आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से राजपत्रित कर्मचारी संघ, सिद्दीपेट का अध्यक्ष चुना गया। राव मल्लन्ना सागर में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। जयश्री को सचिव चुना गया, अयोध्या रेड्डी को उपाध्यक्ष चुना गया। सतीश को कार्यालय सचिव चुना गया। बैठक में एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एलुरु श्रीनिवास राव, महासचिव सत्यनारायण और अन्य ने भाग लिया। श्रीनिवास राव ने जिले को विकास पथ पर आगे बढ़ाने के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों के समन्वय से काम करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के प्रयासों को मान्यता देगी।

## केटीआर ने कांग्रेस के द्वारा पार्टी नेताओं पर हमले की निंदा की

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडों द्वारा बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा के लिए कांग्रेस नेतृत्व पर कड़ा प्रहार करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कोल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र में बढ़ रही ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा की है। एक बयान में उन्होंने नारायणयाक थांडा में हुए हमले को एक जघन्य कृत्य और कांग्रेस की बढ़ती अराजकता का स्पष्ट संकेत बताया।

उन्होंने बताया कि नारायणयाक थांडा में हमला, सतापुर में इसी तरह की घटना के ठीक एक दिन बाद हुआ। कांग्रेस नेताओं द्वारा बीआरएस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर की गई हिंसा अनियंत्रित रूप से जारी रही। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता की आलोचना की और उन पर सत्ताधारी पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाया।

## तेलंगाना वैष्णव प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता आज

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। दम्माईगुडा स्थित श्री वैष्णव धाम राम मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य में विशेष मीटिंग की गई। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि तेलंगाना वैष्णव प्रीमियर लीग सीजन-10 क्रिकेट प्रतियोगिता 2 मार्च को प्रात: 6 बजे से सायं 6 बजे तक सिंह क्रिकेट मैदान, नागारम पर खेला जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष विष्णु रामावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन समाज 4 टीमों के मध्य किया जाएगा।

यह टूर्नामिन्ट नॉक आउट के आधार पर होगा। इस लीग में 4 टीमें भाग लेगी। जिसमें वैष्णव सुपरस्टार, वैष्णव स्टार, वैष्णव हीरो, वैष्णव लिटिल स्टार होगी।

जो टीम जीतेगी वो सीधा फाईनल में प्रवेश करेगी। कार्यक्रम स्थल पर समाज बन्धुओ व खिलाड़ियो के लिए नाश्ता व भोजन की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष विष्णु रामावत ने समाज के पदाधिकारियो व कार्यकारिणी मेम्बरों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## भाग्य नगर श्री रामनवमी की बैठक संपन्न



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्य नगर श्री रामनवमी उत्सव समिति की बैठक संपन्न हुआ। महामंत्री गोविंद राठी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि समिति के अध्यक्ष डॉ भगवत राव की अध्यक्षता में हसमत गंज में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में समिति के सदस्य रामराजू करोड़ीमल नरसिंहपुरिया वेंकटम एवं महेंद्र व्यास उपस्थित रहे। श्री राठी ने बताया कि 6 अप्रैल रामनवमी मनाई जाएगी। समिति के सदस्य रामराजू ने कहा कि इस बार मुख्य वक्ता को बुलाने के लिए तीन-चार वक्ता के नाम पर चर्चा हुई समिति ने राम राजू को पूर्ण अधिकार दिया गया है। उन्हें अगली बैठक में निर्णय लेने को कहा गया है। अध्यक्ष डॉ.भगवत राव ने कहा कि शहर से ज्यादा से ज्यादा राम भक्त को जोड़ना चाहिए। महेंद्र व्यास एवं वेंकटम ने इस अवसर पर अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं को आगे आने का आह्वान किया। गोविंद राठी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## गर्मी शुरू होने से पहले पीने के पानी के लिए लोग परेशान

कुमरमभीम आसिफाबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गर्मी शुरू होने से पहले ही कुमरम भीम आसिफाबाद जिला मुख्यालय में लोगों को पेयजल समस्या के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर ब्राह्मणवाड़ा और बेस्टवाड़ा में पिछले 15 दिनों से नगर पालिका की नल या मिशन भागीरथ से पानी न आने के कारण कॉलोनी के लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हैंड बोर काम नहीं कर रहे हैं और हमें पीने के पानी के लिए एक किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है और आसिफाबाद पेद्दावगु से पानी लाना पड़ता है। जिन्हें पानी ढोने के लिए रखा जाता है, आधे समय इसका इस्तेमाल करते हैं। कम से कम अब कलेक्टर को संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और तुरंत पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने चाहिए, यह मांग भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कंड्रे विशाल ने की है।

# मार्केट कमेटी बोइनपल्ली की बैठक में कई मुद्दे उठे



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार द्वारा गठित मार्केटिंग सलाहकार समिति बोइनपल्ली की आधिकारिक बैठक आज मार्केटिंग कार्यालय में अध्यक्ष आनंद बाबू के सन्निध्य में सम्पन्न हुई। सर्व प्रथम अध्यक्ष ने सभी का औपचारिक स्वागत किया।

इस अवसर पर चयन ग्रेड सचिव एवं एएमसी के सचिव वेंकन्ना ने मार्केट यार्ड विकास के रूप-रेखा रखी। इस अवसर पर एएमसी बोइनपल्ली के वरिष्ठ सरकारी सलाहकार सदस्य ए. गौतम जैन ने बोइनपल्ली मार्केट यार्ड के व्यापारी के लिये एवं अन्य लोगों कैंटोनबोर्ड से पीने के पानी की समस्या को तुरन्त स्वीकार करने का प्रस्ताव रखा। जिसे तुरन्त स्वीकार कर लिया गया।

इस अवसर पर गौतम जैन ने अनाज व्यापार के व्यापारियों की दुकानों के पीछे के भाग में सीसी रोड़ का प्रस्ताव रखा। जिसे आगे की कार्यवाई के लिये भेजा गया। बिजली की तार जो मार्केट यार्ड में बहुत ही खराब स्थिति में है इसे तुरंत नवीनीकरण करने व नई बिजली के तारें डलवाने का प्रस्तव रखा।अनाज व्यापारी के राष्ट्रीय बचत प्रमाणमत्र जो कई दिनों से मार्केट परिपक्व हो गये हैं प्रधान कार्यालय से मंगवा कर व्यापारी समाज को दिये जाने की मांग की।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष-अध्यक्ष डीबी देवानंद एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त किये।

## अल्लापुर हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अल्लापुर में 25 फरवरी को हुई भानु प्रकाश (35) की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पूर्व रंजिश के चलते यह हत्या की गई। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जादव राकेश, के राजेश, पी शिव कुमार और राहुल साहनी के रूप में की गई है, जो सभी शिवाजी नगर के निवासी हैं।

पुलिस के अनुसार, भानु प्रकाश और संदिग्धों के बीच 2017 में एक मामूली बात पर झगड़ा हुआ था। तब से, संदिग्ध उसके खिलाफ रंजिश रखते थे। घटना वाले दिन आरोपियों ने पहले से तय योजना के तहत भानु प्रकाश को शराब पार्टी के दौरान आपसी मतभेद दूर करने के लिए बुलाया था। पार्टी के दौरान ही उसे शराब पिलाने के बाद आरोपियों ने उस पर पत्थरों और चाकुओं से हमला कर दिया और मौके पर ही उसकी हत्या कर दी। अल्लापुर पुलिस जांच कर रही है।

## स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज में एस्पायर स्थापना दिवस का आयोजन

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ.डी. नागेश्वर रेड्डी ने शनिवार को कहा कि भविष्य में एआई डॉक्टरों की जगह नहीं लेगा, लेकिन जो डॉक्टर एआई का उपयोग करना जानते हैं, वे निश्चित रूप से उन डॉक्टरों की जगह लेंगे जो नहीं कर सकते। हैदराबाद विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज में एस्पायर स्थापना दिवस समारोह में भाग लेते हुए उन्होंने इस क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए विविध पृष्ठभूमियों (जिसमें जीवन विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन और कंप्यूटर विज्ञान शामिल हैं) के पेशेवरों के लिए विशाल अवसर पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में एस्पायर ने एचडीएफसी बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस पहल के तहत, एस्पायर ने इकोइनोवेट कार्यक्रम शुरू किया है, जो टिकाऊ रसायन विज्ञान, अपशिष्ट मूल्य निर्धारण, परिपत्र अर्थव्यवस्था और स्मार्ट/वैकल्पिक प्रोटीन में काम करने वाले स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए एक समर्पित प्रयास है। इस कार्यक्रम के माध्यम से चयनित स्टार्टअप को मेंटरशिप, बिजनेस मॉडल मार्गदर्शन, बाजार तक पहुंचने की रणनीति का समर्थन और 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मिलेगी।

## खम्मम में एक और किसान ने की आत्महत्या

खम्मम, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के चिन्नामांडवा चिंताकनी मंडल में कर्ज के बोझ तले दबे एक किसान ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस वर्ष मंडल में यह चौथा किसान आत्महत्या का मामला है। टी. अगगीरामुलु (42) अपनी एक एकड़ जमीन के साथ-साथ तीन एकड़ पट्टे पर ली गई जमीन पर खेती कर रहा था। बताया जाता है कि बढ़ते कर्ज और खराब कृषि संभावनाओं ने किसान को अपनी जान लेने पर मजबूर कर दिया। शुक्रवार देर रात उसने अपने घर में फांसी लगा ली। उसके परिवार की शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# 'आय कोई पैमाना नहीं, खेल सभी के लिए'

## पुलेला गोपीचंद के बयान पर सिंधू के पिता रमन्ना की प्रतिक्रिया



हैदराबाद, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू के पिता और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी पीवी रमन्ना ने कम आय वाले परिवारों के बच्चों को खेलों में हाथ आजमाने को लेकर चल रही बहस पर कहा कि कई तरह की चुनौतियों के बावजूद वह खिलाड़ियों और उनके माता-पिता को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने से कभी हतोत्साहित नहीं करेंगे। खुद मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद रमन्ना ने वॉलीबॉल में देश का प्रतिनिधित्व किया और वह 1986 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

सिंधू ने भी विश्व चैंपियनशिप, दो ओलंपिक पदक समेत दुनिया भर में कई टूर्नामेंट जीतकर देश का नाम रोशन किया। रमन्ना ने कहा, 'जब मैं तीन साल का था तब मेरे पिता की मृत्यु हो गई। मैं 10 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। लेकिन मेरे बड़े भाई-बहन मेरा समर्थन करके और मुझे राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खेलते हुए देखकर बहुत खुश थे क्योंकि उस खेल के कारण मुझे रेलवे में नौकरी मिल गई।'

**'खेल में अच्छा होना अवसर खोलता है'**

भारतीय वॉलीबॉल टीम में ब्लॉकर की भूमिका निभाने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'ऐसे में अगर आप निम्न मध्यम वर्ग या मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखते है तो किसी भी खेल में अच्छा होना वास्तव में आपके लिए अवसर खोलता है। यह मत भूलिए कि खेल बच्चे के समग्र विकास के लिए बहुत अच्छा है।' रमन्ना कि यह टिप्पणी राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद के हालिया बयान से शुरू हुई बहस के बीच आई है।

**गोपीचंद ने क्या कहा था?**

गोपीचंद ने कहा था कि मध्यम वर्ग के माता-पिता को बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने से पहले अच्छी तरह सोचना चाहिए क्योंकि जो लोग उच्चतम स्तर पर सफल नहीं होते हैं उनके पास पीछे हटने के बाद कुछ नहीं होता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारत में खेल शायद उन लोगों के लिए अधिक उपयुक्त है जो धनी परिवारों से आते हैं। रमन्ना ने गोपीचंद के दृष्टिकोण से असहमति जताते हुए कहा कि इसमें संतुलन बनाना सफलता की कुंजी है। उनका अपना घर इसका एक आदर्श उदाहरण है।

**प्रतिभा कभी धन की मोहताज नहीं होती'**

61 साल के रमन्ना ने कहा कि उनकी बड़ी बेटी पीवी दिव्या बचपन में नेटबॉल खेलने के बाद डॉक्टर बन गईं। दूसरी ओर, सिंधू ने रैकेट उठाते ही खुद को एक विलक्षण प्रतिभा के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, 'प्रतिभा कभी धन की मोहताज नहीं होती है वह खुद दिख जाती है। आपको एक माता-पिता के रूप में संतुलन तलाशना होगा। जब मुझे एहसास हुआ कि मेरी बड़ी बेटी का रुझान पढ़ाई में है तो मैंने उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सिंधू ने जब 10वीं कक्षा में प्रवेश किया तब वह बैडमिंटन कोर्ट पर अपने समकक्षों से काफी आगे थी। उसे प्रायोजक मिल गए थे क्योंकि हर कोई देख सकता था कि उसके पास तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता थी। हमें बच्चों पर भी भरोसा करना चाहिए। उनमें भी सहज प्रवृत्ति होती है।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि एक खिलाड़ी के तौर पर किसी को दूसरों को खेल से हतोत्साहित करना चाहिए।'

**रमन्ना का करियर भी संघर्ष से भरा रहा**

रमन्ना का जीवन भी खिलाड़ी आसान नहीं रहा है लेकिन भारतीय रेलवे में खेल अधिकारी के पद की बदौलत उन्हें स्थिरता मिली और इससे उनके लिए अपने खेल में सफलता हासिल करना थोड़ा आसान हो गया। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि रेलवे में नौकरी से उन्हें बेहद जरूरी वित्तीय सुरक्षा मिली और साथ ही उस महिला से भी परिचय हुआ जिससे उन्होंने आगे चलकर शादी की। उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी भी राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं। दोनों रेलवे कर्मचारी थे लेकिन सिंधू को आगे बढ़ने में मदद करने के लिए विजयलक्ष्मी ने समय से पहले रिटायरमेंट ले ली थी।

**'खेल के माध्यम से नौकरी पाना एक विचार'**

रमन्ना ने कहा, 'खेल के माध्यम से नौकरी पाना मध्यमवर्गीय माता-पिता के लिए प्रमुख विचारों में से एक है और जहां तक मैं जानता हूं इसमें बहुत सारे अवसर हैं। रेलवे ने ही हजारों एथलीटों को काम पर रखा है। इसके अलावा खेल में अच्छा होने से आपको खेल कोटा के माध्यम से प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश मिलता है। यह प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे नौकरी तथा और अन्य अवसरों की उचित अधिसूचना के माध्यम से युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करें। सभी अकादमियों को ऐसा करना चाहिए।'

# क्या न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली जड़ेंगे शतक?

## धोनी-सचिन के क्लब में होंगे शामिल



दुबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय टीम के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली लंबे समय के बाद फॉर्म में वापसी कर रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ने के बाद अब विराट कोहली से टीम की उम्मीद बढ़ गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में किंग कोहली 'शतक' जड़ने वाले हैं। जिसके साथ ही कोहली अब सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के खास क्लब का हिस्सा बन जाएंगे।

**विराट कोहली 2 मार्च को जड़ेंगे 'तिहरा शतक'**

वनडे फॉर्मेट के सबसे बड़े सुपरस्टार विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाले हैं। किंग कोहली ने अब तक इस फॉर्मेट में 299 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरते ही कोहली के 300 वनडे मैच पूरे हो जाएंगे। कोहली से पहले 6 ही भारतीय खिलाड़ी ने यह कारनामा किया हुआ है।

इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव गांगुली और युवराज सिंह शामिल हैं। सचिन तेंदुलकर ने कुल 463 वनडे मैच खेला है, वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद महेंद्र सिंह धोनी के नाम 347 वनडे मैच दर्ज हैं। छठे नंबर पर मौजूद युवराज सिं ह ने 301 मैच खेला है, इस रिकॉर्ड को भी किंग कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ही तोड़ सकते हैं।

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में कोहली तोड़ सकते हैं संगकारा का रिकॉर्ड**

किंग कोहली 300 वनडे पूरा करने के साथ ही साथ एक और रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब पहुंच गए हैं।

\कोहली अगर इस आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 149 रन बना देते हैं, तो वो वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। मौजूदा समय में विराट कोहली के नाम 14085 रन दर्ज हैं। कुमार संगकारा ने वनडे फॉर्मेट में 14234 रन बनाए हैं। नंबर 1 पर मौजूद सचिन तेंदुलकर के नाम 18426 रन दर्ज हैं। मौजूदा समय में कोहली जिस फॉर्म में नजर आ रहे हैं, वो आसानी से कुमार संगकारा को पीछे छोड़ सकते हैं।

# अजय जडेजा बनेंगे पीसीबी के चेयरमैन!

## ऑफर पर जवाब दिया?

खेल डेस्क,, 1 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान शर्मनाक तरीके से बाहर हो चुका है. पाकिस्तानी टीम को पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रनों से करारी शिकस्त मिली थी. वहीं दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने बुरी तरह हरा दिया. इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया. इस तरह बिना कोई मैच जीते ही टूर्नामेंट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सफर समाप्त हो गया. अब टीम में कई बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है. इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन बनने का ऑफर मिला है. आपको जानकर थोड़ी हैरानी होगी, लेकिन ये सच है. अब आइये जानते हैं, उन्हें ये ऑफर किसने दिया और इस पर उनका क्या रिएक्शन था?



**अजय जडेजा को ऐसे मिला ऑफर**

अजय जडेजा के जवाब से पहले ये जान लेते हैं कि ये ऑफर उन्हें कैसे मिला. दरअसल, जडेजा इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबलों की एनालिसिस के लिए डीपी वर्ल्ड के एक शो में नजर आ रहे हैं. इसी दौरान एक गजब का वाकया हुआ. एक फैन ने पूछा कि क्या कोई विदेशी चेहरा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन बन सकता है? इस पर पा कि स्त ा नी दिग्गज वसीम अकरम ने सबसे पहले जवाब दिया. उनका मानना था कि ये एक ऐसा पद है, जिसकी तरफ सभी का बहुत ध्यान रहता है. हर रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पड़ते हैं. उन्होंने कहा 'मुझे शक है कि चेयरमैन की भूमिका के लिए बोर्ड किसी विदेशी नाम के बारे में सोचेगा.'

इसके तुरंत बाद दिग्गज पाकिस्तानी गेंदबाज वकार यूनुस अजय जडेजा की ओर उंगली उठाकर इशारा करते हैं. वो उन्हें इस रोल का ऑफर देते हैं. यानि इससे ये तो साफ है जडेजा को आधिकारिक तौर पर ये ऑफर नहीं मिला है. ये महज एक चर्चा का विषय था. अब जान लेते हैं कि उन्होंने इस पर क्या कहा?

**जडेजा ने ऑफर पर दिया ये जवाब**

अजय जडेजा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन बनने के ऑफर पर ऐसा जवाब दिया कि सभी हंस पड़े. उन्होंने कहा 'वसीम भाई के बच्चे हैं, मेरे भी हैं.' उन्होंने आगे कहा, 'नौकरी के दो पहलू हैं, प्रशासनिक और खेल. इन्हें अलग किया जा सकता है. फैंस और जनता को इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि बोर्ड ने कितना प्रोफिट कमाया, कितने स्टेडियम बनाए गए. फैंस और आने वाले खिलाड़ी बस यह जानने चाहते हैं कि उनका क्रिकेट कैसे विकास करेगा.'

# ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका

## चोटिल हुआ घातक खिलाड़ी मैथ्यू शॉर्ट, नहीं खेलेगा चैंपियंस ट्रॉफी का सेमीफाइनल!



दुबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश की वजह से मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. लाहौर में हुए इस मुकाबले में मिली बड़ी खुशखबरी के साथ उसे करारा झटका भी लगा है. दरअसल, टीम के तूफानी बल्लेबाज और ओपनर मैथ्यू शॉर्ट चोटिल हो गए हैं. उनका सेमीफाइनल में खेलना नामुमकिन लग रहा है. इस बात की जानकारी खुद कप्तान स्टीव स्मिथ ने दी है. उन्होंने पोस्ट मैच प्रजेंटेशन के दौरान इंजरी का खुलासा करते हुए कहा कि शॉर्ट का रिकवर होना मुश्किल लग रहा है.

28 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में मुकाबला खेला गया. कंगारू टीम को पहली पारी में फील्डिंग करने का मौका मिला था. इस पारी के अंत में मैथ्यू शॉर्ट को चोट लग गई. कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच के बाद बताया कि वो फिलहाल ठीक से दौड़ नहीं पा रहे हैं. स्मिथ ने कहा 'मुझे लगता है कि वो संघर्ष कर रहे हैं. हमने आज रात देखा कि वो ठीक से दौड़ नहीं पा रहे थे. मुझे लगता है कि मैचों के बीच उनका ठीक होना मुश्किल होगा. लेकिन हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो आकर उनकी कमी पूरी कर सकते हैं.'

आईसीसी ने भी अपनी ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए बताया है कि शॉर्ट चोटिल हो गए हैं और उनके पैर में दिक्कत है. बता दें मैथ्यू शॉर्ट पहली पारी में लगी चोट के बावजूद 274 रन के स्कोर को चेज करने के लिए वो मैदान में उतरे थे. घातक बल्लेबाजी के मशहूर शॉर्ट ने ट्रेविस हेड के साथ ओपनिंग की. इस दौरान उन्हें रन लेने में काफी परेशानी हो रही थी. इसलिए वो बाउंड्री लगाने की कोशिश कर रहे थे. उन्होंने हेड का साथ देते हुए 15 गेंद में 20 रन ठोके और पवेलियन लौट गए. उन्होंने पहले विकेट के लिए महज 4.3 ओवर में 44 रनों की साझेदारी की. जेक फ्रेजर मैक्गर्क ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में मौजूद हैं. ऐसे में अगर शॉर्ट नहीं खेलते हैं तो ओपनिंग के लिए मैक्गर्क एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं. हालांकि, इससे कंगारू टीम को स्पिन बॉलिंग का विकल्प नहीं मिलेगा, क्योंकि शॉर्ट की तरह मैक्गर्क गेंदबाजी नहीं करते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, यदि शॉर्ट को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाता है, तो बाएं हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म स्पिनर कूपर कोनोली को उनकी जगह टीम में शामिल किया जा सकता है. उन्हें फिलहाल ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर रखा गया है.

# यानिक सिनर का नाम लॉरियस अवॉर्ड के नामांकन से हटाया गया

## डोपिंग मामले में झेल रहे प्रतिबंध





लंदन, 1 मार्च (एजेंसियां)। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है क्योंकि इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्जपैट्रिक ने कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया।

**चर्चा के बाद लिया गया फैसला**

फिट्जपैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।'

**जोकोविच ने जीत चुके अवॉर्ड**

पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबाल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।

# केएल राहुल ने कहा- शमी और रोहित फिट

## न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए उपलब्ध होंगे; दोनों ने दुबई में प्रैक्टिस की



खेल डेस्क, 1 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फिटनेस पर अपडेट दिया है। राहुल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, रोहित और शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप मैच में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। भारत का अगला मैच रविवार (2 मार्च) को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी मुश्किल में दिखे थे और कुछ समय के लिए मैदान से बाहर गए थे। वहीं, रोहित को भी हैमस्ट्रिंग में समस्या महसूस हुई थी, वे भी कुछ समय के लिए फिल्ड से बाहर गए थे।

राहुल ने कहा, मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता है कि हर कोई ठीक है। मुझे जहां तक पता है किसी के भी मैच मिस करने की चिंता नहीं है।

**रोहित ने शुक्रवार को दुबई में प्रैक्टिस की**

टीम इंडिया ने शुक्रवार रात को ICC अकादमी में प्रैक्टिस की। इसमें रोहित ने नेट्स में जमकर बैटिंग की। इससे पहले रोहित बुधवार को प्रैक्टिस सेशन में मैदान में आए थे लेकिन, प्रैक्टिस नहीं की थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि वे शायद अगला मैच ना खेले, लेकिन राहुल ने अब इसे भी साफ कर दिया था।

**मैं लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा नहीं हूं- राहुल**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम में बदलाव को लेकर राहुल ने कहा, मैं लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा नहीं हूं। मैं इस स्थिति में पहले रहा हूं जब आपके पास खिलाड़ियों को आजमाने का मौका होता है। लेकिन मुझे नहीं पता कि यह चैंपियंस ट्रॉफी में होगा या नहीं। हमें सेमीफाइनल से पहले एक ही दिन का ब्रेक मिला है। अभी छह दिन का ब्रेक है और हम चाहते हैं कि सभी खिलाड़ियों को मौका मिले। यह मेरा विचार है, लेकिन पता नहीं कल शायद कुछ और हो।

**भारत सेमीफाइनल में पहुंच चुका है**

भारत ने अपने पहले लीग मैच में बांग्लादेश को और दूसरे लीग मैच में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में पहले ही अपना स्थान पक्का कर लिया है। पहला सेमीफाइनल 4 और दूसरा 5 मार्च को खेला जाएगा।

# सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर का 98 साल की उम्र में निधन



केप टाउन, 1 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर और साउथ अफ्रीका के दिग्गज रॉन ड्रेपर का निधन हो गया है. 28 फरवरी को उन्होंने 98 साल और 63 दिन की उम्र में अंतिम सांस ली है. उनके मौत की जानकारी परिवार ने दी. ड्रेपर एक टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज थे. साथ ही विकेटकीपिंग भी करते थे. उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में महज 2 टेस्ट मैच खेले थे. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले इन 2 मुकाबलों में वो सिर्फ 25 रन बना सके थे. बता दें ड्रेपर अब तक सबसे उम्रदराज जीवित टेस्ट क्रिकेटर थे. इससे पहले दोनों सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर भी साउथ अफ्रीका के ही थे. नॉर्मन गॉर्डन, जिनकी मौत 2016 में 103 वर्ष और जॉन वॉटकिंस का 2021 में 98 वर्ष की उम्र में हुई थी. लेकिन अब ये रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नील हार्वे के नाम हो गया है. फिलहाल हार्वे की उम्र 96 साल और 144 दिन है.

रॉन ड्रेपर ने भले ही सिर्फ 2 टेस्ट मैच खेले थे लेकिन साउथ अफ्रीका क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं. 24 दिसंबर 1926 को जन्मे ड्रेपर ने अपने 19 साल की उम्र में ही फर्स्ट क्लास डेब्यू कर लिया था. उन्होंने अपना ऑरेंज फ्री स्टेट के खिलाफ ईस्टर्न प्रोविंस के लिए अपना पहला फर्स्ट क्लास मैच खेला था. वहीं 1950 के दशक में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था.

# आईसीसी का अजीबोगरीब फरमान! ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों को अचानक दुबई भेजने का फैसला

दुबई, 1 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह टूर्नामेंट अब धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंच रहा है। रविवार को ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा और उसके बाद चार मार्च से सेमीफाइनल राउंड की शुरुआत हो जाएगी। सेमीफाइनल के मुकाबलों के लिए आईसीसी ने ग्रुप-बी की टीमों के लिए अजीबोगरीब फरमान सुनाया है। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया है, जबकि ग्रुप-बी से ऑस्ट्रेलियाई टीम क्वालिफाई कर चुकी है, जबकि काफी हद तक दक्षिण अफ्रीका के क्वालिफाई करने की संभावना है।

भारत अपना सेमीफाइनल मुकाबला दुबई में खेलेगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल लाहौर में खेला जाएगा। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं हो सका है कि कौन सी टीम सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगी। ऐसे में आईसीसी ने ग्रुप-बी से ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों को दुबई भेजने का फैसला लिया है, ताकी भारत के खिलाफ मुकाबले के लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा तैयारी करने का मौका मिल सके।

**सेमीफाइनल की तैयारी के लिए आईसीसी का फैसला**

दरअसल, शनिवार को इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के बाद ग्रुप-बी की अंक तालिका फाइनल हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का स्थान तय हो जाएगा। हालांकि, इनका मैच किससे होगा, यह तय रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से पता चलेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से टेबल टॉपर का फैसला होगा। ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम का मुकाबला ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा, जबकि ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का मुकाबले ग्रुप-बी में पहले स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।

ऐसे में आईसीसी ग्रुप-बी की टीमों की तैयारी को लेकर कोई कोताही नहीं बरतना चाहता। इसलिए दोनों ही टीमों को दुबई भेजा जाएगा और भारत-न्यूजीलैंड मैच के बाद एक टीम दुबई में भारत से सामना करने के लिए रुकेगी और दूसरी टीम न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए लाहौर पहुंच जाएगी। अगर भारत सेमीफाइनल जीतता है तो फाइनल दुबई में ही खेला जाएगा। ऐसा नहीं होने पर फाइनल लाहौर में खेला जाएगा।

भारत अपना सेमीफाइनल मुकाबला चार मार्च को दुबई में खेलेगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल पांच मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले के बाद ऑस्ट्रेलिया पहले ही दुबई के लिए रवाना हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद कराची से रवाना होगी। किसी तरह का चमत्कार होता है और अगर दक्षिण अफ्रीका की जगह अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो उसके खिलाड़ी भी जल्द से जल्द दुबई के लिए रवाना होंगे।

# तेलंगाना परिवर्तनकारी आर्थिक नीतियों को लागू कर रहा है : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना सरकार खुद को एक प्रमुख वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए परिवर्तनकारी आर्थिक नीतियों को लागू कर रही है। फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने प्रमुख उद्योग हितधारकों के साथ मिलकर शनिवार को हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में "भविष्य के लिए तैयार उद्योग परिवर्तन: विकास, दक्षता और सुरक्षा के लिए नवाचार (ग्रोथएक्स 2025)" विषय पर एक हाई-प्रोफाइल शिखर सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्रीधर बाबू ने किया, जिन्होंने आर्थिक विस्तार, तकनीकी नेतृत्व और औद्योगिक विकास के लिए राज्य के रणनीतिक दृष्टिकोण को स्पष्ट किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि तेलंगाना एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की अपनी महत्वाकांक्षा में दृढ़ है, जो मजबूत नीतिगत ढांचे, प्रगतिशील औद्योगिक रणनीतियों और निवेश-संचालित विकास के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित है। राज्य सरकार वैश्विक निवेशकों और उद्योग के नेताओं को तेलंगाना के गतिशील आर्थिक परिदृश्य का लाभ उठाने और इस महत्वाकांक्षी प्रक्षेपवक्र में योगदान देने के लिए खुला निमंत्रण दे रही है, मंत्री ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि तेलंगाना आईटी और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में अग्रणी बनकर उभरा है, जिसने कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय बेंचमार्क को पार कर लिया है। श्रीधर बाबू ने कहा, "राज्य ने सॉफ्टवेयर निर्यात में तेजी से वृद्धि का प्रदर्शन किया है, जिसने 17.98 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर दर्ज की है - जो राष्ट्रीय औसत 8 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है। यह तेलंगाना की असाधारण प्रतिस्पर्धात्मकता और प्रौद्योगिकी और ज्ञान-संचालित उद्योगों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरने को रेखांकित करता है।" वैश्विक आर्थिक परिदृश्य एक अभूतपूर्व परिवर्तन से गुजर रहा है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग जैसी विघटनकारी प्रौद्योगिकियों द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। ये नवाचार उद्योग-व्यापी पुनर्निर्माण को उत्प्रेरित कर रहे हैं, जो अद्वितीय अवसर और गहन चुनौतियां दोनों प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना एक प्रगतिशील, नवाचार-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो यह सुनिश्चित करता है कि उद्योग लचीले और भविष्य के लिए तैयार रहें।

# भाजपा को जाति जनगणना पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : पोन्नम प्रभाकर




हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा है कि भाजपा के पास जाति जनगणना पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि उसने पिछड़ा वर्ग जनगणना का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। मंत्री ने जाति जनगणना के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव और पूर्व मंत्री हरीश राव सहित बीआरएस नेताओं की भी आलोचना की और इस बात पर जोर दिया कि वे एक बार फिर सर्वेक्षण के लिए जानकारी देने में विफल रहे। उन्होंने निराशा व्यक्त की कि जिन लोगों ने सर्वेक्षण में शामिल नहीं होने का फैसला किया, वे एक बार फिर अपने लिए उपलब्ध अवसर से चूक गए। शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में तेलंगाना राज्य को कई गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण सरकारी खजाना खाली हो गया है। पोन्नम ने कहा, "इन कठिनाइयों के बावजूद, राज्य सरकार कल्याणकारी पहलों को सक्रिय रूप से लागू कर रही है और तेलंगाना में महिलाओं की उन्नति के लिए समर्पित है।"

# देश की 40 प्रतिशत नई तकनीकी नौकरियां तेलंगाना द्वारा दी गई : जयेश रंजन



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना का आईटी परिदृश्य मज़बूती से बढ़ रहा है। हमने तीन दशक पहले अपनी यात्रा शुरू की थी और हर गुजरते साल के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। तेलंगाना में आईटी उद्योग को शुरू में एक आईटी सेवा उद्योग के रूप में देखा जाता था। यह बदल गया है, जबकि यह पिछले 10 से 15 वर्षों में भी आईटी सेवाएं प्रदान कर रहा था। पिछले कुछ वर्षों में समग्र सॉफ़्टवेयर निर्यात में आईटी सेवाओं का योगदान कम होता जा रहा है। अब आईटी सेवाओं का योगदान सिर्फ़ 30 प्रतिशत है जबकि गैर-आईटी सेवाओं का राजस्व 70 प्रतिशत है, तेलंगाना सरकार के आईटी, ई और सी विभाग के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन ने कहा कि शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई के लिए डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देना था। जयेश रंजन ने कहा कि पिछले सात या आठ वर्षों में विकास का सबसे बड़ा चालक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) रहा है, जो अपतटीय कार्यालय हैं जिन्हें बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) ने विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक कार्यों को संभालने के लिए स्थापित किया है। उनमें से 70 से अधिक ने अन्य शहरों की तुलना में हैदराबाद को चुना। हैदराबाद की प्रतिष्ठा देश के सबसे अधिक हो रहे आईटी हब के रूप में बदल गई है। उन्होंने कहा कि जीसीसी अपने साथ अत्याधुनिक तकनीक लेकर आए हैं। हैदराबाद में अमेजन एलेक्सा का बहुत सारा काम होता है। शहर में गूगल मैप्स का काम भी हो रहा है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्लाउड डेवलपमेंट भी हो रहा है और हैदराबाद एक आईटी सेवा गंतव्य से आईटी उत्पाद विकास शहर में बदल गया है। स्कूलों में एआई को इस तरह से पढ़ाया जाना चाहिए कि 21 दिनों में 21 एआई टूल सीखे जा सकें। शिक्षण इतना सरल होना चाहिए। रंजन ने सुझाव दिया। रंजन ने कहा कि एआई के कारण कोई नौकरी नहीं जा रही है। कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं। इसके बारे में ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। थोड़े से कौशल विकास से इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन

# पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए एमएलसी कांग्रेस से निलंबित



हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस में एक सनसनीखेज घटनाक्रम हुआ है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) ने शनिवार को एमएलसी चिंतापंडु नवीन (जिन्हें तीनमार मल्लन्ना के नाम से भी जाना जाता है) को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष चिन्ना रेड्डी ने औपचारिक रूप से तीनमार मल्लन्ना के निलंबन के आदेश जारी किए हैं।

कांग्रेस आलाकमान का यह अप्रत्याशित फैसला एमएलसी तीनमार मल्लन्ना के लिए आश्चर्य की बात है, जिन्होंने समुदाय और जाति जनगणना के बारे में विवादास्पद टिप्पणी के लिए पार्टी और सरकार दोनों की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है। इससे पहले, 5 फरवरी को पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस में उन्हें 12 फरवरी तक अपनी टिप्पणियों के बारे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। लेकिन, पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति (डीएसी) को तीनमार मल्लन्ना की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह, एमएलसी हमेशा की तरह सोशल मीडिया पर कांग्रेस पार्टी और सरकार के खिलाफ बार-बार आरोप लगा रहे हैं। निलंबन आदेश में, पार्टी अनुशासन समिति के अध्यक्ष चिन्ना रेड्डी ने कहा कि तीनमार मल्लन्ना की पार्टी विरोधी गतिविधियों को देखते हुए उन्हें पार्टी से तत्काल निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। तेलंगाना कांग्रेस की नई प्रभारी नियुक्त की गई मीनाक्षी नटराजन के हैदराबाद पहुंचने के अगले दिन, एमएलसी तीनमार मल्लन्ना का निष्कासन कांग्रेस पार्टी के भीतर एक गर्म विषय बन गया।

# आज छात्रों और शिक्षकों से बातचीत करेंगे उपराष्ट्रपति



संगारेड्डी, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 2 मार्च को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-हैदराबाद (आईआईटी-एच) के छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। संगारेड्डी के जिला कलेक्टर वल्लुरू क्रांति ने आईआईटी-एच के अधिकारियों, पुलिस और कर्मचारियों के साथ उनके दौरे के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। क्रांति ने पुलिस को एहतियात के तौर पर आईआईटी-एच परिसर को नो-फ़्लाई जोन घोषित करने का निर्देश दिया।

# भक्त रामदासु जयंती समारोह आज एलबी इंडोर स्टेडियम में

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी के चेयर पर्सन डॉ अलेख्या पुंजला ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के निर्देश पर तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी इसे आध्यात्मिक तेलंगाना बनाने के उद्देश्य से एलबी इंडोर स्टेडियम में 392वां भक्त रामदासु जयंती समारोह मना रही है।

अलेख्या ने कहा, भक्त रामदासु जयंती समारोह 2 मार्च को सुबह 9.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक लाल बहादुर इंदौर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

डॉ. आलेख्य पुंजला ने समारोह विवरणिका का विमोचन किया। उन्होंने घोषणा की कि भक्त रामदास जयंती समारोह हर साल तमिलनाडु तिरुवय्यूर में त्यागराज पूजा उत्सव की तरह तेलंगाना में भी आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क करेंगे। सांस्कृतिक पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्णराव, बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर, पंचायती राज मंत्री धनसारी सीताक्का और संस्कृति सचिव स्मिथा सभरवाल भी उपस्थित रहेंगे। पद्मश्री डॉ. येला वेंकटेश्वर राव, पद्मश्री डॉ. शोभाराजू, कलारत्न पुरस्कार प्राप्तकर्ता डॉ. राघवाचारी, डॉ. हरिप्रिया, डॉ. प्रेमा राममूर्ति, कोवेला संथा और डीवी मोहन कृष्णा भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी का उद्देश्य कलाकारों को कांचरला गोपन्ना में भाग लेने का मौका देना है, जिसे भक्त रामदासु जयंती समारोह के रूप में जाना जाता है।

# एसआरटीसी के बस चालकों ने किया प्रदर्शन

करीमनगर, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी के बस चालकों ने शनिवार को करीमनगर बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि श्वास परीक्षण के नाम पर निगम के अधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं। हालांकि वे शराब नहीं पी रहे थे, लेकिन ब्रेथलाइजर टेस्ट में अल्कोहल का प्रतिशत अधिक पाया गया। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में ब्रेथलाइजर टेस्ट कराने पर अल्कोहल का प्रतिशत शून्य पाया गया।

उनके एक साथी सुरेश को भी 6 महीने पहले ड्यूटी से हटा दिया गया था। ड्राइवरों ने बताया कि आरटीसी अधिकारी जानबूझकर किराए के बस ड्राइवरों को परेशान कर रहे हैं। ड्राइवरों ने बताया कि वे निगम के एमडी वीसी सज्जनार से मिलेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार को सुरेश ने करीमनगर डिपो-1 के सामने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने पानी डालकर उसकी कोशिश को नाकाम कर दिया।

सुरेश को सितंबर 2024 में ड्यूटी से हटा दिया गया था क्योंकि ब्रीथलाइजर टेस्ट में अल्कोहल की मात्रा अधिक पाई गई थी। लेकिन, बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उन्हें ड्यूटी पर नहीं लिया गया। अधिकारियों के रवैये से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया।

# स्कूल फीस में अत्यधिक वृद्धि के खिलाफ अभिभावकों ने किया प्रदर्शन




हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जी स्कूल, हयातनगर के अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर मनमाने ढंग से फीस 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण शनिवार को विजयवाड़ा राजमार्ग पर यातायात जाम हो गया। अभिभावकों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए, जिन पर लिखा था 'अनैतिक फीस वृद्धि', 'पैसे नहीं भविष्य संवारें' और फीस वृद्धि के खिलाफ न्याय की मांग की। उन्होंने दुख जताया कि अभिभावकों से सलाह किए बिना प्रबंधन ने एकतरफा फीस बढ़ा दी।

एक अभिभावक ने कहा कि शुरू में प्रबंधन ने फीस वृद्धि पर फिर से विचार करने पर सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि अब प्रबंधन इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है और अभिभावकों से प्रिंसिपल से बात करने को कहा है।

हमने पहले ही डीईओ और उच्च अधिकारियों से शिकायत कर दी है। हम चाहते हैं कि सरकार तुरंत कदम उठाए और इस मुद्दे को सुलझाए। एक अन्य अभिभावक ने कहा कि स्कूल प्रबंधन छात्रों पर दबाव डाल रहा है और कह रहा है कि बढ़ी हुई फीस जारी रहेगी तथा प्रबंधन चाहता है कि अभिभावक नई फीस संरचना पर सहमत हो जाएं।

उन्होंने कहा कि फीस 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है और हमारी कई बार की गई अपील के बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हमने इस मुद्दे को डीईओ और कलेक्टर के समक्ष भी उठाया है। अभिभावकों ने पिछले 10 सालों में प्रबंधन द्वारा की गई फीस बढ़ोतरी की जांच के लिए एक समिति गठित करने की मांग की। उन्होंने प्रबंधन द्वारा फीस बढ़ोतरी वापस लिए जाने तक विरोध जारी रखने की कसम खाई।

# नरसिंगी में दुर्घटना, एक व्यक्ति की मौत

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को नरसिंगी के वट्टिनागुलापल्ली में एक अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। आंध्र प्रदेश का रहने वाला गणेश नाम का यह व्यक्ति अपने रिश्तेदार के साथ दोपहिया वाहन पर जा रहा था, तभी एक वाहन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। वह व्यक्ति सड़क पर गिर गया और उसे चोटें आईं।

उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल दूसरे व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने गणेश के शव को शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस को संदेह है कि दुर्घटना में टिपर लॉरी का हाथ हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# काचीगुडा-मदार के बीच होली स्पेशल ट्रेन सेवाएं

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। होली त्यौहार के मौसम में अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे काचीगुडा-मदार-काचीगुडा के बीच विशेष ट्रेनें चलाएगा। तदनुसार, ट्रेन संख्या 07701 (काचीगुडा-मदार) 11 और 16 मार्च को 11.30 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन दोपहर 12.50 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 07702 (मदार-काचेगुडा) 13 और 18 मार्च को शाम 4.05 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन सुबह 4 बजे पहुंचेगी। रास्ते में ये ट्रेनें मल्काजगिरी, मेडचल, कामारेड्डी, निज़ामाबाद, बसर, धर्माबाद, मुदखेड़, नांदेड़, पूर्णा, बासमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला, शेगांव, मलकापुर, बरहानपुर, खंडवा, रानी कमलापति, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, जावरा, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद और अजमेर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में रुकेंगी।

# 139 सफाई जवानों का स्थानांतरण

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त ने जीएचएमसी सीमा के भीतर 139 सफाई जवानों को स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि 30 सर्किलों से संबंधित 139 लोगों का तबादला किया गया है। जीएचएमसी क्षेत्र में कार्यरत कुल 269 सफाई जवानों में से 139 सफाई जवानों को, जो 5 वर्षों से अधिक समय से एक ही सर्किल में काम कर रहे हैं, उनके अनुरोध पर उनकी पसंद के निकटतम सर्किल में स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# शानबाग होटल में आग

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पंजागुट्टा स्थित शानबाग सम्राट होटल और लॉज में शनिवार को आग लग गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

आग दोपहर करीब 3 बजे होटल की एक मंजिल पर लगी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। स्थानीय पुलिस ने अग्निशमन अभियान को आसान बनाने के लिए सड़क मार्ग को बंद कर दिया है।







# गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने की आशंका से विभाग सतर्क

## 17,500 मेगावाट को पार करने की उम्मीद

### 16,601 मेगावाट की उच्चतम अधिकतम मांग दर्ज

हैदराबाद, 1 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। इस मौसम में बिजली की मांग में लगातार वृद्धि के साथ, ऊर्जा विभाग ने अपने इंजीनियरों को अधिक सतर्क रहने का निर्देश दिया है क्योंकि गर्मियों में अधिकतम मांग 17,500 मेगावाट को पार करने की उम्मीद है। 26 फरवरी को 16,601 मेगावाट की उच्चतम अधिकतम मांग दर्ज की गई थी। ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया ने शुक्रवार को चालू रबी और गर्मी के मौसम के दौरान बढ़ते लोड को पूरा करने के लिए टीजीएनपीडीसीएल की ग्रीष्मकालीन कार्य योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए विद्युत क्षेत्र के सभी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

टीजीएनपीडीसीएल के सीएमडी के वरुण रेड्डी ने कहा कि ओवरलोड को कम करने के तहत वैकल्पिक बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए नए सबस्टेशन (33), 33 केवी फीडर (83), 11 केवी फीडर (341) और 33 केवी इंटरलिंकिंग लाइन (98) का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि 105 ओवरलोडेड बिजली ट्रांसफार्मरों में से 99 बिजली ट्रांसफार्मरों का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि कुल 4,850 ओवरलोडेड वितरण ट्रांसफार्मरों में से 4,530 ट्रांसफार्मरों का काम पूरा हो चुका है और शेष काम 10 मार्च तक पूरा हो जाएगा। टीजीट्रांसको के सीएमडी डी. कृष्ण भास्कर ने बताया कि 16 पावर ट्रांसफॉर्मर के संवर्द्धन का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि एनपीडीसीएल क्षेत्र में छह कामों का शेष काम 10 मार्च से पहले पूरा हो जाएगा।

कृषक समुदाय की खड़ी फसलों को बचाने के लिए, प्रधान सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समस्या उत्पन्न करने वाले वितरण ट्रांसफार्मरों को ठीक करने या बदलने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (ईआरटी) वाहन तैनात करें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, सभी उपभोक्ताओं के बीच अपनी शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए 1912 प्रणाली का उपयोग करने के लिए व्यापक जागरूकता पैदा की जानी चाहिए।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.